सुप्रभात
रांची, रविवार
13.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net | मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 120

12 टी-20 वर्ल्ड कप : पाक-इंग्लैंड में खिताबी भिड़ंत आज

न्यूज डायरी

चक्रधरपुर में कमल देव गिरी की हत्या, तनाव

चक्रधरपुर। गिरिराज सेना के प्रमुख कमल देव गिरी की शनिवार शाम अपराधियों ने बम मार कर हत्या कर दी। इस घटना के बाद धड़ाधड़ दुकानें बंद हो गयीं। सैकड़ों लोग वहां जुट गये। हत्या से इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। बड़ी संख्या में पुलिस के साथ सीआरपीएफ को भी बुला लिया गया है। जानकारी के अनुसार शाम करीब पौने सात बजे श्री गिरी भारत भवन के पास से गुजर रहे थे, उसी समय उन पर बम से हमला कर दिया। तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह इसी माह भाजपा में जाने वाले थे।

शाहरुख को एयरपोर्ट पर रोका, 6 लाख चुकाना पड़ा

मुंबई । सुपरस्टार शाहरुख खान को मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम्स ने रोक लिया। एयर इंटेलिजेंस यूनिट के सूत्रों ने बताया कि शाहरुख शुक्रवार रात को शारजाह से लौटे थे। उनके पास महंगी घड़ियां और उनके कवर थे, जिनकी कीमत 18 लाख रुपये थी। इन घड़ियों के लिए शाहरुख को 6.83 लाख की कस्टम ड्यूटी चुकानी पड़ी। एयरपोर्ट पर घंटे भर चली कार्रवाई के बाद शाहरुख और उनकी मैनेजर पूजा ददलानी को जाने दिया गया।

एक सप्ताह में दूसरी बार भूकंप का झटका

नयी दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर और उत्तराखंड में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप आने के बाद लोग घर और दफ्तरों से बाहर की तरफ भागने लगे। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद में भूकंप के झटके आये। एक सप्ताह में दूसरी बार भूकंप आया है। वहीं उत्तराखंड में शनिवार को दो बार धरती हिली। देखते ही देखते हर ओर अफरातफरी मच गयी। एक मिनट से भी कम समय के लिए आए इस प्राकृतिक आपदा से किसी जानमाल का नुकसान नहीं होने की सूचना है। लोगों का कहना है कि अगर इस तरह के झटके कुछ सेकेंड और अधिक बने रहते तो तबाही मच सकती थी।

एससीसीएल के निजीकरण का प्रस्ताव नहीं : पीएम मोदी

रामागुंडम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि तेलंगाना में सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के निजीकरण का केंद्र के समक्ष कोई प्रस्ताव नहीं है। वह यहां एक समारोह में बोल रहे थे।

शिवा थापा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत

अम्मान। भारतीय मुक्केबाज शिवा थापा ने एएसबीसी एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 में रविवार को रजत हासिल किया।

राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी जेल से रिहा

चेन्नई । पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या के छह दोषियों में से एक नलिनी श्रीहरन शनिवार को वेल्लोर जेल से रिहा हुई। जेल से रिहाई के बाद नलिनी श्रीहरन ने कहा, मैं तमिलनाडु के लोगों का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने 32 साल तक मेरा साथ दिया। मैं राज्य और केंद्र सरकार दोनों को धन्यवाद देती हूं। नलिनी के भाई ने कहा हमारा परिवार आज बहुत खुश हैं।

एक हाथ बढ़ाएं, सरकार दोनों हाथ थाम आपको आगे बढ़ायेगी

1932 और सरना धर्म कोड सशक्त पहचान देगा : हेमंत

- निजी क्षेत्र के उपक्रमों में 75% आरक्षण मूलवासी-आदिवासी को प्राप्त हो इसके लिए लगेगा अलग से शिविर
- राज्य में सामाजिक अगुवा को भी आवास देने का काम करेगी सरकार
- सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम में सीएम ने की कई घोषणाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/सरायकेला। सरकार ने राज्य के इतिहास में नया अध्याय जोड़ा है। झारखंड के मूलवासियों-आदिवासियों को सशक्त पहचान देने के लिए 1932 का खतियान और सरना धर्म कोड को लागू किया गया है। सरकार ने दोनों विधेयक को विधानसभा से पारित करवा 9वीं अनुसूची में शामिल करने हेतु केंद्र सरकार को भेजा है, ताकि यहां के ओबीसी को आरक्षण, मूलवासियों-आदिवासियों को 1932 की पहचान और सरना धर्म कोड मिले। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सरायकेला में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कही। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के मानकी, मुंडा समेत सामाजिक अगुवा को सरकार आवास देने का कार्य भी जल्द करेगी।

लोगों की समस्याओं का हो रहा समाधान : सीएम ने कहा गांव- गांव, पंचायत-पंचायत में शिविर लगाकर सरकार लोगों को उनका अधिकार दे रही है। आपकी सरकार शुरू किये गये कार्यों को मंजिल तक पहुंचाने की मंशा रखती है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार को लेकर लोगों के बीच उल्लास का माहौल है। राज्य के मूलवासी आदिवासी की परंपरा और संस्कृति को ध्यान में रखकर योजनाएं बनायी है। अगर आप सभी इन योजनाओं का लाभ लेते हैं तो झारखंड आगे बढ़ेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सरकार मजबूत करना चाहती है। अबतक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 46 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। 20 वर्ष में आखिर क्या कार्य हुए, जो इतने आवेदन आ रहें हैं। सरकार खुश है, कि लोगों की समस्याओं का अब समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्यवासी एक हाथ बढ़ाएं, आपके दोनों हाथ को सरकार थाम आपको आगे बढ़ाएगी।

बिचौलियों की जरूरत नहीं, अपना मार्ग प्रशस्त करें : मुख्यमंत्री ने कहा पेंशन योजना से बिचौलियों को सरकार ने पेंशन के रास्ते से हटा दिया। अब सभी को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके लिए किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)

देश-विदेश में देंगे शिक्षा

सीएम ने कहा राज्य के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सरकार मदद करेगी। सरकार उन्हें योजनाओं से जोड़कर विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए सहयोग करेगी। साथ ही, अगर कोई प्रतिभाशाली स्टुडेंट विदेश में पढ़ाई करना चाहता है तो उसे भी सरकार मदद करेगी। निजी क्षेत्र के उपक्रमों में 75 प्रतिशत आरक्षण मूलवासी आदिवासी प्राप्त हो इसके लिए अलग से शिविर आयोजित किया जायेगा, ताकि उनको उनका अधिकार मिल सके। इस अवसर पर मंत्री मंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक ईचागढ़ सबिता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिला परिषद अध्यक्ष सोना राम बोदरा, बीस सूत्री उपाध्यक्ष डा. शिवेंदु महतो, कोल्हान आयुक्त, डीआईजी कोल्हान एवं सरायकेला-खरसावां जिला के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

तुपुदाना रिंग रोड पर ट्रक-बस में सीधी टक्कर

तीन यात्रियों की मौत, अनेक घायल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची के तुपुदाना रिंग रोड में शनिवार को बस और ट्रक की सीधी टक्कर हो गयी। इस हादसे में तीन व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि बस में सवार 35 से ज्यादा लोग घायल हो हैं। घायलों में सात यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। गंभीर रूप घायल लोगों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स लाया गया है। सभी घायल और मृतक बुंडू और खूंटी के रहनेवाले हैं। गंभीर रूप से घायल सीमा उरांव, प्रीति उरांव, जॉन टोपणो, पॉलुस पूर्ति, मरियम टोपणो, बिरसी और सीता देवी को रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी। स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। इधर मौके पर पहुंची पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुट गई। क्रेन की मदद से रिंग रोड पर पलटी बस को उठाया गया। जानकारी के अनुसार भोला नामक यात्री बस रांची से खूंटी के तपकरा जा रही थी। तुपुदाना में रिंग रोड के पास बस और ट्रक आमने-सामने टकरा गयी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि बीच सड़क पर ही बस पलट गयी। बस में फंस यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। इधर तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। मामूली रूप से घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है जबकि, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को रिम्स के ट्रामा सेंटर में ईलाज के लिए भेजा गया है।

मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं : अर्जुन मुंडा

ममता बनर्जी अपने मंत्री को बर्खास्त करें और माफी मांगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल के राज्य मंत्री अखिल गिरि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी को ले कर उन्हें बरखास्त करने की मांग की है। श्री मुंडा ने कहा कि टीएमसी नेता की उक्त टिप्पणी महिलाओं एवं आदिवासी समाज का अपमान है। ऐसे में सीएम ममता बनर्जी अपने मंत्री अविलंब बर्खास्त करें। श्री मुंडा ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि श्रीमती मूर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी की जितनी निंदा की जाये, कम है। इससे देश के 10 करोड़ से अधिक आदिवासी समाज के लोग बहुत आहत हुए हैं। इससे

लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है। राष्ट्रपति विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व करता है। गिरि ने श्रीमती मुर्मू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करके देश का अपमान किया है। उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। मुंडा ने कहा कि सन्थाल आदिवासी समाज की महिला श्रीमती मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने पर पूरा विश्व भारत की सराहना कर रहा है। भारत के लोकतांत्रिक, स्पर्शी और समावेशी देश होने पर सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देना तृणमूल कांग्रेस की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। इससे स्पष्ट होता है कि अशांति फैलाने के लिए ऐसी टिप्पणी जानबूझकर की गयी है। गौरतलब है कि श्री गिरि ने पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में एक कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी की उनके विरुद्ध की गयी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था, हम किसी का आकलन उसकी शक्ल-सूरत से नहीं करते। (शेष पेज 11 पर)

झारखंड को सौगात देने कल आयेंगी राष्ट्रपति

स्थापना दिवस पर करेंगी कई योजनाओं की शुरुआत

एनएसजी ने संभाली कमान, एंटी ड्रोन प्रणाली भी तैनात

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। 15 नवंबर झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर 14 नवंबर को रांची आ रही हैं। समारोह के दौरान वह राज्य सरकार की कई जनहित की योजनाओं का शुभारंभ भी करेंगी। अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में राष्ट्रपति भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी के उलीहातु भी जायेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए झारखंड पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। झारखंड में पहली बार खूंटी और रांची में एनएसजी के साथ-

साथ एंटी ड्रोन को भी तैनात किया जायेगा। एनएसजी ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है। रांची से खूंटी तक 4000 जवान सुरक्षा में तैनात किया जा रहा है।

एनएसजी के एंटी ड्रोन की तैनाती : अब तक की जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 14 को करीब तीन बजे यहां पहुंचेगी। राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। अगलेदिन स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगी। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली तक राष्ट्रपति जाएंगी। बाद में उसी दिन नयी दिल्ली लौट जायेंगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को देखते हुए एनएसजी की एंटी ड्रोन सिस्टम को खूंटी के उलीहातु में इंस्टॉल किया गया है। एनएसजी की एंटी ड्रोन प्रणाली नक्सल प्रभावित राज्यों के अलावा जम्मू-कश्मीर में बेहद प्रभावी रही है। दरअसल, खूंटी के उलीहातु में जहां भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था वह इलाका चारों तरफ घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है।

(शेष पेज 11 पर)

सभी जिलों में समारोह होगा, मंत्रियों को प्रभार

रांची। राज्य स्थापना दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में होगा। इसमें सीएम हेमंत सोरेन व मंत्री आलमगीर आलम शामिल होंगे। साथ ही सभी जिलों में भी समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए मंत्रियों को इसकी जिम्मेवारी दी गयी है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को लोहरदगा, मंत्री चंपाई सोरेन को सरायकेला-खरसावां जिले का प्रभारी बनाया गया है। मंत्री जोबा मांझी को पश्चिमी सिंहभूम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को रामगढ़, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को पूर्वी सिंहभूम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर को गढ़वा का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा मंत्री को देवघर, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को बोकारो जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में संबंधित जिलों के प्रभारी मंत्री ही स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

प्रतिबंध के बावजूद अवैध लॉटरी बनता जा रहा व्यापार

मास्टरमाइंड मालामाल, गरीब हो रहे कंगाल, पुलिस के सामने चौक-चौराहों पर खुलेआम बिक रही हैं टिकटें

मामलामाल होने के लोभ में लॉटरी के जरिये कुछ लोग रातों-रात करोड़पति तो कुछ खाकपति बन रहे हैं। जुए की तरह के इस खेल से कई परिवार पूरी तरह से बर्बाद भी हो जाते हैं। भारत में लॉटरी को लेकर कोई स्पष्ट कानून या अधिनियम नहीं है, इसे राज्यों पर छोड़ दिया गया है। यही वजह है कि कई राज्य में लॉटरी का धंधा काफी फल-फूल रहा है। झारखंड समेत तो कई राज्यों ने इसपर प्रतिबंध लगा रखा है। झारखंड में लॉटरी पर प्रतिबंध तो है, लेकिन कानून के इसी लचीलापन का फायदा उठाकर पुलिस-प्रशासन के गंठजोड़ से यह धंधा काफी फल-फूल रहा है। इसके संचालनकर्ता मालामाल हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ राज्य की भोली-भाली जनता अपनी गाढ़ी कमाई की और जमा पूंजी को दांव पर लगाकर बर्बाद हो रहे हैं। प्रस्तुत है इस पूरे प्रकरण पर हमारे हजारीबाग ब्यूरो प्रमुख **अभय सिंह** की रिपोर्ट

हजारीबाग। कहने के लिए तो झारखंड में लॉटरी प्रतिबंधित है, लेकिन हजारीबाग जिले में हर दिन धड़ल्ले से अवैध लॉटरी के जरिए करोड़ों का खेल चल रहा है। इस खेल में गरीब कंगाल होते जा रहे हैं। वहीं इस खेल का मास्टरमाइंड मालामाल हैं। शहर के खई चौक-चौराहों पर लॉटरी की टिकटें धड़ल्ले से बिक रही है, परंतु जिला-प्रशासन इससे अनजान है। अथवा कह लें कि इसकी अनदेखी कर रही है। एक तरफ पुलिस कहती है कि न करेंगे न करने देंगे भ्रष्टाचार, लेकिन दूसरी तरफ लॉटरी के इन धंधेबाजों की अनदेखई अथवा नरमी गंठजोड़ के



संकेतों की तरफ इशारा कर रही है।

नकली टिकटें बेच चूना लगा रही कंपनियां : रातों-रात लखपति और करोड़पति बनने का सपना देख रहे लोग अपनी गाढ़ी कमाई लॉटरी में गंवा रहे हैं। झारखंड में नागालैंड, सिक्किम और बंगाल की लॉटरी पूरी तरह से अवैध है, लेकिन हजारीबाग में यह धंधा चरम पर है। यही नहीं इन कंपनियों की नकली टिकट की लॉटरी छपवाकर लोगों को चूना लगाकर खुद हर दिन लाखों कमा रहे हैं। दिन में तीन बार लॉटरी की ड्रा की जाती है। इस प्रतिबंधित लॉटरी का फायदा हजारीबाग में शातिर उठा रहे हैं। इन शातिरों का पूरा एक गिरोह काम कर रहा है। प्रतिबंधित लॉटरी की डूप्लीकेट टिकट छपवाकर एजेंटों के माध्यम से गल्ली-मोहल्ले में बेची जा रही है। इसके लिए कोई एक इलाका नहीं है। हर इलाके में इस लॉटरी की धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

शाह-धोनी मिले, भाजपा में जाने की लगी अटकलें

एजेंसी

चेन्नई। देश में खिलाड़ियों और नेताओं की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। कई खिलाड़ियों ने राजनीति में कदम रखा है और सफलता भी हासिल की है। लोग अपने पसंदीदा खिलाड़ी को पॉलिटिक्स में देखना भी चाहते हैं। इसी बीच, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की एक मुलाकात हुई है। इसके बाद लोग तरह-तरह के सवाल पूछने लगे। अमित शाह और धोनी की एक साथ ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। (शेष पेज 11 पर)

सीएम से मिला एसटी-एससी कर्मचारी संघ का दल

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक विधानसभा से पारित होने को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

झामुमो ने राज्य की जनता के साथ किया न्याय : राज वर्मा

रांची। झामुमो के युवा नेता आयुष राज वर्मा ने कहा कि झारखंड सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए स्थानीय नीति और पिछड़ा वर्ग आरक्षण विधेयक विस में पारित कराया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 1932 का खतियान आधारित छोड़कर 1985 को आधार बनाया था जो यहां के मूलवासियों के साथ अन्याय था। उन्होंने ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत भी कम कर दिया था। श्री वर्मा ने कहा कि झामुमो की नेतृत्व वाली सरकार ने उन गलतियों को ठीक किया और राज्य की जनता का लाभ देने का काम किया।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

निविदा निरस्त पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–DWSD/KH-10(MVS)/2022-23 (1st Call), Dt.- 03.11.2022 P.R. No.– 281294 Drinking Water & Sanitation (22-23):D के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (Name of Work-Koinara Adjoinig villages Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Khunti on turnkey basis.) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 282157Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
आवश्यक सूचना

राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के विज्ञापन ज्ञापांक–ME/01/393/2006/Part File/1537 दिनांक–06.09.2021 एवं संशोधित विज्ञापन ज्ञापांक–GE/8/145/2021/1680 दिनांक 20.09.2021 के अनुपालन में जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) के रिक्त पदों के विरुद्ध पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों के अस्वीकृत आवेदनों की पदवार विवरणी जिले के आधिकारिक वेबसाइट www.garhwa.nic.in पर प्रकाशित करते हुए आपत्ति की मांग की गई थी। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आपत्तियों का उप विकास आयुक्त, गढ़वा की अध्यक्षता में गठित 05 सदस्यीय समिति की बैठक–11.11.2022 में निष्पादन करते हुए निर्णयानुसार औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है। मेधा सूची निर्माण में निम्न प्रक्रिया अपनाई गई है:–

- मैट्रिक, इण्टरमीडिएट एवं प्रशिक्षण में वैकल्पिक/वोकेशनल विषय के प्राप्त अतिरिक्तांक/कृपांक (Grace marks) को कुल प्राप्तांक से हटाते हुए मेधा सूची तैयार की गई है।
- स्नातक प्रतिष्ठा के स्थान पर स्नातक स्तर के कुल प्राप्तांक के अनुसार मेधा सूची तैयार की गई है।
- मैट्रिक, इण्टर, स्नातक एवं प्रशिक्षण के प्राप्तांक प्रतिशत का औसत अंक तथा टेट का नियमानुकूल (शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012) निर्धारित अंक (70% से कम–2 अंक, 80% से कम–4 अंक, 90% से कम–6 अंक, 90% एवं इससे उपर–10 अंक) को जोड़कर औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है।
- गढ़वा जिला हेतु निर्धारित टेट के जनजातीय/क्षेत्रीय भाषा– कुड़ुख, मगही, भोजपुरी एवं नागपुरी को छोड़कर अन्य जनजातीय/क्षेत्रीय भाषाओं के अभ्यर्थियों के आवेदन को अस्वीकृत किया गया है।

प्रकाशित औपबंधिक मेधा सूची के अभ्युक्ति कॉलम में अंकित विवरण से संबंधित दस्तावेज एवं प्रकाशित औपबंधिक मेधा सूची के संबंध में आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक–13.11.2022 को अपराह्न 5:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा के कार्यालय में अपनी आपत्ति लिखित रूप में दिया जाना आवश्यक होगा। निर्धारित तिथि व समय के समाप्ति के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 282172 Human Resource Developement (22-23)D

उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
प्रेस विज्ञप्ति
संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 2150, दिनांक 26.08.2020 एवं अपर मुख्य सचिव, राजस्व, निबंधन एंव भूमि सुधार विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 1745, दिनांक 12.04.2021 के द्वारा नीलाम पत्र वादों के अधिक संख्या में लंबित रहने एवं पदाधिकारियों की कमी के कारण केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के सेवानिवृत पदाधिकारियों का संविदा पर नीलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

1. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :– 01.12.2022
2. आवेदित पद का नाम :– जिला निलाम पत्र पदाधिकारी, लातेहार
3. संविदा के आधार पर जिला निलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु सेवानिवृत पदाधिकारियों के मानदेय एवं पारिश्रमिक भुगतान एवं सेवा शर्त निम्नवत है :–
   - आवेदक का उम्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को 64 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।
   - यह नियुक्ति प्रथम बार एक वर्ष के लिए किया जायेगा एवं Performance के आधार पर उनकी कार्यावधि का विस्तार योजना –सह–वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 1243/वि0, दिनांक 28.04.2016 के अनुरुप किया जायेगा।
   - केन्द्र सरकार या राज्य सरकार का कोई सेवानिवृत पदाधिकारी जिला निलाम पत्र पदाधिकारी के रुप में संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य होंगे।
   - आवेदक को सेवाकाल में किसी प्रकार का दण्ड अधिरोपित नहीं होना चाहिए।
   - आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक कार्यवाही संचालित नहीं होना चाहिए।
   - आवेदक को शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ्य होना चाहिए।
   - संविदा के आधार पर नियुक्ति पदाधिकारी की स्थिति में नियत मानदेय एवं अन्य लाभों का निर्धारण वित्त विभागीय संकल्प संख्या– 1243, दिनांक 28.04.2016 की कंडिका–7 के अनुसार देय होगी।
   - सेवानिवृति पर नियुक्त पदाधिकारियों का जिला निलाम पत्र पदाधिकारी के पद पर संविदा के आधार पर चयन प्रमंडलीय आयुक्त की स्वीकृति से उपायुक्त द्वारा किया जायेगा।
   - चयन के निमित आवेदक को विहित प्रपत्र में यथावांछित सूचना अंकित करते हुए आवेदन पत्र संबंधित उपायुक्त के समक्ष समर्पित करना होगा।
4. नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रारुप जिले के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, लातेहार।

PR 282103 Latehar(22-23)D

कार्यालय:– जिला परिषद,लातेहार
विज्ञापन संख्या:– 01/2022–23
द्वितीय सूचना

जिला परिषद, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखण्डों/ग्राम पंचायतों में लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर जलमीनार की मरम्मति हेतु टेक्नीशियन एवं हेल्पर की सेवा अनुबंध के लिए योग्य आवेदकों से पैनल तैयार करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था परंतु निर्धारित तिथि तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। फलतः उक्त कार्य हेतु पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

क्र0	सेवा अनुबंध का नाम	पैनल में शामिल करने हेतु कोटिवार व्यक्तियों की संख्या					कुल संख्या	मासिक मानदेय
		ST	SC	BC-1	BC-2	UR		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	टेक्नीशियन	01	–	–	–	01	02	
02	हेल्पर	–	–	–	–	01	01	

आरक्षण नीति:– उपरोक्त सेवा अनुबंध के लिए पैनल निर्माण राज्य सरकार द्वारा निर्गत जिलावार आरक्षण नीति लागु मानी जायेगी।
उम्र सीमा:– सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी। (उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.01.2022 के आधार पर की जायेगी)
शैक्षणिक योग्यता:– 1. NCVT Certificate 2. Train in Solar PV Technician 3. Solar System Servicing Technician
अनुभव:– कम से कम एक वर्ष का अनुभव, सोलर लाईट एवं जलमीनार मरम्मति/अधिष्ठापन में होना चाहिए।
आवेदन समर्पित करने की प्रकिया:–
01 आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन, आवेदन शुल्क एवं सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस को आवेदन पत्र हाथो–हाथ, पंजीकृत डाक, कुरियर से जिला परिषद कार्यालय, लातेहार में समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम यथा–ई–मेल, एवं Whatsapp से प्रेशित आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
02 आवेदन पत्र के साथ 2000.00 (दो हजार) रूपये मात्र शुल्क का भुगतान करना होगा।
03 आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से लातेहार में भुगतेय होगा।
04 आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 26/11/2022 अपराहन् 4:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी विलम्ब के लिए चयन समिति जवाबदेह नहीं होगी। आवेदक को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किए बिना ससमय आवेदन समर्पित कर दें।
05 प्राप्त आवेदन में से चयन/सूचीबद्ध मूल्यांकन उपरांत जिला परिषद, स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।
06 टेक्नीशियन/हेल्पर की नियुक्ति संबंधी जानकारी https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 282153 Rural Development(22-23).D

राज्य की गठबंधन सरकार को बिचौलियों, सिंडिकेट और माफियाओं वाला बताया

आदिवासियों को झांसे में लेकर झामुमो ने 2019 में बनायी सरकार : रघुवर दास

सीएम ने इडी के समन मिलने के बाद उठाया कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने राज्य की गठबंधन सरकार को बिचौलियों, सिंडिकेट और माफियाओं के इशारे पर चलने वाली सरकार की संज्ञा दी है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में राज्य में खनिज संपदा की जमकर लूट हुई है। महिलाओं पर अपराध तेजी से बढ़े हैं लेकिन यह सरकार मूकदर्शक बनकर बैठी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि- सीएम कहते हैं कि राज्य का आदिवासी अब बोका का नहीं है, लेकिन क्या पहले आदिवासी बोका था। उन्होंने ही आदिवासियों को ठग कर 2019 में सरकार बनाई। वह भी समझ चुके हैं कि अब आदिवासी उनके झांसे में नहीं आयेंगे। रघुवर दास शनिवार को दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवारवाद और भ्रष्टाचार वाली पार्टी है। इस सरकार को आनन-फानन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति व पिछड़ों के आरक्षण की याद आयी जबकि उन्होंने चुनाव में वादा किया था कि सरकार बनने के तीन माह के अंदर ही 1932 खतियान लागू किया जाएगा।

भाजपा नेता श्री दास ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने इडी के समन मिलने के बाद आनन फानन में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और बिना प्रक्रिया पूरी किए 1932 का खतियान और आरक्षण नीति संबंधी विधेयक सदन से पारित कराया। उन्हें स्थानीय नीति लागू करना होता तो इसे केंद्र के पास भेजने की आवश्यकता नहीं थी। सातवीं अनुसूची में देश का संविधान राज्य को स्थानीय नीति परिभाषित करने का अधिकार देता है। न्यायालय ने भी इस संबंध में अपना फैसला दिया है। जैसा कि हमने 2016 में स्थानीय नीति व नियोजन नीति परिभाषित की थी। तब इसे केंद्र सरकार के पास नहीं भेजा था। बल्कि राज्य सरकार ने अपने स्तर पर ही इसे बनाया और लागू किया था। इसके बनने के बाद एक लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी गई। इसी तरह बाबूलाल मरांडी ने भी स्थानीय नीति बनाकर केंद्र सरकार को नहीं भेजा था, स्थानीय स्तर पर ही लागू किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी की आदिवासी को केवल वोट बैंक मानते हैं।

राष्ट्रपति पद पर आदिवासी का होना कई नेताओं को खल रहा : रघुवर

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि राष्ट्रपति पद पर आदिवासी प्रतिनिधि का आसीन होना कई नेताओं को खल रहा है। श्री दास ने ट्वीट कर कहा है कि कांग्रेस-टीएमसी के नेता लगातार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान कर रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री अपने मित्र दलों के द्वारा आदिवासी राष्ट्रपति के अपमान पर क्यों चुप हैं, यह समझ से परे है।

श्री दास ने कहा कि अब तो प्रेस की आजादी को भी छीना जा रहा है। दुमका में ही 6 पत्रकारों पर केस किया जा चुका है, चार और पर केस करने की तैयारी चल रही है। संथाल परगना में ही दर्जनों पत्रकारों पर पुलिसिया जुल्म हो रहा है। आने वाले चुनाव में झारखंड की जनता हेमंत सरकार को इसका जवाब देगी।

पंकज मिश्रा से पेइंग वार्ड में मिलने वाले लोगों से ईडी करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रिम्स में भर्ती पंकज मिश्रा से पेइंग वार्ड में 12 अनजान लोगों के आने-जाने की जानकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिली है। पेइंग वार्ड के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज को ईडी ने खंगालना शुरू कर दिया है। रिम्स से मिले सीसीटीवी फुटेज की प्रारंभिक जांच में 29 जुलाई से अबतक भर्ती पंकज मिश्रा के पेइंग वार्ड में करीब 12 अनजान लोगों के आने जाने की जानकारी ईडी को मिली है। जिसकी जानकारी ईडी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार जिन लोगों ने पंकज मिश्रा से पेइंग वार्ड में जाकर मुलाकात की है, उन्हें ईडी समन कर पूछताछ के लिए बुला सकती है।

ईडी के दबाव के बाद रिम्स प्रबंधन ने दिया सीसीटीवी फुटेज

ईडी को सूचना मिली थी कि पंकज मिश्रा से कई लोग मिलने आ रहे हैं। इसमें कुछ हाई प्रोफाइल लोग भी शामिल हैं।

पंकज मिश्रा से जो लोग उनके पेइंग वार्ड में मिलने आते थे, वे अपने मोबाइल से उसे राज्य के कुछ बड़े अधिकारियों से बात करवाते थे। इसके बाद ही ईडी ने रिम्स से 29 जुलाई से लेकर अबतक के सीसीटीवी फुटेज की मांग की थी, लेकिन शुरू में रिम्स ने सिर्फ एक महीने का सीसीटीवी फुटेज ईडी को उपलब्ध कराया था, लेकिन ईडी के दबाव के बाद रिम्स प्रबंधन ने 29 जुलाई से लेकर अबतक का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करा दिया है। ईडी ने 20 अक्टूबर को पंकज मिश्रा के दो सहयोगियों चंदन यादव और सूरज पंडित को अपने मोबाइल से कई हाई प्रोफाइल लोगों से बात कराते पकड़ा था। दोनों पंकज मिश्रा के ड्राइवर हैं।

आबादी के अनुसार ही आरक्षण सुनिश्चित हो जातीय जनगणना कराए सरकार : आजसू

सरकार ने समस्याओं का हल नहीं बल्कि समाधान की दिशा में पहल की

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने झारखंडी जनमानस से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण समस्या का हल नहीं किया बल्कि उसके समाधान की दिशा में सिर्फ पहल की है। विधानसभा के विशेष सत्र में स्थानीयता एवं आरक्षण को लेकर पारित हुआ विधेयक यह साबित करने के लिए काफी है कि सरकार झारखंडियों की बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर गंभीर नहीं, बल्कि अपने राजनीतिक अस्तित्व को लेकर चिंतित है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत तथा केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही।

केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि सरकार ने दोनों विधेयकों को नौंवी अनुसूची में शामिल कराने को लेकर क्या रोडमैप तैयार किया है। क्या राज्य सरकार इस बात से आश्वस्त है कि संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों से इस विधेयक को नौंवी अनुसूची में शामिल कराने की स्वीकृति मिलेगी।

डॉ. भगत ने कहा कि राज्य में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण का दायरा जातीय जनगणना के आधार पर ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राज्य में ट्रिपल टेस्ट तथा जातीय जनगणना कराने को लेकर आजसू पार्टी ने सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज बुलंद की लेकिन सरकार ने जातीय जनगणना के विषय को पूरी तरह से अनसुना कर दिया है।

केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस 15 नवंबर को आजसू पार्टी राज्य के सभी 260 प्रखंडों में बिरसा जयंती मनाएगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा नगर निकाय चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को अनारक्षित किए जाने के विरोध में 17 नवंबर को आजसू पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन करेगी। आंदोलन को लेकर सभी नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को प्रभार दे दिया गया है सभी तैयारियों में जुट गए हैं।

शिक्षकों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर को चल रहे आंदोलन और सीएम घेराव की दी जानकारी

मुख्यमंत्री से बात करेंगे और निकलेगा रास्ता : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के आह्वान पर आंदोलन के दूसरे चरण में सभी मंत्री, विधायक व सांसदों को ज्ञापन देने का कार्य पूरे प्रदेश में चल रहा है। शनिवार को इसका अंतिम दिन था। इसी कड़ी में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर, विधायक बिशुनपुर चमरा लिंडा, विधायक भवनाथपुर भानु प्रताप शाही से विधानसभा में मिलकर चार सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे कर रहे थे। शिक्षकों के बृहद समूह ने राज्य में शिक्षकों से हो रहे भेदभाव, शोषण व अत्याचार तथा इसके विरोध में जारी संघ के आंदोलन की जानकारी दी और भरपूर सहयोग की मांग की।

संघ की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र चौबे व मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि शिक्षकों से घोर भेद भाव करते हुए सरकार द्वारा अन्य कर्मियों को देय सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना से अलग रखते हुए शिक्षकों को बिना किसी वित्तीय उन्नयन के ही सेवानिवृत होने को मजबूर कर दिया जाता है। वहीं छठे वेतनमान में जनवरी 2006 से उत्क्रमित वेतनमान शिक्षकों के न्यूनतम आरंभिक वेतन निर्धारण की विसंगति के निराकरण की अनदेखी की जा रही है, जबकि सादृश मामले में सचिवालय कर्मियों की समस्या का निराकरण कर दिया गया। साथ ही शिक्षकों को उनके गृह जिला में स्थानांतरित करने का अवसर देने संबंधी सुस्पष्ट नियमावली अब तक नहीं बनी। शिक्षकों को अध्यापन कार्य से विमुख रखते हुए जबरन लिपिकीय कार्य करने को बेबस करना और गैर शैक्षणिक कार्यों में अत्यधिक बोझ लगाए रहने की प्रवृति से मुक्ति दिलाने की मांग रखी गई। उपस्थित शिक्षकों में प्रदेश अध्यक्ष मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, अजय ज्ञानी सुनील दुबे दिलीप श्रीवास्तव संतोष कुमार आलोक कुमार शैलेश तिवारी शैलेश तिवारी अरविंद कुमार सिंह सलीम सहाय बिमलेश मिश्रा सुधांशु रंजन प्रमाणिक वसीम अकरम परेश अभय पाल कल्लू तिर्की शाकिर अंसारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासियों को बना रहे बेवकूफ : आशा लकड़ा

स्थानीय नीति को 9वीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर दी प्रतिक्रिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार स्थानीयता के नाम पर झारखंड के आदिवासी-मूलवासी को दिग्भ्रमित कर रही है। 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति को राज्य सरकार स्वयं लागू कर सकती है, इसे 9वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजने की जरूरत ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति का खेल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का सदन में यह कहना कि 'आदिवासी बोका नहीं हैं' जबकि हकीकत यह है कि मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासियों को बेवकूफ बना रहे हैं। यदि उन्हें आदिवासियों की इतनी ही चिंता है तो कानूनी प्रावधानों के अनुसार 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति राज्य में लागू करें।

राष्ट्रपति के अपमान पर सीएम हेमंत सोरेन की चुप्पी समझ से परे : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने टीएमसी के विधायक अखिल गिरि द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी पर कहा कि टीएमसी और ममता बनर्जी आदिवासी महिला विरोधी है। टीएमसी के नेताओं के द्वारा बार बार आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी टीएमसी सांसद अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति पद पर असंसदीय, असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया था। उन्होंने पार्टी से सार्वजनिक माफी मांगने और विधायक अखिल गिरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदिवासी राष्ट्रपति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप हैं।

e-Procurement Cell
Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi

e-Procurement Notice

Tender Reference No.-BCD/SECNC/14/BCD, Building Division Chaibasa/2022-23 Date:-12-11-2022

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या।
1.	Renovation of 50 bedded ST. Boy's Hostel at Rajkyakrit High School, Kumardungi Under Kumardungi Block in the District Of West Singhbhum For The Year of 2022-23	Rs. 59,44,925.00	6 (Six) Months	19.11-2022	24.11.2022 11:00 AM	25.11.2022 11:30 AM	26.11.2022 11:30 AM	Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi	0651-2200049	0651-2200049

○ इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।
Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

नोडल पदाधिकारी
भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची

PR 282178 Building Construction Dept Chotanagpur Circle (22-23).D

राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया अभ्यर्थियों के लिए लास्ट वार्निंग

17 नवंबर तक पिछले चुनाव का हिसाब दे दें तो चुनाव लड़ चुके उम्मीदवार नहीं होंगे अयोग्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य निर्वाचन आयोग ने बीते चुनाव लड़ चुके अभ्यर्थियों से 17 नवंबर तक अपना निर्वाचन व्यय विवरणी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को जमा करने को कहा है। आयोग की ओर से उन्हें अंतिम चेतावनी दी गयी है। उनसे कहा गया है कि ऐसा नहीं किये जाने पर आयोग एकतरफा निर्णय लेगा। यह भी संभव है कि उन्हें आगामी कुछ समय में संभावित नगरपालिका चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाये। बताते चलें कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां जोरों पर है। यही कारण है कि आयोग की नजर अब पिछला चुनाव लड़ चुके ऐसे अभ्यर्थियों पर है, जिन्होंने अपना चुनावी हिसाब अब तक नहीं दिया है। ऐसे में राज्य में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2018 लड़ चुके करीब 600 उम्मीदवारों के सामने मुश्किलें खड़ी हो सकती है। यही कारण है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने उनके लिए लास्ट वार्निंग जारी की है।

30 दिनों के भीतर ही निर्वाचन व्यय विवरणी जमा करना था : राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड के अनुसार निर्वाचन लड़ने वाले सभी कैंडिडेट्स को चुनाव परिणाम घोषित किये जाने के 30 दिनों के भीतर ही निर्वाचन व्यय विवरणी जमा किया जाना अनिवार्य था। ऐसा नहीं करने वालों को निर्वाचन आयोग द्वारा तीन सालों तक के लिये चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है। आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त के स्तर से सूचना जारी कर कहा गया है कि अब भी कई ऐसे निकाय हैं जहां से कुछ अभ्यर्थियों अपना निर्वाचन व्यय की विवरणी जमा नहीं किये हैं।

स्पीड न्यूज

वरिष्ठ कांग्रेसी कांग्रेसी उमाशंकर का निधन

जादूगोड़ा। जमशेदपुर शहर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह विद्या पतिनगर निवासी(बारीडीह) का ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 58 साल के थे। अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री एक पुत्र समेत हरा भरा परिवार छोड़ कर चले गए। स्वर्ण रेखा बर्निंग घाट भुईयाडीह में अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे पुत्र ने मुखाग्नि दी। स्वर्गीय उमाशंकर सिंह बीते छह माह से कैंसर से जुझ रहे थे। कल शुक्रवार को केमो चढ़ाने हेतु जमशेदपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। उनके निधन की खबर सुनकर विद्यापति नगर में शोक की लहर है।

विश्वकर्मा समाज का शिक्षक सम्मान आज

जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के द्वारा बाल दिवस के सुअवसर पर शिक्षक सम्मान और बच्चों के लिए कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन रविवार 13 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे से न्यु बाराद्वारी में अवस्थित जमशेदपुर विश्वकर्मा सांस्कृतिक भवन मे आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रसिद्ध मार्गदर्शक प्रशांत कुमार, आई आई टी, खडगपुर जो अभी मिस्ट प्लस में रसायन विज्ञान के एच ओ डी है ,द्वारा बच्चों को उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन देंगें। साथ ही समाज में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले शिक्षकों को उनके सेवा के लिए समाज सम्मानित करेगा। उक्त जानकारी समाज के महासचिव श्री सुजीत शर्मा ने दी।

यूजीसी नेट में वीमेंस यूनिवर्सिटी का परचम

जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने बताया कि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के पंद्रह से अधिक छात्राओं ने यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) क्वालीफाई किया है। इससे पता चलता है कि यूनिवर्सिटी एक उच्च स्तरीय अध्ययन का केंद्र है। उन्होंने इस उल्लेखनीय सफलता के लिए छात्राओं के साथ संबंधित विभागों के फैकल्टीज को भी बधाई दी है। यह सर्वविदित है कि नेट उच्च शिक्षा के क्षेत्र में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की एक आवश्यक योग्यता है। इसमें क्वालिफाइ होने के लिए विषय का विशेष ज्ञान होना अनिवार्य है। यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचना के अनुसार हिंदी से दो, अंग्रेजी से पांच जिसमें एक जेआरएफ, शिक्षा से छः जिसमें एक जेआरएफ, कॉमर्स से दो और पॉलिटिकल साइंस से एक छात्रा ने नेट में बाजी मारी है।

गुरुनानक स्कूल में एनसीसी यूनिट शुरू

जमशेदपुर। अपने स्थापना काल के 85 साल पूरे कर रहे गुरु नानक उच्च विद्यालय साकची में एनसीसी यूनिट शुरू हो गई और इसका विधिवत उद्घाटन ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विजय शंकर यादव एवं कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय सांडिल, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार निशान सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर ब्रिगेडियर ने कहा कि एनसीसी के अनेक फायदे हैं जो दिखाई नहीं देते परंतु अनुशासन, काम करने का जज्बा, देशभक्ति जैसे गुण व्यवहार में शामिल हो जाते हैं। अनेक प्रकार की गतिविधियों को सीखने और उसमें शामिल होने और खुद को राज्य एवं राष्ट्रीय फलक पर साबित करने का मौका मिलता है। उन्होंने गुरुद्वारा कमेटी और स्कूल प्रशासन से कहा कि एनसीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान देते हुए इसे सफल बनाने की जरूरत है। इस मौके पर सीटीओ राजेंद्र कौर के मार्गदर्शन में बच्चों ने देशभक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। दीप प्रज्वलन के साथ सर्व धर्म प्रार्थना हुई। इस मौके पर विद्यालय सचिव सुखवेंदर सिंह, स्कूल के हेड मास्टर कुलविंदर सिंह एवं गुरुद्वारा कमेटी के महासचिव परमजीत सिंह काले ने अपने विचार रखे। इसका संचालन अध्यापिका चरणजीत कौर ने किया। मौके पर महासचिव शमशेर सिंह सोनी, ट्रस्टी रविंद्र सिंह ट्रस्टी अवतार सिंह पूर्ति, जसवीर सिंह गांधी, कृतजीत सिंह रॉकी, अवतार सिंह, जसपाल सिंह, मिडिल स्कूल के सचिव अजायब सिंह बरियार, हेड मास्टर संतोख सिंह चीमा, घुम्मन वीरजी थे।

सरयू राय अनूठे नेता, हमेशा नयी लकीर खींचते हैं : हरिवंश

➲ सूर्यमंदिर परिसर में बाल मेला का राज्यसभा के उप-सभापति ने किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मैं, सरयू राय को विगत 40 वर्षों से जानता हूँ वे एक अनुठे व्यक्ति हैं तथा हमेशा एक नई लकीर खींचने के लिए जाने जाते हैं। श्री राय राजनीति से ऊपर उठकर वैसे मुद्दों को उठाते हैं जिसके बारे में प्रशासन एवं अन्य संस्थाओं को सोचना चाहिए। दामोदर नदी के संरक्षण और इसकी स्वच्छता में इन्होंने अहम भूमिका निभाई है। इन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर जल, जंगल, जमीन की रक्षा करते हुए देश की भविष्य को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया है। यह चिल्डेज्न पार्क और यहाँ स्वच्छ बचपन-स्वस्थ बचपन की थीम पर आयोजित हो रहे बाल मेला भी उनकी इसी प्रकार की नई परिकल्पना का ही परिणाम है। यह मात्र मेला नहीं है बल्कि यह सरयू राय द्वारा बचपन बचाओं अभियान की शुरूआत है जिससे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को एक नई दिशा मिलेगी जिससे बच्चों को बेहतर कल और भविष्य के निर्माण में मदद मिलेगी।

ये बातें सिदगोड़ा स्थित चिल्ड्रेन पार्क में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय बाल मेला के उद्घाटन के अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा। सिदगोड़ा के चिल्ड्रेन पार्क में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सरयू राय की पहल पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा तीन दिनों तक चलने वाले बाल मेला का आज शुभारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने बाल मेला संदेश के संदेश लिखे गुब्बरे आसमान में उड़ाये और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मेले का उद्घाटन करते हरिवंश। साथ में सरयू राय व अन्य।

बच्चों को खेलकूद में इंगेज करना जरूरी : श्री हरिवंश ने आगे कहा कि विगत 30 दशकों में ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में टेक्नोलॉजी का उपयोग तेजी से बढ़ा है और टेक्नोलॉजी की एक क्रांति आ गयी है। इससे जहाँ लाभ मिला है इसका दुष्प्रभाव भी बच्चों पर पड़ा है। बच्चों के रहन-सहन और खान-पान को इसने गंभीर रूप से प्रभावित किया है। आज बच्चे अधिकतर समय मोबाईल, कम्प्यूटर, लेपटॉप और आईपैड पर बिताते हैं। इसपर वे हिंसक गेम खेलते हैं। बच्चे शारीरिक खेल खेलना भूल गये हैं। इसका दुष्प्रभाव यह पड़ रहा कि बच्चों में आज कंधों की बीमारी, आँखों की बीमारी आदि के साथ ही सुगर जैसी बीमारी से ग्रसित होने का परिणाम का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे समूह से कट गये हैं और अकेले समय व्यतीत करते हैं। सिंगल पैरेंट्स वाले बच्चों पर इसका ज्यादा गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। माता-पिता भी टेक्नोलॉजी से ऐसे जुड़ गये हैं कि उनके पास बच्चों के लिए समय नहीं है।

बच्चों को अब पहले वाला माहौल नहीं मिल रहा है जिससे बच्चों की संवेदनाएं घट रही हैं। एक संयुक्त परिवार में बच्चों को बेहतर माहौल मिलता है। बच्चे पहले दादी-नानी से कहानियाँ सुनते थे। बच्चों के लिए विभिन्न तरह की कॉमिक साहित्य उपलब्ध होते थे और बच्चे सामुहिक रूप से आउटडोर एक्टिविटी करते थे जिससे उनका व्यक्तित्व विकास होता था। बच्चों में चरित्र निर्माण का कार्य परिवार और स्कूल से शुरू होता है।

श्री हरिवंश ने कहा कि श्री राय द्वारा प्रदान की गयी यह चिल्ड्रेन पार्क और इस वर्ष से प्रारंभ की गयी यह मेला बच्चों के लिए एक अनुपम उपहार साबित होगा। उन्होंने बच्चों को इस चिल्ड्रेन पार्क को आउटडोर एक्टिविटी के बेहतर स्त्रोत का रूप बताया और इसका लाभ उठाने के लिए बच्चों और अभिभावकों को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलने पर अपना सौभाग्य बताया तथा श्री राय को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अगले वर्ष इसके और भव्य आयोजन होने की शुभकामना दी।

बैंकों का निजीकरण देश और देशवासियों के हक में रोकना ही होगा : कॉमरेड राजन नागर

■ बैंक मित्रों के स्थायीकरण के साथ वर्तमान बैंककर्मियों की रक्षा के लिए संघर्ष करना जरुरी : वेंकटचलम

■ झारखंड राज्य बैंक इम्पलाइज एसोसिएशन का पांचवां दो दिवसीय सम्मेलन मिलानी में शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड प्रदेश बैंक इम्प्लाइज एसोसियेशन का 5 वां सम्मेलन पूरे जोश खरोश के साथ प्रारंभ हुआ।इस सम्मेलन में झारखंड से आए 200 प्रतिनिधि और पर्यवेक्षक ने पाइका नृत्य मंडली के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बिष्टुपुर से एक लंबा जुलूस निकाला, जो सरकार की निजीकरण की नीतियों, सरकारी बैंको के खाली पदों पर भर्ती, आम जनता के जमा पूंजी की सुरक्षा और ब्याज दर में वृद्धि की मांग के नारों के साथ सम्मेलन स्थल पहुंचा। इस जुलूस के नेतृत्व एआईबीईए के अध्यक्ष कॉम राजन नागर, महासचिव कॉम सी एच वेंकटचलम, जेपीबीईए के चेयरमैन कॉम दिनेश झा लल्लन,अध्यक्ष कॉम वाई पी सिंह,महासचिव कॉम आर बि सहाय, उप महासचिव कॉम सपन अदक,कॉम हीरा अरकने ने किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए एआइबीइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड राजन नागर ने कहा कि आज आम देशवासियों को जो सहज बैंकिंग सुविधा मिल रही है, और बैंककर्मियों को आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं मिल रही हैं वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किए गए बैंकों के राष्ट्रीयकरण की देन है जो दशकों तक संघर्ष के बाद हमें मिला है। इसलिए बैंकों के निजीकरण के खिलाफ बैंक यूनियनों,कर्मचारियों और अफसरों के साथ-साथ आम देशवासियों को भी न सिर्फ सड़क पर उतरने की जरुरत है बल्कि संघर्ष में एक-दूसरे का मददगार बनने की जरुरत है।

कॉमरेड नागर ने कहा कि एआइबीइए के बैनर तले में दो दशक से आउटसोर्सिंग का विरोध कर रहा हूं। बैंक कर्मियों को समझ लेना चाहिए कि आउटसोर्सिंग जो बैंक मित्रों के रुप में एसबीआइ से लेकर कई बैंकों में शुरु हुआ है वह युवाओं के साथ एक धोखा,शोषण और अनिश्चित भविष्य लाने वाला है तो यूनियन के अस्तित्व में दीमक लगाने वाला भी है। जब कर्मचारी नाम मात्र के बैंक में रह जायेंगे तब यूनियन कहां बचेगी? स्थायी पद नहीं बचेंगे तो नौकरी कहां मांगोगे।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में उपस्थित कॉमरेड राजेन नागर, महासचिव सीएच वेंकटचलम व अन्य कॉमरेड।

कामरेड नागर ने बैंककर्मियों को ग्राहकों के साथ स्नेही बनने और यूनियन के विचारों व उद्देश्य से उन्हें समय-समय पर अवगत कराने पर बल दिया। नागर ने कहा कि देश में अब तक बैंक 5 लाख बैंकमित्र रुपी आउटसोर्स कर्मचारी बहाल कर चुके हैं। एआइबीइए उनके स्थायीकरण की लड़ाई लडेंगी। उन्होंने बैंक कर्मचारियों में संघर्ष के प्रति उदासीनता पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह नहीं भूलना है कि कामरेड परवाना, कामरेड चड्ढा जैसे दिवंगत बैंककर्मी नेताओं की शहादत और संघर्ष के बूते आज हम शानदार जीवन स्तर, रिटायरमेंट बेनीफीट और हैंडसम सैलरी पा रहे हैं। हमारा वर्तमान संघर्ष एवं चरित्र हमारा भविष्य तय करेगा। इसलिए अपने हम एवं भारतीय बैंकिंग तंत्र को बचाने के लिए सड़क पर उतर कर नारेबाजी करने, जुलूस निकालने में संकोच से युवा कर्मचारियों को बचने की जरुरत है। एआइबीइए के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सी एच वेंकटचलम ने अपने उद्घाटन में बैंको का निजीकरण बंद करने, एन पी ए की वसूली, आई बी सी जैसी संस्थाओं की कमियों को उजागर करने, शाखाओं की बंदी रोकने, बैंकों में प्रयाप्त बहाली की मांग, झारखंड में बैंक ऋणों की बढ़ोतरी मांग सरकार से की। सम्मेलन के खुले सत्र को कॉम राजन नगर, कॉम घनश्याम श्रीवास्तव, ए आई टी यू सी के कॉम शशि कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया और सरकार के मजदूर किसान विरोधी नीतियों, सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के बिक्री और निजीकरण के नीतियों के खिलाफ आंदोलन का आह्वाहन किया।

विकास मुखर्जी ने रेड क्रॉस को दिये दो लाख चालीस हजार रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड बंग भाषी समन्वय समिति के अध्यक्ष सह उद्योगपति विकास मुखर्जी ने शनिवार को रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सह पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त श्रीमती विजया जादव को ऑटो प्रोफाइल कंपनी के व्यावसायिक सामाजिक दायित्व (कॉपोरेट सोशल रिस्पांसि बिलिटी) के तहत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी को 2,40,0000 (दो लाख चालीस हजार) रुपए अनुदान दिए। उन्होंने बताया की रेड क्रॉस सोसाइटी जिस तरह समाज सेवा में अग्रसर रहते हैं। चाहे वह रक्तदान हो या डिजास्टर मैनेजमेंट के छेत्र में सभी जगह मानव सेवा का कार्य करते है. उसी तरह हमारी भी एक जिम्मेदारी रहती है कि व्यवसाय के साथ साथ सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करे।

जिस सच को उजागर करना पत्रकारिता का धर्म था, ये अपने रास्ते से भटकी है : हरिवंश

■ हिन्दी मीडिया की चुनौतियां विषय पर राज्यसभा के उपसभापति ने दिया व्याख्यान

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मुख्यधारा की पत्रकारिता भी आजादी के पूर्व भी वैसी ही थी, जैसी कि आज है। प्रतिबद्धता की पत्रकारिता ने अपनी छाप छोड़ी है। दुनिया की पत्रकारिता से भिन्न थी, भारत की आजादी के दौरान की पत्रकारिता, जिन लोगों ने अपनी छाप छोड़ी नये मापदंड और प्रतिमान बनाया, उन्होंने निजी उद्यम से, अपने

प्रतिबद्धता के तहत, अपने विचारों के तहत नयी लकीर खींचना चाहते थे, उन लोगों ने जो पत्रकारिता की वह प्रतिबद्धता की पत्रकारिता थी और वो मुख्य धारा की पत्रकारिता से एकदम अलग थी। इनमें कुल नाम महत्वपूर्ण है, जिन्हे आज याद किया जाता है, महात्मा गांधी, अबूल कलाम आजाद, बाल गंगाधर तिलक, बाबा साहेब अम्बेडकर ने पत्रकारिता की, इन लोगों ने मुख्यधारा की पत्रकारिता नहीं की। इन्होने अपनी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया, पत्रकारिता किया।

उक्त विचार राज्यसभा के सभापति और प्रखर पत्रकार 56वें राष्ट्रीय प्रेस डे के अवसर पर 12 नवंबर को यहां हिन्दी मीडिया की चुनौतियों और अवसर पर व्याख्यान में मुख्यवक्ता के रूप में यहां करीम सिटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में व्यक्त किया।

कृषि बाजार समिति में वोट के बाद रखी जायेंगी इवीएम, यहीं होगी मतगणना

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है । मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद व चाकुलिया नगर पंचायत के लिए होने वाले चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त (डीसी) श्रीमती जाधव द्वारा परसुडीह बाजार समिति, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्यालय, जमशेदपुर सदर प्रखंड परिसर का निरीक्षण किया गया।

मौके पर अपर उपायुक्त श्री सौरभ सिन्हा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कानू राम नाग, स्थापना उप समाहर्ता श्री अभिषेक कुमार, जिला योजना पदाधिकारी श्री अरूण कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत राज

कृषि बाजार समिति का निरीक्षण करने पहुंची डीसी।

पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, बीडीओ जमशेदपुर सदर श्री प्रवीण कुमार मौजूद रहे। इस दौरान उन्होने स्ट्रॉंग रूम निर्माण को लेकर परसुडीह बाजार समिति में बने अलग अलग भवनों का मुआवना किया। बाजार समिति परिसर में ही काउंटिंग हॉल का निर्माण, रिजर्व रूम एवं कंट्रोल रूम अधिष्ठापन को लेकर भी जरूरी निर्देश भी दिये।

वीमेंस यूनिवर्सिटी में जोहार पीरियड्स कार्यक्रम ने छात्राओं को सजग किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। वीमेंस यूनिवर्सिटी ने आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की अपनी अनवरत श्रृंखला के तहत गृह विज्ञान विभाग एवं नामिया स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं में मासिक धर्म संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जोहार पीरियड्स आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी की माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता तथा भूतपूर्व विधायक; प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी एवं संस्थापक नमिया

फाउंडेशन कुणाल सारंगी जी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। अपने सारगर्भित संदेश में कुलपति ने कहा कि स्वाधिनता के 75 वर्ष बाद भी हमारे देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं का पर्याप्त सशक्तिकरण नहीं हो पाया है। जो चिंताजनक है।

आम जनता की एकता के साथ मजदूर वर्ग के संघर्ष को तेज करें : तपन सेन

■ मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने का आह्वान के साथ जमशेदपुर में सीटू का सातवां राज्य सम्मेलन प्रारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। देश भर में मजदूर आंदोलन का नेतृत्व करने वाला मजदूर संगठन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का सातवां दो दिवसीय झारखंड राज्य सम्मेलन मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने का आह्वान के साथ कॉमरेड नरेन्द्र मिश्रा नगर और कॉमरेड टी एन सिंह मंच, काली मंदिर प्रांगण में शुरू हो गया। सर्व प्रथम गणीनाथ सेवा संस्थान से सम्मेलन स्थल तक प्रभावी मजदूर एकता रैली निकाला गया। जिसके बाद सीटू के राज्य अध्यक्ष मिथिलेश सिंह द्वारा मजदूर आंदोलन का प्रतीक लाल झंडा फहराया गया। जहां शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे गगनभेदी नारो के बीच शहीद बेदी पर नेताओं और प्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

सम्मेलन का विधिवत उदघाटन करते हुए देश के प्रख्यात श्रमिक नेता पूर्व सांसद और सीटू के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड तपन सेन ने कहा कि आज देश गंभीर दौर से गुजर रहा है। समाज के अंदर

सम्मेलन को संबोधित करते सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन।

सांप्रदायिक जहर घोलते हुए जनता को बांटने की साज़िश की जा रही है। साम्राज्यवादी पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण दुनिया भयंकर आर्थिक मंदी की चपेट है। ट्वीटर, फेसबुक, अमेजन जैसे बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियों से हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। भारत में भी मोदी सरकार की कॉरपोरेट परस्त मजदूर विरोधी नीतियों के चलते नेशनल मोनेटाइजेशन पाइप लाइन के माध्यम से लूट मार्ग के रास्ते देश की सभी सार्वजनिक संपतियों को पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। झारखंड की महत्त्वपूर्ण खनिज कोयला क्षेत्र को पूरी तरह से कॉरपोरेट को बेच दिया जा रहा है। स्थाई मजदूरों की संख्या घटकर आधे से भी कम हो गया है। ठेका और आउटसोर्सिंग पर मजदूरों को रखा जा रहा है, जहां न समाजिक सुरक्षा है और न ही न्यूनतम मजदूरी दिया जाता है। देश मे 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। स्टील क्षेत्र में 1 लाख 10 हजार मजदूर कार्यरत थे।

एक नजर में

शिव प्रकाश ने जरूरतमंद के लिए किया रक्तदान

जमशेदपुर। राधा हेंब्रम (बागबेड़ा) जो एमजीएम अस्पताल में भर्ती है, उसका जीवन बचाने को रक्त की अति आवश्यकता थी लेकिन ब्लड बैंक में ए+ रक्त नहीं था। इसके लिए समाजसेवी लिपू शर्मा ने मानगो के समाजसेवी और साउथ प्वाइंट स्कूल के संस्थापक शिव प्रकाश शर्मा से संपर्क किया। इनका ब्लड ग्रुप ए+ है। शिव मानगो से तुरंत ब्लड बैंक पहुंच बेटी राखी हेंब्रम से संपर्क किया और रक्तदान किया। राखी को आर्थिक मदद भी देना चाहा तो उस स्वाभिमानी बेटी ने कहा अभी हो जायेगा अंकल। अगर जरूरत पड़ेगी तो जरूर बोलूंगी। समाजसेवी शिव प्रकाश शर्मा की मदद का हर कोई सराहना कर रहा है।

नगर में 37वां कुम्हार महासम्मेलन 20 नवंबर को

जमशेदपुर। झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की जिला शाखा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर ने 37वां कुम्हार महासम्मेलन आदिवासी एसोसिएशन हॉल, सीतारामडेरा में निर्धारित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य कार्यक्रमों से कोरोना काल से शिथिल पड़े संगठन को गतिमान करना, दूसरे राज्यों के जनप्रतिनिधियों एवं कुम्हार नेताओं के बीच समन्वय स्थापित करना, राजनैतिक भागीदारी हेतु प्रयत्नशील रहना, कुम्हार जाति को आदिवासी की सूची में शामिल करना, झारखंड में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू सहित आइएएस, आइपीएस, जज जैसे सम्मान जनक जॉब में अपने विद्यार्थियों को तैयारी हेतु उत्प्रेरित करना है। दूसरे राज्यों से कार्यक्रम में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों में यूपी सरकार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति, गुजरात से राज्यसभा सांसद दिनेश चंद्र प्रजापति,प्रो मनोज प्रजापति, अखिल भारतीय प्रजापति महासंघ, मुंबई के राष्ट्रीय महासचिव गोवर्द्धन भाई चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत वर्मा, दानी प्रजापति आदि मुख्य हैं।

वीमेंस यूनिवर्सिटी में अग्निपथ जागरूकता कार्यक्रम

जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में अग्निपथ जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को भारतीय वायुसेना में अग्निवीर वायु भर्ती संबंधी विशेष जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी की माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता तथा भारतीय वायु सेना से विंग कमांडर ए प्रदीप रेड्डी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। स्वदेश प्रेम से युक्त अपने संदेश में माननीय कुलपति ने छात्राओं को भारत की सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहने को कहा। उन्होंने अग्निपथ योजना का लाभ उठाकर कैरियर बनाने के साथ उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्य पालन के लिए प्रेरित किया और छात्राओं से अहवाह्न किया कि केंद्र सरकार की इस योजना से जुड़कर वो वायुसेना में भर्ती के अपने सपने को साकार करें। विंग कमांडर रेड्डी ने बताया कि अग्निवीर वायु में भर्ती के लिए 7 से 23 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

चिन्मया स्कूल साउथ पार्क में हुआ आर्ट फेस्ट रेनबो

जमशेदपुर। शनिवार को चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क में आठवें इंटर स्कूल आर्ट फेस्ट रेनबो का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लगभग 24 विद्यालयों के 500 बच्चों ने भाग लिया। इस फेस्ट में निर्मला कुमारी बरेलिया जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महोदया डीईओ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, उसके बाद देवी दुर्गा के नौ रूपों को 9 रंगों के महत्व को बताते हुए सुंदर नृत्य तथा गीत की प्रस्तुति दी गई। इसमें स्टोन आर्ट, फेस पेंटिंग, रंगोली बनाओ, मैजिक विथ कलर्स, फ्रूट एंड वेजिटेबल आर्ट, फन विद क्ले, ब्रश मैजिक, एक्रिलिक बो आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक मंडल की भूमिका में टैगोर सोसाइटी के कला विभाग के सदस्य अशोक कुमार माइती, विप्लव रॉय, नवीना देवी सिंह तथा श्री अनूप सिन्हा जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि निर्मला बरेलिया ने अपने प्रेरणादायक वचनों से सभी प्रतिभागियों के मनोबल को बढ़ाया तथा विद्यालय के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस रेनबो फेस्ट के आयोजन में विद्यालय के आर्ट टीचर तमाल सेन गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका थी। साथ ही विद्यालय की प्राचार्या, सभी शिक्षक गण, विद्यालय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग था।

9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सह पौधरोपण संपन्न

जमशेदपुर। गायत्री परिवार टाटानगर का प्रज्ञा महिला मंडल, नाव चेतना विस्तार केंद्र गोविंदपुर और नवयुगदल के सामूहिक प्रयास से ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल डिमना मानगो में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। मौके पर महिला मंडल के श्रीमती जसवीर कौर और पूर्णिमा सिंह के साथ श्री कामाख्या सिंह जी ने यज्ञ का संचालन किया। मुख्य जजमान के रूप में विद्यालय के निर्देशक मधुकर और गुरुदेव महतो ने यज्ञ में भाग लिए। मौके पर पर विद्यालय के सभी बच्चों ने यज्ञ में अपना आहुति दिया। साथ ही अपने जीवन में एक बुराई को छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के बाद विद्यालय परिसर में 108 पौधा बच्चों के द्वारा लगाया गया साथ एक बच्चा एक पौधा को देख भाल करने का संकल्प लिया। मौके पर संतोष महतो, लक्मन भगत, रवि रंजन, संतोष गुप्ता, गौरभ कुमार, श्याम शर्मा, गंगा देवी, रूबी शर्मा, चिंतामणि देवी के साथ कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

बकोरिया पंचायत सचिवालय में जुटे लोग

सतबरवा पलामू। बकोरिया पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम लगाया गया। उद्घाटन जिप सदस्य सुधा कुमारी, बीडीओ राजकिशोर प्रसाद, प्रमुख पति युगल किशोर राम, मुखिया संतोष उरांव, पंचायत समिति सदस्य कविता देवी, प्रेमचंद उरांव, पंचायत सचिव सह डीपीआरओ सुरेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर 106 गरीबों के बीच कंबल, 43 लोगों के बीच धोती साड़ी वितरण किया गया। मौके पर प्रमोद यादव, सोनू सिकंदर, बीपीओ अमरेंद्र मेहता, सुरेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार बैठा, उप मुखिया समता देवी, मोहम्मद अदनान, रोशन पाठक उपस्थित थे।

मासूम ने किया आनंद को सम्मानित

मेदिनीनगर। देश में ईवेंट जर्नलिज्म के पुरोधा, वरिष्ठ टीवी पत्रकार, अभिनेता व सामाजिक कार्यकर्ता अमर आनंद को मासूम आर्ट ग्रुप ने सम्मानित किया। श्री आनंद पलामू के निवासी है जो फिलहाल दिल्ली और लखनऊ में रहते है। अपने नये प्रोजेक्ट के सिलसिले में श्री आनंद इन दिनों पलामू में है। शुक्रवार की रात उन्होंने मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों से अपने अनुभव साझा किये व इवेंट जर्नलिजम के गूढ़ बताये। मासूम के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने श्री आनंद को सम्मानित किया। इससे पहले वरीय रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती व अन्य कलाकारों ने उनका स्वागत किया। मौके पर कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, कनकलता तिर्की, आनंद गुप्ता, उज्जवल सिन्हा, गुलशन मिश्रा आदि मौजूद थे।

48 विद्यार्थियों को दिया गया ट्रैक सूट

पांकी (पलामू)। आसेहार स्थित सौरभ स्टोन माइंस के संचालक ने हाई स्कूल आसेहार के 48 छात्र-छात्राओं के बीच खेल कूद को प्रोत्साहन हेतु ट्रैक सूट का वितरण किया गया। ट्रैक सूट पाकर स्कूल की छात्र-छात्राएं काफी खुश दिख रही थी। विद्यालय के शिक्षकों ने भी सौरभ स्टोन माइन्स के कार्यों की सराहना की। इससे छात्र, छात्राओं का मनोबल बढ़ेगा तथा ट्रैक सूट से खेल अभ्यास करने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, संचालक लड्डू राज, सन्नी, बिक्कू, दिनेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना

पांकी (पलामू)। 31 अक्टूबर से छह नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का विषय भ्रष्टाचारमुक्त भारत-विकसित भारत है। इस दौरान इस कार्यालय में तथा इसके क्षेत्राधिकार में आने वाले प्रतिष्ठानों में भी जागरूकता संबंधी कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। 31 अक्टूबर को कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा संबंधी प्रतिज्ञा ली गई। भ्रष्टाचार के बढ़ते खतरे और उसके परिणामों की चिंता को विचार करने के उद्देश्य से सप्ताह मनाया जा रहा है। केंद्रीय अधिकारियों ने पांकी सुभावती फ्यूल सेंटर के निरीक्षण के दौरान उक्त बातें कही।

एसपीएमएच में सेवाओं का शुभारंभ आज

मेदिनीनगर। रांची रोड जोरकट में स्वामी प्रज्ञानंद मगध स्पेशिलिटी हॉस्पीटल में डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलोजी, हाईटेक आइसीयू, 24 घंटे इमरजेंसी सेवा का शुभारंभ 13 नवंबर को होगा। कार्यक्रम के अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी होंगे। इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने दी। कहा कि अब जिलेवासियों को उक्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ इस अस्पताल में उपलब्ध होगा।

किसानों को मिला प्रमाण पत्र

मेदिनीनगर। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पोखराहा खुर्द स्थित नवनिर्मित भवन में चल रहे 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन किया गया। मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 34 किसानों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र आरसेटी के वरिष्ठ संकाय जितेंद्र मेहता व संकाय जयंत चक्रवर्ती ने दिया। मौके पर मशरूम खेती के प्रशिक्षक बिरेंद्र पांडेय, मणिकांत दुबे, सहायक सुमित आनंद, मनोज चौधरी, संजय राम सहित प्रशिक्षणार्थी शामिल थे। बेरोजगार युवक युवतियां गाय पालन, बकरी पालन, कृषि उद्यमी, सब्जी नर्सरी प्रबंधन, ब्यूटिशियन, कंप्यूटर का प्रशिक्षण पाकर रोजगार कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

शिविर में ग्रामीणों ने जमा किये 455 आवेदन

मेदिनीनगर। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत पोलपोल पंचायत में शिविर लगा। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के कुल 455 आवेदन आये। शिविर का उद्घाटन सदर बीडीओ अमिताभ भगत, जिप सदस्य बासो देवी, पोलपोल मुखिया पुष्पा देवी, पंसस उर्मिला देवी, उप मुखिया आशा कुमारी एवं वार्ड सदस्य ने किया। बीडीओ ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत इस कार्यक्रम में कई जरूरतमंदों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया गया। अलग-अलग विभाग के 16 स्टॉल पंचायत में लगाए गए थे। मौके पर ओहमंती खलखो, इंद्रेश प्रजापति, डॉ अनूप बिलियन लकड़ा, श्रीमती लिना अग्रवाल, पोलीकार्प तिर्की, सुमित वर्मा ,खुशबू सिंह,अनिता कुमारी, अजय सिंह, अनुपा टोप्पो, अलका कुमारी, मोहम्मद फैयाज, अरमान अनवर, मो जफर, गोपाल विश्वकर्मा, शिवबचन सिह, दिवाकर तिवारी शामिल थे।

32 पेंशन सहित 40 लोगों का ई-श्रम कार्ड का किया गया रजिस्ट्रेशन

विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड के पंजरी कला पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 32 पेंशन योजना की सूची ऑन स्पॉट दी गई। साथ ही 40 लोगों का ई श्रम कार्ड का रजिस्ट्रेशन किया गया है। शिविर में 12 मनरेगा मजदूरों के बीच जॉब कार्ड दिया गया। 82 आवेदन पीएम आवास के आये, जिस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो गयी। मुखिया रंभा मिश्रा ने बताया कि शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याएं दूर करने की सार्थक पहल जारी है।

भाजपा ने जन आक्रोश रैली निकाल कर राज्य सरकार का जताया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। भारतीय जनता पार्टी की हरिहरगंज मंडल इकाई द्वारा शनिवार को राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इससे पहले मेन रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के मैदान से भाजपा कार्यकर्ता बैनर हाथ में लेकर रैली निकाली। जो प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया।

खास बातें : भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। वही अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। इस सरकार के क्रिया कलापों से किसान मजदूर छात्र व्यवसायी सभी परेशान हैं। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की इस निकम्मी व भ्रष्ट सरकार से जनता को निजात दिलाने के लिए भाजपा संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, विनोद कुमार सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, लाल बहादुर सिंह, सत्येंद्र मेहता, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पासवान, महामंत्री सन्नी गुप्ता, रौशन सिंह, दिनेश गुप्ता, चंदन प्रजापति, सूर्यांशू सिंह, सत्येंद्र पासवान, गणेश शौंडिक, सनोज गुप्ता, हरिओम सिंह, अशोक सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विजय यादव, विनोद पासवान, अवधेश मेहता, रघुनंदन साव, राजेश कुमार दास, मुन्ना मेहता, डॉ संजय कुमार, महेंद्र सिंह, संजीव सिंह, विजय प्रजापति, दिनेश स्वर्णकार, टंटू मिश्रा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

हुसैनाबाद : हैदरनगर के भाजपाइयों ने किया राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। भाजपा हैदरनगर के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को हेमंत सरकार की गलत नीति, राज्य में लचर कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव ने किया। प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा नेता अविनाश वर्मा थे। प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह विस प्रत्याशी विनोद सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्रवेश सिंह जिला मंत्री संतोष सिंह जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह समेत नेताओं ने संबोधन करते हुए सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

खास बातें : मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम के प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में घोटाला और भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुकी है। बालू और कोयला घोटाला में यह सरकार मस्त है। कार्यक्रम के समय बीडीओ का कार्यालय से अनुपस्थित रहना गलत है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह ने कहा, ग्रामीणों को मिलने वाला मुफ्त राशन भी नहीं बंट रहा है। हेमंत सरकार मुफ्त बिजली, 5 लाख युवाओं को रोजगार, पढ़े लिखे युवाओं को हर माह बेरोजगारी भत्ता, दो लाख का किसान ऋण माफी जैसे अनेक वादे कर जनता को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखा वोट बटोरने वाली यह ठग सरकार को सत्ता में बने रहने का हक नहीं है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह, जिला कार्यसमिति संतोष सिंह, मुखिया सह भाजपा नेता सोनल सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष कुसुम देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष आनंद कुमार, विवेक दुबे, भाजयुमो मंत्री वीरेंद्र सोनी, आकाश वर्मा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजा सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ अजय जायसवाल, हरिओम गुप्ता, शिव मेहता, अरुण कुमार शामिल थे।

भव्य होगा बिरसा जयंती और राज्य स्थापना दिवस समारोह

■ कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में भव्य तरीके से स्थापना दिवस मनाने को लेकर उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे ने जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की साफ-सफाई, रंग-रोहन व तथा प्रतिमा के इर्द-गिर्द सड़क किनारे सफाई हेतु संबंधितों को निर्देशित किया।

पदाधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू उपायुक्त ए दोड्डे।

उन्होंने कहा पूर्वाह्न 10 बजे मेदनीनगर स्थित रेलवे स्टेशन रोड में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा इसके पश्चात संध्या 5 बजे टाउन हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी सरकारी भवनों में साफ-सफाई तथा विद्युत सज्जा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से भी अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, सदर एसडीओ राजेश साह व हुसैनाबाद एसडीओ समेत जिला स्तरीय विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

विवादों से निपटारे के लिए लोक अदालत महाकुंभ तुल्य : पीडीजे

➲ लोक अदालत में कई मामले का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। विवाद निपटारे के लिए लोक अदालत महाकुम्भ हैं। इसमे मामले निपटारे से पक्षकारों के बीच बैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए मिट जाता है। वही पक्षकार के साथ साथ वकील, जज भी पुण्य के भागी बनते हैं। उक्त बातें पलामू न्याय मण्डल के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने कही। वे शनिवार को व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इसके पूर्व पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र, डीजे संतोष कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, एस डी पी ओ सुजीत कुमार, अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने लोक अदालत का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

खास बातें : पीडीजे ने कहा कि लोक अदालत एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां पर सभी तरह का मुकदमा का निपटारा हो सकता है। उन्होंने कहा कि लिटिगेशन के साथ-साथ प्री लिटीटिगेशन के मामले भी लोक अदालत में निपटाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण से रंजिश सदा सर्वदा के लिए समाप्त हो जाता है। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार ने कहा कि तालुका से लेकर देश स्तर पर लोक अदालत में मामले निपटाए जा रहे हैं। जो लंबे समय से लंबित रहते हैं। उन मुकदमों को दोनों पक्षकारों को बुलाकर निपटारा किया जाता है। यह गरीबों के लिए सबसे ज्यादा कारगर है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में सुलभ व सरल तरीके से न्याय मिल जाता है। लम्बी प्रक्रिया से मुक्ति मिलता हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ो रुपए का लाभ पक्षकारों को कम समय मे दिलाया गया है। इस मौके पर अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत के कारण मुकदमे के संख्या बढ़ोतरी में कमी आई है। मुकदमे का बोझ कम करने व त्वरित न्याय के लिए लोक अदालत का आयोजन होता हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले लोगों में जागरूकता आया है।

पड़वा : घर के आंगन में खड़ी बाइक की चोरी

पड़वा पलामू। थाना क्षेत्र के गाड़ीखास के महेश महतो की बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। घटना शुक्रवार की रात की है। महेश पड़वा में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया कि रोज की तरह उसका बाइक(जेएच 03एल 2062) खड़ा कर सो गया था। सुबह जगा तो देखा कि बाइक गायब है। महेश ने बताया कि बाइक के डिक्की में ही आधार कार्ड, एटीएम, वोटर कार्ड सहित कई कागजात भी था। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सरकार के विरोध में भाजपाइयों का प्रदर्शन

सतबरवा पलामू। भारतीय जनता पार्टी सतबरवा इकाई के द्वारा शनिवार को मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में झारखंड सरकार के विरोध में काली मंदिर मेलाटांड़ से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा समर्थ शामिल हुए। वही झारखंड सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार भ्रष्टाचार,हत्या, तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। ऐसे सरकार को आनेवाले 2024 के चुनाव में झारखंड की जनता उखाड़ फेंकेगी। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह, दुर्गा जौहरी, आशीष सिन्हा,राणा प्रताप कुशवाहा, सोनू सिकंदर, राजेंद्र सिंह चेरो, संदीप कुमार,अजय उरांव, अशोक साहू, चंचल कुमार, अशोक यादव शामिल थे।

शिविर में ऑन द स्पॉट ग्रामीणों के मामले निष्पादित

पाटन पलामू। प्रखंड के नावा खास पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, नावा खास मुखिया मनोज कुमार, जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवं नन्द यादव ने किया। शिविर में पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, पाटन बीस सुत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह, कमेश पाण्डेय, नावा प्रभारी संजय रजक, गुडू सिंह चन्दवंशी, पप्पु सिंह, दीनदयाल सिंह, बीपीओ रणधीर जायसवाल, मनरेगा के सहायक आपरेटर धीरज कुमार उपस्थित थे। शीविर में सभी विभागों के अधिकारी पदाधिकारी उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्या संबंधित आवेदन दिये। विभागीय कर्मियों ने उपस्थित लोगों का आवेदन प्राप्त कर ऑन द स्पॉट मामले का निपटारा किया। शिविर में बृद्धा पेंशन, सावित्री बाई समृद्धि योजना, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, साड़ी व धोती का भी वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने सरकार के योजना के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का एक-एक निर्णय विपक्षियों के लिए जमालघोटा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में पास किये गये प्रस्ताव में 1932 का खतियान एवं एससी, एसटी व ओबीसी को दिये गये आरक्षण का लाभ राज्य वासियों के लिए एक बहुत बड़ी सौगात राज्य की हेमंत सरकार ने दिया है। इस विधेयक को पास हो जाने से झारखंड के आदिवासी व मूलवासी के साथ ही साथ अति पिछड़ा व पिछड़ा वर्ग को आनेवाले समय में काफी लाभ मिलनेवाला है। उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी ने कही। उन्होंने 1932 का खतियान विधानसभा में पारित करने पर हेमंत सरकार को बधाई देते हुए कहा कि जबसे झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तबसे वे राज्यहित एवं राज्यवासियों के हित में एक से बढ़कर एक महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं जिससे राज्य के विपक्षी पार्टियों के लिए जमालघोटा का काम कर रहा है। हेमंत की सरकार शिक्षा, रोजगार, सिंचाई, स्व रोजगार के साथ ही साथ महिलाओं के उन्नति के लिए कई अभूतपूर्व निर्णय लिये जा रहे हैं। जिसे राज्यवासियों को लाभ मिल रहा है। सरकार गरीब गुरबों के घर तक पहुंच रही है।

संजीव तिवारी।

हेमंत सरकार कर रही तुष्टिकरण की राजनीति : डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी

खबर मन्त्र संवाददाता

उंटारी रोड पलामू। प्रखंड में शनिवार को भाजपा द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च की शुरूआत उंटारी मिडिल स्कूल से हुई। बाजार भ्रमण के बाद आक्रोश मार्च प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचा,जहां मार्च सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर व संचालन अरविंद मेहता ने किया। सभा में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम प्रभारी वरीय भाजपा नेता रामचंद्र यादव ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। राज्य सरकार विकास के बजाए तुष्टिकरण कर रही है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में दलितों व आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी जाकर राज्य का भला होगा।

भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का चैनपुर में जनसंपर्क

›› जनता का आशीर्वाद मिला तो निगम को बनायेंगे अव्वल

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। घर-घर पदयात्रा के क्रम में भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने शनिवार को चैनपुर के वार्ड नंबर 35 में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में श्री सिंह ने वार्डवासियों का आशीर्वाद लेते हुए कहा कि बिते पांच साल में वो निगम के लोगों के साथ सदैव खड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगरनिगम चुनाव में अगर आप सभी आशीर्वाद देते हैं तो नगर निगम को अव्वल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उनहोंने कहा कि नगर निगम ने चैनपुर को बेसहारा छोड़ दिया है और आज चैनपुर वासियों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित होना पड़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि अगर उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो चैनपुर शाहपुर को निगम का दर्शनीय क्षेत्र बनाने की पहल की जायेगी।

ब्रेन हेमरेज से समाजसेवी का निधन, क्षेत्र में शोक

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड के भगत तेंदुआ गांव निवासी 55 वर्षीय समाजसेवी रामजन्म पासवान का ब्रेन हेमरेज होने के कारण निधन हो गया। वे रांची रिम्स में इलाजरत थे। उनका अंतिम संस्कार कटैया गांव समीप बटाने नदी घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र पवन कुमार ने दी। उनके दाह संस्कार में राजद के प्रदेश महासचिव सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, अरविंद पासवान, रामजी पासवान, डॉ संजय कुमार, गुप्ता पासवान, लखन पासवान, अखिलेश पासवान, जगरनाथ ठाकुर, योगेंद्र बैठा, जनेश्वर बैठा थे।

हरीद्रानंद और नीलम आनंद के अधूरे कार्यों को बढ़ाने की जरूरत : अर्चित आनंद

■ पाटन शिव मंदिर में शिव शिष्य गोष्ठी सह शिव चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पाटन प्रखंड के शिव मंदिर के प्रांगण में शिव शिष्यों की संगोष्ठी सह शिव चर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर शिव के गुरू स्वरूप से जनमानस को जोड़ने पर बृहद चर्चा की गयी। मौके पर रांची के अर्चित आनंद ने लोगों से चर्चा की। शिव शिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार आनंद ने कहा कि हरीद्रानंद ने शिव गुरू स्वरूप को जनजन में स्थापित करने में अपना संपूर्ण जीवन बीता दिये। उनकी सहयोगी के रूप में दीदी नीलम आनंद ने भी गुरू कार्य को बढ़ाने में अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हमारी जिम्मेवारी है कि इनके कार्यों को आगे बढ़ाने की। कहा कि शिव जनजन के गुरू हैं। भगवान सबकुछ देते हैं लेकन आज जिले के लोगों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है। हरीद्रानंद पाटन बीडीओ के रूप में सेवा दिये थे। कहा कि इनका पाठन शिव मंदिर से काफी जुड़ाव था। उन्होंने इस मंदिर के जीर्णोद्धार में यथासंभव मदद का आश्वासन दिया।

चैनपुर: महुगावां में एफपीओ ने किया 70 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। प्रखंड की बेतला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड एफपीओ से किसानों को उत्तम किस्म का सरसों बीज वितरण किया। जिसमें किसानों को सही समय पर एवं वैज्ञानिक तरीके से फसल लगाने के लिए जागरूक किया गया ताकि अधिक उत्पादन हो सके। कंपनी के अध्यक्ष अशोक चौरसिया व सचिव बृजेश पांडेय उर्फ मुन्ना ने कहा कि बेतला किसान कंपनी लिमिटेड किसानों के सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समर्पित एवं संकल्पित है।

लाभुक किसानों के बीच सरसों के बीज का वितरण करते संस्था के अधिकारी व किसान।

खास बातें : किसानों को सही समय पर बीज खाद एवं दवा उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र कुमार तिवारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी आय ज्यादा से ज्यादा बढ़े इसी उद्देश्य के साथ सरकार काम कर रही है। बेतला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड बहुत ही अच्छी काम कर रही। किसानों को उचित सलाह सही समय पर बीज खाद एवं दवा उपलब्ध करवा रही है इसके लिए कंपनी के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों सदस्यों को बधाई दी। कहा कि एफपीओ को और मजबूत करने के लिए सांसद से बात कर सरकार द्वारा मदद का भरोसा दिया। ताकि किसान आत्मनिर्भर हो सके और भी आयुर्वेदिक खेती हो इस पर ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर सचिव ब्रजेश कुमार पांडेय ने बताया कि आज महुंगावा, बांसडीह, बरांव, नरसिंहपुर पथरा, मझिगांव व कोसियारा के 70 किसानों के बीच सरसो बीज वितरण किया गया। मौके पर रविंद्र कुमार चौरसिया, अवधेश कुमार चौरसिया, उदेश चौधरी, राकेश कुमार चौरसिया, कृष्ण मुरारी चौरसिया, मुकेश चौरसिया, धीरेंद्र चौरसिया, फरजाना सिद्दीकी, निरंजन तिवारी रजनीश तिवारी, राजेंद्र महतो, राजेश तिवारी, लालमणि चौरसिया, विष्णु देव चौरसिया, रविंद्र चौधरी, वीरेंद्र चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, मनोज चौधरी, मुंसिफ चौधरी अजय चौरसिया, अवधेश प्रसाद, बिंदा प्रसाद चौरसिया, अवध किशोर चौरसिया, निराला प्रसाद, दिलीप कुमार, शंभू प्रसाद, युगल चौरसिया, ओम प्रकाश चौरसिया आदि मौजूद थे।

जरूरतमंद लोगों की सेवा जीवन की सबसे बड़ी पूजा : वासब चौधरी

➲ स्वास्थ्य शिविर से गरीबों को मिलेगी राहत : डॉ सच्चिदानंद

खबर मन्त्र संवाददाता

पड़वा पलामू। नावा बाजार थाना क्षेत्र के राजहरा कोठी स्थित कन्या मध्य विद्यालय में सीसीएल के राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन राजहरा क्षेत्र के महाप्रबंधक वासब चौधरी ने किया। राजहरा कोलियरी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सच्चिदानंद ने शिविर में आये 54 लोगों का जांच किया। जांच के बाद निः शुल्क दवा भी दिया गया। शिविर में अर्पिता महिला मंडल की सृजन महिला मंडल द्वारा गरीब असहायों के बीच गर्म वस्त्र व कंबल का वितरण किया गया।

जांच करते चिकित्सक और समारोह में महिला मंडल के सदस्य।

खास बातें : महिला मंडल में सीसीएल के अधिकारियों की पत्नियों का समूह है। महाप्रबंधक वासब चौधरी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है। ऐसी सेवा से सुकून मिलता है। कहा कि सीसीएल सिर्फ कोयला उत्पादन नहीं करती, बल्कि खनन क्षेत्र की परिधि के लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो, इसका भी ध्यान रखती है। राजहरा कोलियरी में कोयले का उत्पादन जल्द शुरू हो, इसके लिए प्रबंधन निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने इलाके के लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि फिर से पुरानी रौनक लौट सके। यदि कोलियरी में कोयले का उत्पादन शुरू हो जायेगा तो प्रबंधन सीएसआर के तहत कई कल्याणकारी कार्य करेगा। डॉ सच्चिदानंद ने कहा कि ऐसे शिविर से गरीब तबके के लोगों को काफी राहत मिलती है। डॉ सच्चिदानंद ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग व संवेदनशील रहने की अपील की। मौके पर परियोजना पदाधिकारी जेपी रावत, प्रबंधक जुगल कुमार, महिला मंडल के सुटापा चौधरी, प्रेरणा कुमारी, रश्मि कुमारी, अर्चना मेहता, रानी ऐडम, केएन पांडेय, सत्येन्द्र पांडेय, रामानंद पांडेय, योगेंद्र शुक्ला मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

पीपीके कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस कल

बुंडू। रांची विश्वविद्यालय रांची के निर्देशानुसार पंच परगना किसान कॉलेज बुंडू में आगामी 14 नवंबर को बिरसा जयंती के उपलक्ष में जनजातीय गौरव दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैण्जिसमें जनजातियों सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा यह जानकारी पीपीके कॉलेज इंटर इकाई के प्रभारी प्रिंसिपल हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर राधारमण साहू ने दी है।

मांडर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

मांडर। पुलिस ने कांड स0 92-21 के अभियुक्त नगड़ी थाना के भंडरा टोली निवासी सुजीत कच्छप को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। वही उक्त कांड के दूसरा अभियुक्त भंडारा टोली के ही रहने वाले राहुल कच्छप ने पुलिस का दबाव देखकर शुक्रवार को माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण कर लिया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

सिकिदिरी। सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के खालसा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक स्कूटी सवार घायल हो गया। घटना शनिवार की शाम करीब पांच बजे की है। घायल व्यक्ति सिकिदिरी बस्ती रहने वाला जाहिद अंसारी ;50 वर्षद्ध है। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। स्कूटी सवार जाहिद ओरमांझी से अपने घर सिकिदिरी की ओर जा रहा था।इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।घटना के चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर से गुजर रहे सांसद प्रतिनिधि सुजीत कुमार सोनी अपने कार से उसे अस्पताल पहुंचाया।

बेड़ो में यादव महासभा के सदस्यों की बैठक

बेड़ो। दिव्यकुलम वैदिक विद्यालय बेड़ो में शनिवार को यादव महासभा का आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अहीर रेजिमेंट हमारा अधिकार हैए यह हमें मिलना चाहिएए इसके तहत विषय पर चर्चा विमर्श किया गया। बैठक में 1962 के भारत चीन युद्ध में 113 यादव सैनिक शहीद हुए शहीदों के शहादत दिवस प्रत्येक वर्ष 18 नवंबर को मनाया जाता है जिसे इस बार बेड़ो में भी मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अगला बैठक 15 नवंबर 2022 को दिव्यकुलम वैदिक विद्यालय बेड़ो में रखा गया है।

राजकीय मवि मांडर में शिक्षिकाओं की मनमानी

मांडर। प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय मांडर के शिक्षिकाओं की मनमानी शनिवार को सामने आया है। स्कूल का खुलने का समय है नौ बजे और शिक्षिकाएं पहुंचती है।कई लोगों से शिकायत मिलने पर जब मांडर पंचायत के मुखिया प्रकाश खलखो के साथ एक अखबार के स्थानीय प्रतिनिधि ने जब विद्यालय जाकर जांच की तो देखा कि 10.30 बजने तक भी कोई शिक्षिकाएं यहां मौजूद नहीं थी। विद्यालय में महज 35 बच्चे नामांकित है जबकि यहां 3 शिक्षक कार्यरत हैंए एक शिक्षिका छुट्टी पर है जबकि दूसरी शिक्षिका मधु कुमारी भी लगभग 11रू00 बजे स्कूल पहुंची थी। मामले की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंदरी ने भी मामले को लेकर कड़ी कार्रवाई की बात की है।

सर्वोदय पब्लिक स्कूल में भाषण प्रतियोगिता

राहे। सर्वोदय पब्लिक स्कूल राहे में झारखंड स्थापना दिवस के पूर्व छात्रों के द्वारा इंटर ग्रुप स्पीच कंपटीशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चार समूह मार्सए मर्करीए जूपिटरएओर विनस के बीच हिंदी और अंग्रेजी भाषा में प्रतियोगिता किया गया। प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप हिंदी स्पीच में जुपिटर ग्रुप के दीपा कुमारी प्रथम रही।मर्करी ग्रुप से माही साव द्वितीय रही। जूनियर ग्रुप से स्तुति पाखी ओर रितेश दत्ता विजेता रही।

जन आक्रोश रैली: 1932 आधारित स्थानीय नीति जनता से धोखा

भाजपा की जन आक्रोश रैली में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ रैली व ओरमांझी में आयोजित जन आक्रोश प्रदर्शन में पहुंचे राज्य के पूर्व मंत्री सह भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप साही ने हेमंत सोरेन सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा सोना कर झारखंड भ्रस्टाचार में डुब गया है। गलत लोगों के हाथों में सरकार जाने से राज्य का विकास अधर में लटक गई है। गरीबों को ईटा गिट्टी सीमेंट मिल रहे है पर बालू नहीं मिल रहा है। बालू की लूट के कारण राज्य के गरीब लोगों का प्रधानमंत्री आवास निर्माण नही हो रहा है। उन्होने कहा रघुवर की शासन में मां बेटियों को अधिकर देने का काम किया था। प्रशासन की तूती बोलती थी। वहीं उन्होने कहा एक रूपया में जमीन अनुबंध बंद करा महिलाओं का अधिकर छिन लिया गया। आज अपराधिक घटनाओं में भी जतना को सुरक्षा नहीं मिल रही। पुलिस बालू लदी गाड़ी के पीछे कूदते हुए नजर आते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में शनिवार को ओरमांझी में जन आक्रोष रैली निकाली गई थी। रैली में भाजपा कार्यकताओं के साथ काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। बाद में प्रखंड मुख्यालय स्थित हेमंत सरकार की जनविरोधी नीतियों व राज्य में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार, तुष्टीकरण व बालू, पत्थर की लूट और झूट के विरोध में प्रदर्षन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने हेमंत सोरेन से नैतिकता के आधार पर पद से इस्तीफा की मांग की और कहा तीन वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है। राज्य सरकार के दबाव में अधिकारी जनवितरण प्रणाली की 20 फीसद अनाज का आवंटन देकर 80 फीसद फर्जी वितरण करने को मजबूर किया है। आदित्य प्रसाद साहू ने ओरमांझी में निर्माण हो रहे मार्केट कंप्लेक्स के निर्माण में व्याप्त अनियमितता का मुद्दा भी उठाया और जांच कराने को कहा, सीओ द्वारा जमीन दलालों को बढ़ावा दी जा रही है। इसका षिकायत भी मिल रही है। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा जमीन की दलूट व दलाली बंद नही हुई तो कार्यकताओं से जमीन दलालों व गरीबों के साथ अत्याचार करने वालों को घसीटने का कार्य करेगी। वहीं सीओ को भी कुर्सी सहित बाहर निकाल फेकने का भी कार्य की जाएगी। कार्यक्रम में मानकी राजेंद्र साही, अमरनाथ चैधरी, लक्ष्मण साहू, बालक पाहन, उमाशंकर साहू, कृष्ण कुमार, अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, अरविंद कुमार, संजय कुमार, राजकिशोर साहू राजधान साहू, सत्यमराज कुशवाहा, सुनील कुमार, नीरज नायक, मुकेश पांडे, गंगेष्वरी देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

रैली में शातिल आदित्य साहू व भानुप्रताप शाही।

झारखंड में राष्ट्रपति शासन की जरूरत: विधायक

रातू। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने मंडल भाजपा की ओर से प्रखंड परिसर में आयोजित जनांक्रोश सभा में सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सूबे की कानून व्यवस्था चरमरा गयी है।चारों ओर अराजकता का माहौल है।हत्याए लूटए चोरीए रेप व छिनतई आदि घटनाएं आम होने से जनताए विशेष कर महिलायें असुरक्षित हैं। विकास योजनाओं में लूट मची है। ट्रांसफर.पोस्टिंग की दुकानें चलायी जा रही है।इससे पूर्व फन कैशल पार्क से मुख्यालय तक हेमंत हटाओ.झारखंड बचाओ रैली निकाली गयी। श्री जायसवाल ने झारखंड में प्रेसिडेंट रूल की वकालत करते हुये कहा कि खनन पट्टा मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जेल जाना तय है। विधायक ने राज्य की बदहाली के लिये श्री सोरेन को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति व पिछड़े वर्ग के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण को छलावा करार दिया। संचालन सुबोध साहू ने किया। इसके उपरांतए श्री जायसवाल की अगुआई में देवेंद्र सिंह व रूपेश महतो ने बीडीओ के प्रधान सहायक राजीव कुमार को राज्यपाल के नाम स्मार पत्र सौंपा। मौके पर सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।

इन्होंने भी रखी बातें : आरती कुजूर, सुमन मिश्र, सुषमा तिर्की, संजीव तिवारी, मुकेश भगत, राजेंद्र पांडेय, जेम्स खलखो, रूपेश महतो, अमित गोप, रामानंद तिवारी, मनोज गुप्ता, संजय राय, सत्यनारायण यादव, अजय तिवारी, देवेंद्र सिंह, हजारी प्रसाद, गोपाल प्रसाद, कामेश्वर महतो, संजय महतो, गारमेंट भगत, कृष्णा भगत, राजेश सिंह, प्रवीण सिंह व चंद्रनाथ महतो आदि।

डीलर इमानदारी से करें राशन वितरण: अनिल

राशन देने के बाद रसीद भी दें

सभी को प्राप्ति रसीद प्रदान करें । यदि ऐसा नहीं करते हैं तो झामुमो खलारी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आप सभी पर पैनी नजर रखेंगे और अनियमितता करते हुए पकड़े जाने पर कार्यवाही करने को बाध्य होंगे इसके साथ ही खलारी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवीयों से भी निवेदन है की जन वितरण प्रणाली पर विशेष निगरानी रखें और गरीब जनता को उनके हक का राशन दिलाने में उन्हें मदद करें ।

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खलारी प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को ईमानदारी के साथ राशन वितरण करने की नसीहत दी है ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से लोगो से शिकायत मिला करता था कि उन्हें राशन गोदाम से कम राशन प्राप्त होती है जिसकी शिकायत वह पदाधिकारियों से लगातार कर रहें थे और राशन डीलर गरीब लाभुकों को कम राशन देते थे लेकिन तत्काल में खलारी प्रखंड के सभी राशन डीलरों को राशन वजन करके दीया जा रहा है फिर भी गरीब जनता के हक में से कटौती कर रहे हैं जो कि काफी दुर्भाग्यपूर्ण है वहीं सूचना मिल रही है कई डीलर मशीन से वजन ना कर के बल्कि टीना या डब्बा से नाप कर वितरण कर जिससे यदि 15 केजी खाद्यान्न देना है तो डब्बे से 13 केजी ही लाभुक को दिया जा रहा है। झारखंड सरकार के द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया है की सभी कार्ड धारियों को अंगूठा लगाने के बाद रसीद जरूर दें लेकिन खलारी प्रखंड के अधिकांश राशन डीलर मशीन में कागज डालते ही नहीं हैं और तरह तरह का बहाना बनाकर रशीद देने से बचते हैं जिससे उन्हें अनियमितता करने में सहायता होती है अतः प्रेस के माध्यम से हम सभी राशन डीलरों से आग्रह करते हैं की सभी लाभुकों को निश्चित आवंटित राशन वजन करके प्रदान करें और कोई कटौती ना करें ।

मांडर: दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो/मांडर। खलारी रोड स्थित चंडीस्थान के निकट शुक्रवार रात आठ बजे दो बाइक के बीच हुई टक्कर में चामा निवासी चालीस वर्षीय गोपी भगत की मौत हो गयी, जबकि अठाइस वर्षीय पिंटू उरांव व जरिया लोहरदगा के पचीस वर्षीय दिनेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि गोपी अपनी बाइक में किसी को छोड़ने के लिए भगत मोड़ गया था और वहीं से वापस लौट रहा था इसी दौरान उक्त स्थान के निकट सामने से आ रहे पिंटू की बाइक से उसके बाइक की सीधी टक्कर हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिये रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया जहां से रेफर किये जाने के बाद रिम्स ले जाने के क्रम में गोपी की मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की रात को ही करीब आठ बजे मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे चौक के निकट एनएच 75 पर सड़क दुर्घटना में चान्हो के बरहे निवासी कुलदीप उरांव और बंधना लोहरा घायल हो गये। दोनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक ईलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया।

एक नजर में

उत्कृष्ट कार्य के लिए बेड़ो थाना प्रभारी को ग्रामीण एसपी ने किया सम्मानित

बेड़ो। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के उत्कृष्ट कार्य को लेकर शनिवार को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। पूर्व में बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कई ऐसे अपराध की योजनाओं की तैयारी कर रहे अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके अलावा चोरी समेत लूटपाट के कांडों में सम्मिलित अपराधियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वही क्षेत्र में शांति व्यवस्था माहौल कायम रखने को लेकर ग्रामीण एसपी के द्वारा बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया।

सराय फार्मर प्रोड्यूसर कार्यालय का उदघाटन

इटकी। प्रखंड के बिंघानी रोड में शनिवार को सराय फार्मर प्रोड्यूसर कार्यालय का उदघाटन जिप सदस्य रीना देवी व बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रोड्यूसर के स्टेट ऑफिसर पीएम अखौरी ने जानकारी दी कि इस कार्यालय से वर्तमान में ढाई सौ महिला किसानों को जोड़ा जायेगा। साल के अंत तक इसमें डेढ़ हजार महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य है। महिलाएं इससे जुड़कर अपने खेतों में उपजाये गये फसलों की बिक्री कर उचित मूल्य प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की बीपीएम सुजाता सोनीएमुखिया रमेश महली व धनेश्वर राम सहित अन्य शामिल थे।

1932 खतियान पर स्थानीय नीति पारित होने पर झामुमो ने मनाया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। झारखंड विधानसभा में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल पारित होने पर सिल्ली में झामुमो कार्यकताओं ने जमकर मनाई खुशी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो के नेतृत्व में झामुमो कार्यकताओं ने सिल्ली के बुंडू मोड़ में आतिशबाजी की। इसके अलावा उन्होंने एक दूसरे को रंगए गुलाल और अबीर लगाई। वही लोगों के बीच मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अनिल बेदियाए हेमंतए संतोष साहूए अजीत कुमार महतोए अशोक कुमार महतोए द्वारिका महतोए सुभाष महतोए लखी चरण मुंडाए पांडे महतो ए दशरथ महतोए विजय सावए लोधा बेदियाए प्रमोद महतो भागीरथ महतोए दिलीप महतोए मुकेश महतोए चैता महतो फेंकना महतोए उपेन महतोए दुलाल मोदकए अजय महतोए मोती लाल महतो समेत कई झामुमो कार्यकर्ता

कांग्रेस की सोनाहातू में भारत जोड़ो यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

सोनाहातू। सिल्ली विधानसभा कोंग्रेस कमिटि के तत्वावधान में सोनाहातू प्रखंड के बारेडीह चौक से कोंग्रेस कार्यकत्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ किया। भारत जोड़ो यात्रा प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता डॉ राकेश किरण महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ता हारिनए बांकुए भकुवाडीह गांव पार करते हुये सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय तक आये। 10 किलोमीटर पैदल यात्रा के बाद प्रखंड मुख्यालय में स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल पर सभा अयोजिय किया गया।सभा को संबोधित करते हुये राकेश किरण महतो ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्य को जन जन तक पहुँचाना है।क्रमबद्ध तरीके से हर गांव में उद्देश्यों के साथ यात्रा निकाली जायेगी। जातिए धर्मए वर्ग को हम एक शूत्र में जोड़ने के लक्ष्य को लेकर भारत जोड़ो यात्रा कर रहे है।रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश बैठा ने कहा कि भाजपा देश को जाति के नाम पर एधर्म के नाम पर ओर वर्ग विशेष के नाम पर बांटने का काम कर रही है। हम देश को बाँटने नही देंगे। मौके ओर प्रमुख विक्टोरिया देवीए उप प्रमुख निशिकान्त गोंझुए महिला मोर्चा के मेरी तिर्कीए सिल्ली अध्यक्ष नागेंद्र गोस्वामीएराहे अध्यक्ष राजकिशोर मुंडाएसोनाहातू अध्यक्ष अजगुत महतोए ज्ञान अहीरएप्रदीप गोस्वामीएमुकुंद यादवएराजकुमार

कस्तूरबा विद्यालय में खेलो इंडिया का पूर्वाभ्यास, प्रतियोगिता कल से

सिल्ली। राज्य सरकार द्वारा आयोजित विद्यालय स्तरीय खेलो इंडिया प्रतियोगिता आगामी 14 नवम्बर से आयोजित की जायेगी। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के बाद 17 एवं 18 नकम्बर को प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता होगी। इसके लिये कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार को खेलों का पूर्वाभ्यास भी कराया गया। कस्तूरबा की छत्राओ को शॉट पुटए जेवलिन थ्रोए हाई जम्पए लांग जम्पए डिसकस थ्रोए कबड्डी एवं फुटबॉल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान अनामिका लकड़ाए चंद्रिका कुमारीए नीलम कुमारी समेत शिक्षिका मौजूद थी। बीआरसी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को प्रखंड व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए भेजा जायेगा।

नगड़ी में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन । साथ ही प्रखंड कार्यालय का घेराव कर बीडीओ नूतन कुमारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। आक्रोश प्रदर्शन नगड़ी नारों बाजार से नगड़ी मेन रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। प्रखंड कार्यालय का घेराव कर भाजपा कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। मौके पर कार्यकर्ता हेमंत सरकार मुदार्बादए हेमंत हटाओ झारखण्ड बचाओए बालु व खनिज संपदा का लूट बंद करोए प्रखण्ड में लुट खसोट बंद करोए आदिवासी और मुलवासी के ऊपर जुल्म करना बंद करोए महिलाओं पर जुल्म करना बंद करो आदि नारा लगा रहे थे। मौके पर उपस्थित विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार यहां की भोली भाली जनता को गुमराह करने में लगी है।

सिल्ली रेलवे स्टेशन पर खुला मोटरसाइकिल और साइकिल स्टैंड

स्टैंड के खुलने से होगी सहुलियत

खबर मन्त्र संवाददाता

सिल्ली। सिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में साइकिल व मोटरसाइकिल स्टैंड का उद्घाटन सिल्ली स्टेशन मास्टर एल उरांव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्थानीय यात्रियों के वर्षों पूरानी मांग आज पूरी हो रही है। इस स्टेशन से डेली पैसेंजरों की एक बड़ी संख्या प्रत्येक दिन आवागमन करते हैं। उन्हें अब अपने साइकिल व वाहन रखने के लिए सहूलियत होगी। यात्रियों की सुविधा अनुसार स्टैंड का विस्तार भी किया जाएगा। स्टैंड का संचालन पीके इंटरप्राइजेज के द्वार तीन साल के अनुबंध पर लिया गया है। इस मौके पर अजीत कुमार सिंहए रविंद्र नाथ महतोए डीटीआई एसके भदानीए विश्वनाथ कुमार महतोए श्यामल लोहराए विकास कुमारए बालेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

इतिहास विभाग के छात्रों का विदाई समारोह

सिल्ली। सिल्ली कालेज सिल्ली परिसर में शनिवार को इतिहास विभाग के सत्र 2019-22 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उदघाटन प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो ने किया। प्रो विश्वनाथ मुंडा ने स्वागत भाषण दिया। कालेज के विद्यार्थियों ने पढ़ाई के दौरान अपने अपने अनुभव साझा किये। छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति की। भावना गुप्ता एवं अष्टमी कुमारी ने समारोह का संचालन किया। इस मौके पर सावित्री बालाए प्रो नकुल चन्द्र महतोए डॉ मनोज कुमारए अर्चना कुमारीए रूबीए पायल एवं गौतम समेत सभी कर्मचारी व छात्र मौजूद थे।

बीडीओ ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

सरकार आपके द्वार

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। सिमलिया कठरटोली स्थित पंचायत सचिवालय सभागार में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ हरिशंकर बारिक व सीओ प्रदीप कुमार ने लोगों को केंद्र और राज्य संपोषित योजनाओं की जानकारी दी। पीएम आवासए पेंशनए राशन कार्डए पीसीसी सड़क व और पक्की नाली निर्माण को लेकर करीब 22 सौ अर्जियां पड़ी। इसमें 16 सौ का त्वरित निपटारा किया गया। नये राशन कार्ड बनाये गये। जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। धोती.साड़ी बांटी गयी। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड दिया गया। अध्यक्षता प्रमुख संगीता तिर्की ने की। संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। स्वागत भाषण मुखिया फुलमनी देवी व धन्यवाद ज्ञापन सरपंच सुखराम उरांव ने दिया। मौके पर डॉ विजय कुमार, देवानंद पांडेय, विनय कुमार, डॉ प्रीतिए मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, मनीता कुमारी, दीपिका हेंब्रम, अर्चना सिन्हा, अलख सिंह, अनिता कुमारी, संतोष उरांव, शालिनी आईंद, अल्बर्ट मिंज, अभिषेक कुमार, किरण कुमारी, अमित कुमार, दिलीप महतो, मो शकील, तक्षिम अंसारी, बबलू हजाम, मोख्तार अंसारी, कीर्ति रानी खलखो आदि मौजूद थे।

जागरूकता विकास की कुंजी: बीडीओ

बेड़ो। जागरूकता ही एक ऐसी कुंजी हैए जिससे विकास के सारे द्वार खुलते हैं। जागरूक ग्रामीण गांव की तकदीर बदलते हैं। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के नेहालु कपरिया पंचायत में आयोजित आपकी योजनाए आपकी सरकारए आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने कहीं। उन्होंने प्रखंड के विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी एवं विकास संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पंचायत में वंचित वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की उपस्थिति सभी लाभुकों का पेंशन स्वीकृत करते हुए उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही ग्रामीण से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। वहीं मौके पर सीओ सुमंत तिर्की ने अंचल द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाए जिसमें प्राकृतिक आपदा के तहत मानव क्षतिए पशु क्षतिए फसल क्षतिए मकान क्षतिए मुआवजा एवं जमीन संबंधी त्रुटि के सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। वहीं कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्कीए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अवनि कुमार झाए अंचल निरीक्षक भीखम कुमारए पशुपालन पदाधिकारी डॉ संजय उरांवए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केसरीए बेड़ो पूर्वी के जिला परिषद प्रतिनिधि जगन्नाथ भगत आदि ने अपने विचार रखे। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल में अतिथियों के आगमन पर अंबाटोली की सुमति कुमारीए रूपम कुमारीए सुमति मींज, पूनम कुमारीए फुलमनी कुमारी एवं इनकी सहयोगियों द्वारा नृत्य एवं गान किया गया।

बेड़ो में इंटर कॉलेज स्तरीय खो-खो का चयन

बेड़ो। रांची विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज स्तरिये खो.खो चयन ;ट्रायल 2022 का आयोजन शनिवार को करमचंद भगत महाविद्यालय के द्वारा बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में किया गया। चयन प्रतियोगिता में 13 महाविद्यालय के 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय के प्रतिभागियों से केसीबी कॉलेज के प्राचार्य डा अजीत कुमार ने परिचय की। उन्होंने टॉस कर खेल प्रारंभ करवाया।

समय संवाद

झारखंडी संस्कृति देशज सौन्दर्य का आलोक

रणेन्द्र

झारखण्ड की अपनी विशिष्ट संस्कृति निर्विवाद रूप से यहाँ की देशज आदिवासी संस्कृति है। दामोदर घाटी की गोद में हजारों वर्ष पूर्व पली-बढ़ी। प्रकृति पर विजय नहीं बल्कि उसकी पूजा और उसके साथ सामंजय करती सामुदायिकता एवं सामूहिकता पर आधारित, श्रम रस में रची पगी, उत्सवधर्मी संस्कृति आदिवासियत की विशेषता है। यह सत्य है कि 19वीं सदी के पूर्वार्द्ध से ही बहिरागतों की तेज लहर के कारण जनगणना की सांख्यिकी में उसकी आबादी का प्रतिशत घटते-घटते 30 प्रतिशत के आसपास रह गया है किन्तु खुदकट्टीदारी गाँवों के बसाने के समय दैनिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु जो कारीगर जातियाँ साथ-साथ बसाई गई थीं, जिन में से अधिकतर अनुसूचित जातियों का था एवं कुछ पिछड़ी जातियाँ भी थी, उनकी भी जीवन-शैली, रहन-सहन, पूजा-पाठ, पर्व-त्योहार लगभग एक समान थे। मूल खुदकट्टीदार आदिवासी गोत्रा का सरना ही पूरे गाँव का सरना था। सबके खेतों में भरपूर फसल हो, इसके लिए पाहन उसी सरना में सरहूल के पर्व के दिन प्रतीक के तौर पर पहनाईन के संग विवाह रचाते हैं। यह उर्वरता के लिए आकाश और धरती का विवाह है। इसलिए प्रकृति के विविध रंगो के अनुरूप नाचती-गाती, दुख-सुख झेलती आदिवासियों-सदानों की एकरूप संस्कृति झारखण्ड के जंगलों में विकसित हुई। जिसे सभी ने अंगीकार किया।

प्रसिद्ध विद्वान डॉ. रामदयाल मुण्डा का भी यह मानना है कि, ह्लझारखण्ड संस्कृति की पहचान का आधार यहाँ की आदिवासी संस्कृति की विरासत ही है। हम यह मानकर चलते है कि यहाँ का गैर-आदिवासी भी उसके आदिवासीपन के कारण ही झारखण्डी है।ह्व (आदिवासी अस्तित्व और झारखण्डी अस्मिता के सवाल पृ. 29)

स्थापना दिवस पर विशेष

किसी भी राज्य के विकास में उस प्रदेश के हर व्यक्ति का योगदान होता है। हम कतृज्ञ समाज है, हम पर्वतों और प्रकृति के हर तत्वों का योगदान और अहसान स्वीकार करते हैं। हमारा मूल स्वभाव ही विश्व के श्रेष्ठ आचरण संतोष के साथ जुड़ा है।

लोक की विशिष्टताएँ

झारखण्डी देशज संस्कृति की चार मुख्य विशेषताएँ अनायास ही ध्यान आकर्षित करती हैं, यथा-

प्रकृति के साथ समभाव

प्रकृति के साथ सहज समभाव जहाँ वैदिक धर्म अद्वैतवादी दर्शन के तहत ह्लसोऽहम्ह्व का उद्घोष करता हरेक जीव में ईश्वर के अंश की शाश्वत उपस्थिति को रेखांकित करता, एक समतावादी जीवन दृष्टि सौंपता है, तो झारखण्डी आदिवासी दर्शन भी अपने सरना या आदिधर्म के सिद्धांत और व्यवहार में अद्वैत दर्शन के साथ ताल मिलाता दिखता है। नदियों, पर्वतों आदि में चेतनता तलाशने वाले सनातन वैदिक धर्म की भांति झारखण्डी आदिवासी दर्शन भी निजीवों तक में ईश्वर की उपस्थिति का अहसास करता है, उन्हें पूजनीय मानता है।

गांव के निकट साल/शाल/साखू वृक्षों का पवित्रा समूह ही सरना स्थल है। वहीं सर्वोच्च देवता सिंगबोंगा या धरमेस की पूजा-अर्चना होती है। सरना स्थल के सबसे ऊँचे शाल पर ग्रामदेवता हातूबोंगकों का निवास माना जाता है। पहाड़, मरांग बुरूबोंगा हैं, महोदव-महादनिया है। नदियाँ इकिरबोंगा के रूप में आराध्या हैं आदि।

झारखण्डी जन-जीवन के सारे पर्व त्यौहार प्रकृति से जुड़े है चाहे वह सरहूल हो या करमा, फागू हो या सोहराय। आदिवासी समाज के लिए सारा जीवजगत या वनस्पति जगत अन्य-नहीं हैं बल्कि अन्यन्य है। वे अपने गोत्रा की शुरूआत किसी जीव या वनस्पति से मानते हैं और वे उनके लिए पवित्रा टोटम होते हैं।

झारखण्डी समाज की मान्यता आज भी यही है कि प्रकृति से उतना ही लिया जाए कि अगली पीढ़ी को भी विरासत में सब कुछ मिल सके। तार्किक-वैज्ञानिक सस्ट्नेबल डेवलप्मेन्ट, सतत-विकास के सिद्धान्त भी यही बात कहते हैं।

सामुदायिकता में प्रबल आस्था

झारखण्डी समाज-संस्कृति की धुरी ही सामुदायिकता है। वैसे भी कृषि आधारित जन-जीवन की अर्थव्यवस्था सामुदायिकता पर निर्भर होती है। संयुक्त परिवार के कई जोडे.हाथ ही कृषि उत्पादन की श्रम आधारित प्रणाली को संभाल पाते हैं। झारखण्ड में रोपनी, कटनी और खलिहान तक फसल ढोने का कार्य पूरा टोला मिलकर निभाता है। सब एक-दूसरे की मदद करते है। यह प्रथा-परम्परा ह्लमदईतह्व कहलाती है। दरअसल झारखण्डी समाजिकता ह्लमदईतह्व और ह्लसहियाह्व जैसे सरस परम्पराओं से ही जीवन्तता प्राप्त करती है।

झारखण्डी समाज की सामुदायिक जीवन-शैली गाँव की सामूहिक बैठकी, जिसे यहाँ ह्लअखड़ाह्व कहा जाता है, में भी दिखती है। गाँव के बुजुर्ग अखड़ा के साप्ताहिक बैठकों में बहुमत से नहीं सर्वसम्मति से गाँव के विवादों का निपटारा करते आ रहे हैं। यह उनकी ग्राम स्वशासन की सदियों पुरानी विरासत है।

झारखण्ड के पाँचवी अनुसूची वाले इलाकों में उपर्युक्त स्वशासन की त्रिस्तरीय व्यवस्था रही है। शहरीकरण और बहिरागतों की बाढ़ ने निश्चित तौर पर उक्त त्रिस्तरीय स्वशासी प्रणाली को कमजोर किया है किन्तु मूण्डा, हो और संताल बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में वह स्वशासी व्यवस्था अभी भी जीवन्त है। **(लेखक साहित्यकार सह सेनि आइएएस अधिकारी हैं। वर्तमान में टीआरआई के निदेशक पद पर हैं।)**

भक्ति का मर्म

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

सभी लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है और स्वतः मन में भी उठता है। सवाल यह है कि अगर सभी लोग डाक्टर हो जाये तो क्या होगा? सभी लोग वकील हो जाये तो क्या होगा? यह प्रश्न ही गलत है। प्रकृति ने संसार की रचना ही इतने अच्छे ढंग से की है कि सब कोई -सब कुछ नहीं हो जाता है। महात्मा दर्शनानंद जी इस बात की व्याख्या बहुत अच्छे ढंग से कहते रहे। भक्ति में प्राथमिक स्थिति से विश्वविद्यालय तक की स्थिति बनती है। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करें। भक्ति जिस प्रकार की जाए वह अच्छा है। चरण चलने का सूचक है

बंदऊँ गुरू पद पदुम परागा
सुरूचि सुबास सरस अनुरागा॥

आखिर कौन सा कारण है कि तुलसीदास ने गुरू चरण की वंदना की है, उनके शरीर के बाकी अंग जैसे नाक, कान, मुंह, मस्तक आदि की वंदना नहीं की है। गुरूचरण की वंदना करने का कारण यह है कि गुरू जिस रास्ते पर चले हैं अथवा वे जिस रास्ते का अनुसरण किये है भक्तगण को उसी रास्ते पर चलना चाहिए। गुरू के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। गुरू ने जिस तरीके से ज्ञान भक्ति तथा वैराग्य ग़ारण किया है तरीके को जानकर उसे अपनाना चाहिए। जीवन में धार्मिक ग्रंथों का बड़ा महत्व है, निम्नलिखित दर्शन धार्मिक ग्रंथ में पाये जाते हैं-

1.वेदांत दर्शन, 2.न्याय दर्शन 3.योग दर्शन 4.सांख्य दर्शन 5.वैशेषिक दर्शन 6.मीमांसा दर्शन। सांख्य दर्शन के प्रतिपादक कपिल मुनि है। सांख्य शब्द संस्कृत के शब्द साक्ष्य से बना है। साक्ष्य का शाब्दिक अर्थ प्रमाण है। सांख्य में अनुसार ब्रह्म ज्ञान का द्योतक है। सांख्य का मतलब ब्रह्म ज्ञान का प्रमाण होता है। सांख्य दर्शन में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन है। यह दर्शन साान मार्ग वालों की है। आसन, प्राणायाम, यम नियम, इत्यादि से ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति इस दर्शन से होता है एक बार राजा जनक ने यह अनुष्ठान किया था। उस यज्ञ में मुख्य पुरोहित याज्ञवल्क्य जी थे। चारों तरपफ से विद्वान तथा पंडित आये थे। उन्हीं विद्वानों में पांचाल क्षेत्रा की भार्गी थी। बहुत विद्वानों ने याज्ञवल्य जी से प्रश्न पूछे वृहदारण्यक उपनिषद उन्हीं प्रश्नों का संग्रह है। याज्ञवल्य जी से पूछा गया-पृथ्वी किससे आच्छादित है, उत्तर था जल। जल पृथ्वी के कण-कण में समाया है, बिना जल के पृथ्वी टूट जाएगी। जल किससे आच्छादित है उत्तर था अग्नि, क्योंकि अग्नि में जल समाहित हो जाती है। अग्नि वायु से आच्छादित है, वायु आकाश से आच्छादित है। आकाश मन से आच्छादित है। जब तक मन की गति है आकाश है। जब मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है तो आकाश का आभाष नहीं होता है। मन ब्रह्म में आच्छादित है, पर ब्रह्म किसी में आच्छादित नहीं है। यह पूछना अतिवाद है। ब्रह्म किसी से आच्छादित नहीं है, यह सर्वोच्च है। ब्रह्म का भाव ही ज्ञान है। शिवगुरू से संबंित लोग कहते है ब्रह्म का आनंद तुम्हारे अंदर है, तुम्हें कहीं और जाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन अपने अंदर मनुष्य ;जीवद्ध किस तरह जाये यह नहीं बताते है।

श्रीमदभागवतगीता में लिखा है कि यज्ञों में जप-यज्ञ महान है। जपयज्ञ करने से मनुष्य भवसागर से जल्दी ही पार हो जाते हैं और किसी भी यज्ञ में यह शक्ति नहीं है कि मनुष्य भवसागर को पार हो जाये। *सो अनन्य जाकें असि मति न टरइ हनुमन्त ।*
मैं सेवक सचराचर रूप स्वामी भगवंत।।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर शाखा कुटी : रांची)

आधुनिक भारत के निर्माता जवाहर लाल नेहरू

एफ एन निलेष

आधुनिक भारत के निमार्ता, भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बच्चों के चाचा नेहरू और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का आज जन्मदिन है। पंडित जवाहरलाल नेहरू एक अग्रिम स्वतंत्रता सेनानी, उत्कृष्ट लेखक, अद्भुत वक्ता, इतिहासकार, और आधुनिक भारत के निमार्ता थे।

नेहरू जीवन परिचय

भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 इलाहाबाद में हुआ था। भारत में उनका जन्मदिन बाल दिवस हैरो और कैम्ब्रिज में पढ़ाई कर 1912 में नेहरूजी ने बार-एट-लॉ की उपाधि ग्रहण की।

ीः 15 अगस्त 1947 27 मई 1964 नेहरू कितने दिनों तक जेल में रहेजेलः 3355 दिन,पहली बार जेल (लखनऊ डिस्ट्रिक्ट जेल),6 दिसंबर, 1921 से 3 मार्च, 1922 (2 महीने 28 दिन) कुल 87 दिनदूसरी बार (लखनऊ डिस्ट्रिक्ट जेल और इलाहाबाद)11 मई, 1922 से 31 जनवरी 1923 कुल 265 दिन।तीसरी बार (नाभा पंजाब) 22 सितंबर, 1923 से 4 अक्टूबर, 1923कुल 12 दिन की सजा।चौथी बार (इलाहाबाद नैनी जेल)14 अप्रैल, 1930 से 11 अक्टूबर, 1930 (6 महीने 28 दिन) कुल 211 दिन।पांचवीं बार (इलाहाबाद नैनी जेल)19 अक्टूबर, 1930 से 26 जनवरी, 1931(3 महिना 7 दिन) कुल 99

दिन।छठी बार (नैनी, बरेली और देहरादून जेल)

26 दिसंबर, 1931 से 30 अगस्त, 1933 कुल 613 दिन।

सातवीं बार (अलीपुर नैनी अल्मोड़ा और देहरादून जेल)

12 फरवरी, 1934 से 3 सितंबर, 1935 कुल 568 दिन।?आठवीं बार (गोरखपुर)

31 अक्टूबर, 1940 से 3 दिसंबर, 1941 कुल 398 दिन।

नौवीं बार (अहमदनगर, बरेली और अल्मोड़ा)

9 अगस्त, 1942 से 15 जून, 1945 कुल 1102 दिन।

नेहरू द्वारा महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना

1948 - भाखड़ा नांगल डैम
1950 - आईटीआई खड़गपुर
1950 - योजना आयोग
1954 - रिहंद बांध परियोजना
1954 - सेल1954 - बार्क
1955 - भिलाई इस्पात संयंत्र
1956 - ओएनजीसी1956 - एम्स1958 - डीआरडीओ
1961 - आईआईएम
1961 - फरक्का परियोजना
1962 - इसरो1964 - भेल

नेहरू की भूमिका

नेहरू जी 6 बार कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर चुने गएः 1929, 1936,1937, 1951,1953 और 1954। 1942 के 'भारत छोड़ो' आंदोलन के दौरान नेहरूजी 9 अगस्त 1942 को बंबई में अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए और अहमदनगर जेल गए, जहां से वे 15 जून 1945 को रिहा किए गए। नेहरू जी ने पंचशील के सिद्धांतों का प्रतिपादन किया और 1954 में 'भारतरत्न' से अलंकृत किए गए।

जवाहर लाल नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता कहा जाता है। आजादी के बाद भारत के लिए अंग्रेजों ने कुछ भी नहीं छोड़ा था। अंग्रेज जाते-जातेअपनी नापाक कूटनीति में कामयाब हो गए थे। भारत के टुकड़े कर दिए थे। देश का बहुत बुरा हाल था। खस्ताहाल और विभाजित भारत का फिर से निर्माण करना कोई आसान काम नहीं था। पंचवर्षीय योजना नेहरू जी की दूरदृष्टि का ही परिणाम था, जिसके नतीजा था कि देश का विकास सालों बाद मिल रहे हैं।

आधुनिक भारत के निर्माण में किए गए कार्यों को देखते हुए हैं पंडित नेहरू को आधुनिक भारत का निमार्ता कहा जाता है। उन्होंने शिक्षा से लेकर उद्योग जगत को बेहतर बनाने के लिए अनेकों कार्य किए। नेहरू जी इन उद्योगों को देश के आधुनिक मंदिर मानते थे।? इसके अलावा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की परिकल्पना तथा इसरो की स्थापना में नेहरू जी का प्रमुख योगदान था।

अकेलापन से भी अपनापन है मेरा मुझे मिलता है सुकून

अवंतिका राज चौधरी

अकेलेपन का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है।

अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

- हिंदू धर्म में तत्व ज्ञान के लिए एकांतवास अनिवार्य और आवश्यक है।

अपने से संवाद करें।

बच्चों के चाचा नेहरू

डॉ रेणु सिन्हा

देश में हर साल 14 नवंबर का दिन बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसी दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती होती है। 14 नवंबर का दिन जवाहर लाल नेहरू को समर्पित किया गया है। दरअसल जवाहर लाल नेहरू को बच्चों के प्रति बेहद स्नेह था। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। बच्चों के लिए बेशुमार प्यार, लगाव एवं देश को आजाद करवाने व स्वतंत्रता के बाद भारत को मजबूत बनाने में योगदान को लेकर जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर हर वर्ष बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। चाचा नेहरू हमेशा कहते थे कि देश के स्वर्णिम विकास में बच्चे की अहम भागीदारी है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं।

बाल दिवस के दिन स्कूलों में भाषण, डांस, खेल, डिबेट जैसी कई प्रतियोगिताएं होती हैं। अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इनाम दिया जाता है ताकि उन्हें प्रोत्साहन मिल सके। बाल दिवस के दिन बच्चों को गिफ्ट्स भी दिए जाते हैं। यहां हम बता रहे हैं 'बाल दिवस भाषण' जिससे देकर आप प्रतियोगिता जीत सकते हैं।

सर्दियों से बचने की तैयारी हो पूरी

जीवीएस शास्त्री

सर्दियों का आगाज हो चुका है। सर्दियों के मौसम में वैसे हो हर साल कुछ खास तैयारियां की जाती हैं लेकिन चूंकि यह साल कोरोना महामारी की दहशत में बीता है। और इसकी वजह से हमारे जीवन पर जो प्रभाव पड़ा, उनको देखते हुए यह साल अन्य से अलग रहा। पिछले कुछ समय में कोरोनावायरस ने हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। ऐसे में सर्दियों के मौसम में सेहत और स्किन का ख्याल रखना ज्यादा जरूरी हो जाता है।` लाइफस्टाइल से जुड़ी ये तब्दीलियां आप अपने जीवन में कर सकते हैं। इससे न केवल आपका जीवन सुखी रहेगा बल्कि आपकी सेहत भी बेहतर रहेगी...

धूप सेंकने के लिए वक्त निकालें

सर्दियों के मौसम में खुद के लिए वक्त निकालें। घर में पास बने पार्क या सखी-सहेलियों के साथ छत पर धूप का आनंद लें। सूर्य की किरणें विटामिन डी का स्रोत हैं, इसके साथ ही धूप सेंकने से जोड़ों का दर्द और सर्दी से होने वाले बदन दर्द से भी राहत मिलती हैं। जब आप पर्याप्त समय के लिए धूप में बैठते हैं तब शरीर के विटामिन डी की जरूरत पूरी होती है।

स्किन को रखें हाइड्रेट और

मॉइश्चराइज करें

सर्दियों के समय त्वचा रुखी और बेजान हो जाती है, ऐसे में अपनी स्किन को मॉइश्चराइज करें ऐसा करने से आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। आप चाहें तो स्किन को मुलायम बनाये रखने के लिए चेहरे पर शहद और मलाई लगा सकती हैं। इसके अलावा नारियल तेल से भी फेस मसाज कर सकती हैं।

वॉक या वर्कआउट

सर्दियों का मौसम काफी आलस भरा होता है। हर समय बस रजाई तान कर सोने और खाने का मन करता है लेकिन रोजाना वॉक और वर्कआउट दोनों ही करें। वर्कआउट करने से स्किन हेल्दी बनी रहती हैं। अगर आप एक हेल्दी लाइफ जीना चाहते हैं तो रोज वॉक और वर्कआउट को अपने रूटीन में उतार लें।

हेल्दी डाइट

सर्दियों के मौसम में खान-पान पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। खाने में मौसमी फल और सब्जियां जैसे आंवला और कई तरह के साग शामिल करने चाहिए। इसके अलावा आप सर्दियों में सोंठ और मेथी के लड्डू, बादाम, हल्दी वाले दूध, काढ़े, विटामिन उ से युक्त खाद्य-पदार्थ का भी सेवन कर सकते हैं। ये चीजें आपको अन्दुरूनी रूप से फिट रखेंगे।

सर्दियों में करें बालों की देखभाल

सर्दियों के मौसम में बाल बेजान हो जाते और कई बार इनमें रूसी की समस्या भी होने लगती है। इससे बचने के लिए सर्दियों में बालों को हफ्ते में दो बार धोएं। बालों को साधारण फ्रेश पानी से और माइल्ड शैम्पू से वाश करें। गर्म पानी से बालों को वाश करने पर उनकी प्राकृतिक शाइन चली जाती है। इसके साथ ही बालों में तेल की मालिश जरूर करें। बालों को धोने से एक दिन पहले बालों में गर्म तेल की मालिश करें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

योग से शरीर और मन दोनों को मिलता है बल

स्वामी मुक्तरथ

योग शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, हृदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रैस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।

हार्मोंस की समस्या से बचाव

महिलाओं में हार्मोंस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है। **वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

अवसाद और तनाव में राहत

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की

कैसी वैश्विक मानसिकता?



साभारः कॉटूनमूवमेंट डॉटकॉम

स्पीड न्यूज

उपायुक्त ने किया टाउन हॉल का निरीक्षण

रामगढ़। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने छतरमांडू स्थित टाउन हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु टाउन हॉल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल, लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ व उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

अलग-अलग दुर्घटना में दो युवक सहित महिला घायल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सीसीएल अस्पताल के समीप मेन रोड पर शनिवार को एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। जानकारी के अनुसार न्यू मदनाटांड़ पावर हाउस निवासी छोटू उरांव व राजू तुरी जेएच 02 भी 7359 नंबर की बाइक से भुरकुंडा आ रहे थें, इसी बीच बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीसीएल अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल छोटू उरांव को बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर दूसरी ओर सीसीएल के अधिनस्थ चलने वाली जेएच 01 डी एक्स 0496 नंबर की बोलेरो का चालक गुरुद्वारा के पास बड़कागांव सांढ निवासी किरण देवी के पैर को चोटिल करते हुए भागने लगा। इसी दरम्यान मास्टर दुकान के पास भी बाईक सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया।

नाई समाज ने किया बैठक का आयोजन

बरही। बरही छठ घाट सूर्य मंदिर के प्रांगण में बरही प्रखंड़ी पंचायत अध्यक्ष गोविंद ठाकुर के द्वारा नाई महासम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बरही अनुमंडल के 8 प्रखंड के लोगों ने बरही स्थित जवाहर घाट के फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में 2 पदों का चुनाव कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में बरही अनुमंडलीय नाई समाज का 8 प्रखंड नाई समाज को संगठन एवं नाई महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर सबकी सहमति। बताया गया कि फॉरेस्ट ऑफिस में 15 नवंबर को चुनाव नाई महासम्मेलन जो फरवरी माह 2023 में होना व करना है उसका अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य मेंबरों का चुनाव किया जाएगा एवं नाई समाज अनुमंडलीय स्तर पर भी अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा।

दो राजनीतिक दल आमने-सामने

बिष्णुगढ़। बिष्णुगढ़ प्रखंड परिसर में शनिवार को दो राजनीतिक दल आमने-सामने दिखे एक सरकार के नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थी तो वहीं दूसरी गठबंधन की सरकार द्वारा स्थानीय नीति को लागू कराने समेत सरकार के नीतियों पर जश्न मना रहा था। विदित हो कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के अगुवाई में सरकार के जनविरोधी नीतियों के के खिलाफ प्रखंड परिसर में धरना का आयोजन था लेकिन दो दिन पूर्व स्थानीय नीति का लागू होने से झामुमो दी प्रखंड परिसर में हीं जश्न मनाने की की ठानी।

भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली

सभी प्रखंड कार्यालयों के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन

खबर मंत्र संवाददाता

हजारीबाग। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालकर सभी प्रखंड कार्यालयो के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। कटकमसांडी प्रखंड में रैली की अगुवाई सदर विधायक मनीष जायसवाल ने किया। रैली कटकमसांडी भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुई। रैली निर्धारित स्थल पर पहुंचने के बाद प्रखंड-सह- अंचल कार्यालय परिसर में घुसकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की जन विरोधी रवैया और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और बाबुओं की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। विधायक मनीष वर्तमान गठबंधन की सरकार के खिलाफ जमकर बरसे और सरकार एवं स्थानीय बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी के कई जनविरोधी नीतियों और कारगुजारियों का पोल खोला। कहा कि झारखंड राज्य अराजकता की ओर तेजी से बढ़ रही है और जब तक यह गठबंधन की सरकार रहेगी तब तक लूट खसोट और भ्रष्टाचार, अत्याचार एवं दुराचार जनता को सहना ही पड़ेगा।

जन आक्रोश रैली में सांसद जयंत सिन्हा

प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का हल्ला बोल

इचाक। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा मंडल कमेटी की ओर से हेमंत सोरेन सरकार के नाकामियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय पर किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी प्रखंड मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता एवं सुभाष सोनी और संचालन गौतम नारायण सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार विकास से ज्यादा लूट पर ध्यान दे रही है।

झारखंड में कानून का राज खत्म: जयप्रकाश

बिष्णुगढ़। प्रखंड में भाजपाइयों राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के मुख्य अतिथि मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए श्री पटेल ने कहा कि झारखंड में कानून का राज खत्म हो गया है। झारखंड सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भी गरजे कहा की झारखंड में अफसरशाही और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। श्री पटेल ने संबोधन में यह भी कहा कि प्रखंड सह अंचल अफसरों कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के आम जनता को अगर परेशान किया जाता है तो भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी।

भाजपा ने एक दिवसीय जनाक्रोश प्रदर्शन किया

पदमा। प्रखंड कार्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशाल जन आक्रोश धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि झारखंड की जनता 3 साल की हिसाब मांग रही है, जनता आक्रोशित है, कहीं कोई काम नहीं हो रहा है, झारखंड डूबता जा रहा है, और हेमंत बाबू का चेहरा चमकता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाना है और हेमंत सरकार को हटाना है।

एक नजर में

धान बीज कंपनी द्वारा फसल प्रदर्शनी का आयोजन

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गरीकला में कोरटेवा पायनियर बीज कंपनी के द्वारा विशाल फसल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पायनियर हाइब्रिड धान 27D37 के विशेषता के बारे में किसानों को बताया गया। मौके पर मौजूद हजारीबाग के मैनेजर समित कुमार एवं एमडीआर सुनील कुमार और उपेंद्र कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि पायनियर 27D37 अत्यधिक पैदावार देने वाला हाइब्रिड धान है। जिसकी वाली अन्य धान के मुकाबले लंबी और गुच्छेदार एवं वजनदार होती है। जिससे किसानों को अत्यधिक उपज मिलता है और किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त होता है। साथ ही किसानों को धान के फसल में लगने वाले बीमारियों और किट संबंधित जानकारी भी दिया गया।

किराना दुकान में हुई चोरी

टाटीझरिया। प्रखंड के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत केषडा गांव में बीते रात शुक्रवार को संतोष किराना दुकान में चोरो ने मकान में दीवाल के भेंटिलेटर से रास्ते बनाकर अज्ञात चोरों ने दुकान में जाकर लगभग (50000) पच्चास हजार रुपये नकद कैश राशन तथा कॉस्मेटिक सामाग्रीयो को चुराकर ले गए। घटना की जानकारी संतोष किराना दुकान के दुकानदार भुक्तभोगी संतोष ने बताया उन्होंने यह भी कहा कि दुकान के माध्यम से ही हम अपने परिजनों का भरण पोषण करते हैं। हालांकि अज्ञात चोरों द्वारा की गई मामले को टाटीझरिया थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। बता दे कि इस प्रकार की घटनाएं इन दिनों बढ़ती ही जा रही है।

मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बरही एसडीओ ने की बैठक

बरही। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर की अध्यक्षता में प्रखंड भवन स्थित सभागार में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 से संबंधित सुपरवाइजरों व पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। एसडीओ पूनम कुजुर ने कहा कि मतदाता सूची का प्रारूप प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध कराया गया है ताकि कोई भी मतदाता अपनी सुविधानुसार मतदाता सूची का अवलोकन कर सकें। इस दौरान मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, किसी भी प्रकार के शुद्धिकरण, विधानसभा क्षेत्र अथवा मतदान केंद्र में परिवर्तन आदि संबंधी दावा आपत्ति क्रमशः प्रपत्र 6, प्रपत्र 7 एवं प्रपत्र 8 में प्राप्त किए जाएंगे। यह दावा आपत्ति कोई भी मतदाता अपने संबंधित बीएलओ के माध्यम से अथवा सीधे नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनवीएसपी) के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल पारित होने पर जताई खुशी

बरकट्ठा। झामुमो ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल पारित होने के खुशी में जुलूस निकाला और मिठाईयां बांट कर जश्न मनाया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश अंसारी ने कहा कि हेमंत सरकार ने जो राज्य की जनता से वादा किया उसे एक एक कर पूरा कर रही है। सीएम हेमंत ने पहले पुरानी पेंसन लागू किया। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल पास किया। ओबीसी आरक्षण भी 14 से 27 फीसदी किया। झामुमो नेता श्यामदेव यादव ने कहा कि सरकार जो कहती है वह कर रही है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि झारखंड को केवल लूट राज्य के रूप में देखता है। उसने केवल झारखंड को लूटा है।

भारतीय मजदूर संघ का युवा सम्मेलन संपन्न

चरही। भारतीय मजदूर संघ का एक दिवसीय युवा सम्मेलन शनिवार को चरही ऑफिसर्स क्लब में किया गया।कार्य की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा और संचालन जिला मंत्री नीरज कुमार सिंह ने किया।जबकि बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एसएन सिंह थे। जिला अध्यक्ष नवीन सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि युवा वर्ग लोगों भारतीय मजदूर संघ से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।संघ के जिला मंत्री नीरज सिंह ने कहा कि आज देश युवाओं के द्वारा ही चल सकती है।युवा देश धरोहर ही नहीं रीढ के हड्डी हैं। युवा चाहे तो भारतीय मजदूर संघ से जुड़कर देश और समाज का सेवा कर सकते हैं। मुख्य अतिथि एसएन सिंह ने कहा कि युवा शक्ति देश के महान शक्ति है। युवा ही किसी भी परिस्थिति में समाज और देश को बचाने का ताकत रखते हैं। युवा वर्ग के लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा।

रास्ते को बंद कर बनाया मकान, विद्यालय का रास्ता हुआ बंद

दारू। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कबलासी के मुख्य रास्ते को गांव के ही दौलत साव ने रास्ते को बंद कर ढलाई का मकान बना लिया है। मकान बन जाने के कारण बच्चों को विद्यालय आने जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रास्ते को बंद करने को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय के लिए गांव के कुछ लोगों ने जमीन दान की थी पर दौलत साव दान की गई जमीन पर कब्जा कर रास्ते को बंद कर दिया है। इस मामले में गांव में पंचायत भी हुई थी जिसमे बारह फीट रास्ते की जमीन को छोड़कर मकान बनाने की बात थी पर छठ पूजा के दौरान जल्दबाजी में पूरी जमीन पर घर की ढलाई कर दी गई। जमीन पर कब्जा होते देख अन्य रैयतों ने जिनके पूर्वज विद्यालय के लिए जमीन दान किये थे उनलोगों ने भी अंदर ट्रेंच काट दिए। गड्ढे के रास्ते से होकर जाने के दौरान विद्यालय की छात्रा ममता कुमारी गिर गई जिस कारण उसका हाँथ टूट गया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण देव ने बताया कि विद्यालय के रास्ते पर भवन निर्माण कार्य शुरू होने के समय ही उन्होंने थाना प्रभारी दारू, अंचलाधिकारी नीतू कुमारी और शिक्षा विभाग को आवेदन देकर मामले की जानकारी दी थी साथ ही निर्माण कार्य को बंद कराने का आग्रह किया था पर कोई करवाई नही की गई। दौलत साव का कहना है कि वह अपनी रैयती जमीन पर भवन बनवा रहा है जो कि उसका कानूनन हक है। इस बारे में ग्रामीण मोहम्मद अफजल का कहना है कि रास्ता बंद हो जाने से बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मांगों को ले विस्थापितों ने प्रबंधन को सौंपा पत्र

कहा- 15 दिनों के अंदर मांगें पूरी नहीं हुई तो कार्य होगा ठप

खबर मंत्र संवाददाता

बासल (रामगढ़)। झामुमो के युवा नेता सह विस्थापित योगेंद्र यादव के नेतृत्व में अपने विभिन्न मांगों को ले दर्जनों विस्थापित महिला-पुरुष ग्रामीणों ने शनिवार को भुरकुंडा प्रबंधन को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग-पत्र में कहा है कि वर्षों पूर्व स्थानीय विस्थापितों की सैकड़ों एकड़ जमीन राष्ट्रहित, उद्योगहित, विकासहित एवं जनहित के लिए अधिग्रहण किया गया है। लेकिन विस्थापितों को अभी तक उनका हक-अधिकार नहीं मिल पाया है। जिसके कारण स्थानीय विस्थापित रोजगार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर हैं। यहां तक कि बेरोजगारी, भुखमरी एवं पलायन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लेकिन वर्षों से सीसीएल जनहित एवं विकासहित की दुहाई देकर इसके विपरीत कार्य करती रही है। उक्त भूमि पर वर्तमान समय में पीएलआर कंपनी द्वारा कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कंपनी द्वारा बाहर से लाए गए स्थाई मजदूर, सुरक्षाकर्मी एवं टेक्निकल कर्मियों को बहाल कर कोयला उत्खनन कार्य कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय विस्थापित रैयतों में काफी आक्रोश है। पत्र में कहा है कि सीसीएल प्रबंधन व जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि कोयला निकासी होने पर बलकुदरा में लोकल सेल चालू कर स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराया जायेगा। प्रबंधन अविलंब इसे पूरा करे। ठेका कार्य स्थानीय विस्थापितों को देने, प्राथमिकता के आधार पर टेक्निकल कार्यों में स्थानीय विस्थापितों को बहाल करने, हेवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, सीएसआर फंड के तहत होने वाले कार्यों में विस्थापितों के साथ बैठक कर योजना का चयन करने आदि मांग शामिल है। पत्र में कहा है कि 15 दिनों के अंदर सभी मांगें पूरी नहीं हुई तो बलकुदरा आउटसोर्सिंग का कार्य पूर्ण रूप से ठप कर दिया जायेगा।

पत्र सौंपते झामुमो के युवा नेता सह विस्थापित योगेंद्र यादव व अन्य

भारत जोड़ो कार्यक्रम को ले पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न

भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस समर्थक

बरही। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रखण्ड के रसोईया धमना पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से मो तैयब को रसोईया धमना पंचायत का अध्यक्ष व नरेश कुमार को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यकर्ताओं को आजादी की लड़ाई के दौरान जान गवानी पड़ी थी। गांधी जी, पं. नेहरू, सरदार पटेल जैसे दिग्गज नेताओं को जेल जाना पड़ा था। देश की आजादी से लेकर नव निर्माण तक कांग्रेस का योगदान सर्वाधिक रहा है। विकास का जो खाका आज दिखाई दे रहा है। वह कांग्रेसियों के बलबूते ही तैयार हुआ है। पार्टी इन्हीं विचारों को लेकर आज बढ़ रही है। मौके पर मो तैयब, नरेश साव, मो तौकीर, मनोज साहू, गोपाल यादव, कार्तिक यादव, मो गोल्डेन, महबूब अंसारी, हसन रजा, मो अख्तर, मो मोजिन, मो रियाज, बासुदेव साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

मूर्ति के समीप फेंका गया प्रतिबंधित मांस, क्षेत्र में तनाव

गोला। जिले कुछ समय से असामाजिक तत्वों द्वारा साम्प्रदायिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। गोला प्रखंड में इस तरह की घटना एक सप्ताह के भीतर में दो बार घटी। पिछले कुछ दिनों पूर्व में एक शिव मंदिर में शिवलिंग को असमाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इस घटना को अंजाम देने वाले अभी तक पकड़े नही गए हैं। जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार जब सुबह ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर के समीप इधर उधर प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा फेंका हुआ है, तभी धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। भीड़ इकट्ठा होते देख गांव के ही एक विशेष समुदाय के बुजुर्ग व्यक्ति ने सभी गौ मांस को एक झोले में उठा कर घर ले गया तभी जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई कि यह प्रतिबंधित मांस को उठाकर घर ले गया तभी ग्रामीणों ने दबाव बनाया उसके बाद दूसरे समुदाय के बुजुर्ग व्यक्ति ने जहा जहा से मांस को उठाया था वहा रख दिया। स्थानीय ग्रामीण महेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस तरह की घटना से हिंदू धर्म के लोगों को बहुत ठेस पहुंची है। घटना को अंजाम देने वाले को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

झारखंडियों के सपने साकार कर रहे हैं झारखंड के सीएम : संजीव बेदिया

खबर मंत्र संवाददाता

भदानीनगर (रामगढ़)। राज्य की हेमंत सरकार द्वारा कैबिनेट में 1932 का खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिल पास करने के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पतरातू प्रखंड के विभिन्न जगहों पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए मिठाई बांटी और पटाखा फोड़ खुशी का इजहार किया। साथ ही एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर इसकी बधाई दी। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि वर्षों की मांग राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा कर झारखंडियों के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान आधार बन जाने व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलने से झारखंड के युवा एक नई दिशा की ओर बढ़ेगा। श्री बेदिया ने कहा 1932 झारखण्ड के लोगों का सपना था जिसे झाखण्ड के लाल हेमंत सोरेन ने काफी जद्दोजहद के बाद विधानसभा में पास करा दिया है। इससे साबित होता है कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड विकास के पक्षधर हैं। हर्ष व्यक्त करने वालो में मुकेश राउत, संदीप कुमार, दिनेश सहित झामुमो के दर्जनों लोग शामिल थे।

एनटीपीसी ने की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई

खबर मंत्र संवाददाता

बड़कागांव। शुक्रवार 11 नवंबर को मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड द्वारा 30 लाख टन प्रति वर्ष कोयला उत्पादन क्षमता के पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के उत्तर-पश्चिम खदान की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई हजारीबाग,केरेडारी के ग्राम इटिज के फुटबॉल मैदान में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पर्यावरणीय लोक सुनवाई विनोद कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी की अध्यक्षता में झारखंड प्रदूषण नियंत्रण परिषद के नामित पदाधिकारी अशोक कुमार यादव क्षेत्रीय पदाधिकारी हजारीबाग एवं कुमार गौरव जैन कंसलटींग इन्जेक्यटिव झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, रांची के संचालन में सम्पन्न हुआ। लोक सुनवाई में उपस्थित परियोजना प्रभावित ग्रामों के ग्रामीण तथा बड़कागाँव विधायक अंबा प्रसाद तथा पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित, एन. टी. पी. सी. एवं त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद थे। परियोजना प्रभावित ग्राम बरियातू, बसरिया, बेल्तु, जबरा,कण्डाबेर, नवाडीह, सीरमा, उरुब और अन्य गाँवो से करीब 2000 से अधिक कि संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा अपने विचार, समस्याओं एवं मांगों को अवगत कराते हुए, परियोजना का समर्थन किया गया।

पर्यावरणीय लोक सुनवाई में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा व्यक्त किए गए मांगों एवं सुझावों पर स्पष्टीकरण एन. टी. पी. सी. के पदाधिकारियों की ओर से दिया गया।

मौके पर उपस्थित अधिकारी

झारखंडवासियों के लिए आधार बना 1932 का खतियान: बिनोद

बरही। झारखंड राज्य में हेमंत सरकार द्वारा कैबिनेट में 1932 का खतियान व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बिल पास करने के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस बाबत बरही विस के पूर्व प्रत्याशी सह केंद्रीय समिति सदस्य बिनोद विश्वकर्मा ने हर्ष जताते हुए कहा कि वर्षों की मांग राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा कर झारखंडियों के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान आधार बन जाने व ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलने से झारखंड की दशा और दिशा में काफी बदलाव होगा।उन्होंने कहा कि 1932 का खतियान झारखण्ड के लोगों का सपना था जिसे झाखण्ड के लाल हेमंत सोरेन ने काफी जद्दोजहद के बाद विधानसभा में पास करा दिया है। इससे साबित होता है कि सीएम हेमंत सोरेन झारखंड विकास के पक्षधर हैं। हर्ष व्यक्त करने वालो में प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय, प्रखण्ड सचिव इम्तियाज अंसारी, संजय रविदास, विवेक विश्वकर्मा, मनोज केशरी, चंद्रमोहन शर्मा, गयूर अली सहित झामुमो के दर्जनों लोग शामिल थे।



सीसीएल परिवार में खेल प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत है बस उसे निखारने की : चंद्रशेखर तिवारी

कुजू। सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत आरा कोलियरी के जुबली मैदान में गत 10 नवम्बर से खेले जा रहे तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार 12 नवंबर को मेजबान कुजू क्षेत्र बनाम बरका सयाल के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। पहले क्वार्टर में बरका सयाल की टीम के 7 नंबर जर्सी खिलाड़ी संजय हेम्ब्रम ने एक बेहतरीन शॉट को गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। पूरे मैच के दौरान कुजू टीम के खिलाड़ियों को गोल दागने के कई पेनाल्टी व डायरेक्ट मौके मिले। लेकिन कुजू टीम ने अपने सभी मौके गंवाए। निर्धारित समय तक बरका सयाल अपनी बढ़त को बनाए रखा और कुजू को 1-0 से पराजित कर टूर्नामेंट के कप पर कब्जा जमाया। बताते चलें कि इस टूर्नामेंट में सीसीएल की कुल 12 टीमें हिस्सा ली थी। समापन समारोह के बतौर मुख्य सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद व विशिष्ट अतिथि सीसीएल के निदेशक कार्मिक एच एन मिश्रा की व्यस्तता के कारण उनकी अनुपस्थिति में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल कुजू क्षेत्र महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी के हाथों विजेता व उपविजेता टीम को कप व खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया।

घर पहुंच समस्याओं का समाधान कर रही है हेमंत सरकार : अंबा प्रसाद

खबर मंत्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को सेंट्रल सौंदा पंचायत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता मुखिया तिलेश्वर साव व संचालन पंसस उपेंद्र कुमार पासवान व झामुमो नेता उदय मालाकार ने किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अमित साहू व राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय एवं उपमुखिया कांति देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में 60 ग्रामीणों द्वारा समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा गया। जिसमें कई समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट कई किया गया। इस दौरान 20 जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। साथ ही कई लोगों का वैक्सीनेशन भी किया गया। शिविर में फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत महिला समूहों के बीच कुल 1 लाख 15 हजार रुपये के चेक का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्याओं का समाधान तो हो ही रहा है, इससे ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाने का भी काम किया जा रहा है। इसके पूर्व मुखिया तिलेश्वर साव द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर सीसीएल सौंदा पंचायत के मुखिया अभय कुमार, सयाल दक्षिणी पंचायत के मुखिया जगदीश कुमार साव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में वार्ड सदस्य विद्यानंद सिंह, विनीता देवी, रेशम भारती, चांदनी, आजाद, राजकुमार तांती, मनोज पासवान, डीलर कामता प्रसाद सिंह, रमेश प्रसाद, बालकिशोर ठाकुर आदि का विशेष योगदान रहा।

शिविर का उद्घाटन करती मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद

व्यवहार न्यायालय गुमला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 4729 मामलों का हुआ निष्पादन एवं 14 करोड़ 12 लाख 82 हजार रुपये राजस्व की वसूली

कोर्ट का रास्ता अंतिम विकल्प होना चाहिए: पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चंधरियावी व कुंटब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश लोलार्क दूबे, अपर सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थी एवं अगहन उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर पीडीजे श्री चंधरियावी ने कहा कि लोक अदालत में आकर लोग अपनी समस्याओं का समझौते के आधार पर समाधान कर सकते हैं। सुदूर क्षेत्रों से जो लोग लोक अदालत नहीं आ पाते हैं वैसे लोग ऑन लाइन आवेदन कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं। पीएलवी के अधिवक्ता ऐसे लोगों की सहायता के लिए हैं। श्री चंधरियावी ने कहा कि कोर्ट का रास्ता अंतिम रास्ता होना चाहिए। डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष ने कहा कि लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल 8 बेंच का गठन किया गया है। इन आठ बेंचों में न्यायालयों में लंबित क्रिमिनल, सुलहनीय वाद, नापतोल, एक्साइज, एनआई एक्ट, मोटरयान संबंधी मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 4729 मामलों का निष्पादन एवं कुल 14 करोड़ 12 लाख 82 हजार रुपए राजस्व की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित कुल 212 मामलों का निष्पादन किया गया। मोटर एक्सीडेंट के 13 मामलों में मृतक के आश्रितों को कुल 9920000 रुपैया का चेक प्रदान किया गया। बिजली संबंधित 900 मामलों में 5293982 रुपैया की राजस्व की वसूली हुई । बैंक लोन से संबंधित कूल 348 मामलों में 1012780 रुपैया, भू-अर्जन से संबंधित कुल 238 मामलों में 11 करोड़ 84 लाख 22 हजार लगभग निष्पादित हुआ। इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय लोलार्क दुबे, बालमुकुंद राय अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत गुमला, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुमला डीसी अवस्थी, मोहम्मद फहीम किरमानी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गुमला, मनोरंजन कुमार अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गुमला, प्रणव कुमार, निर्मला बरला एसडीजेएम गुमला एवं सुश्री जयास्मिता कुजुर न्यायिक दंडाधिकारी गुमला, अघन उरांव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, शंभू सिंह सदस्य स्थायी लोक अदालत गुमला, एवं जियाउल हक सहायक व्यवहार न्यायालय गुमला उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शामिल लोग व राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते पीडीजे

भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाये सरकार हटाओ, झारखंड बचाओ के नारे

प्रदर्शन करते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

कुडू। कुडू प्रखंड मुख्यालय के समक्ष पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा की ओर से धरना प्रदर्शन व विरोध मार्च निकाला गया। भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के नारों के साथ आंदोलन किया। मौके पर भाजपा नेता व्रज बिहारी प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में लूट खसोट चरम सीमा पर है। कुडू मंडल भाजपा अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को शीघ्र उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि सूबे की हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त अराजकता, भ्रष्टाचार, लगातार प्रदेश में हो रही तुष्टीकरण की राजनीति, महिला उत्पीड़न, युवाओं के साथ रोजगार देनेदेने कि की गई वादाखिलाफी के अलावा स्थानीय जन मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया गया। वहीं भाजपा महामंत्री यदुनंदन तिवारी ने कहा कि राज्य के कांग्रेस, जेएमएम वाली गठबंधन वाली सरकार सभी मोर्चे पर विफल रहा है।

गुमला नगर क्षेत्र की विकास योजनाओं में खुलेआम कमीशनखोरी चल रही है : विजय

पूर्व एसडीओ सह नप पदाधिकारी के कार्यकाल में हुए संसाधन खरीद व निविदा आवंटन की उच्च स्तरीय जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल नगर परिषद इकाई गुमला के द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत नप कार्यालय में विकास योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार व कमीशन खोरी को लेकर शनिवार को नप कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना दिया गया।

धरना का नेतृत्व नगर प्रभारी अजीत विश्वकर्मा ने की। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार व नगर परिषद प्रशासन के संरक्षण में गुमला नगर क्षेत्र के विकास योजनाओं में खुलेआम कमीशन खोरी चल रही है। वार्ड वार जनता की जरूरत के हिसाब से बगैर प्लान तैयार किए करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद शहरवासी गंदगी के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं तथा पेयजल , बिजली व बुनियादी सुविधा भी ठीक ढंग से नहीं मिल पा रही है। झारखंड आंदोलनकारी सह जेएनडी के नगर प्रभारी अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा नगर क्षेत्र में 17 नवंबर 2022 से भ्रष्टाचार के खिलाफ व जनसमस्याओं को लेकर राज्यव्यापी जागो अभियान के तहत शहर में भी जन जागरण शुरू करने तथा सौंपी जा रही मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में विभाग का घेराव करने की घोषणा की। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर परिषद गुमला के कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यकाल में संसाधन खरीद एवं विकास योजना सहित निविदा आवंटन की उच्चस्तरीय जांच कराने ,वार्डवार व जनता की जरूरत के हिसाब से योजना तय कर जन निगरानी में विकास योजना संचालित करने , पुगु नाला एवं चेटर नाला को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए नेकलेस प्रोजेक्ट को लागू कराने, बड़ाईक मुहल्ला स्थित विश्रामागार को चालू कराने, नगर जलापूर्ति हेतु मीटर की व्यवस्था करने, शहर के जाम नाली को बहावदार बनाने , अंडर ग्राउंड बिजली वायरिंग की व्यवस्था करने, वार्ड नंबर 22 सरना टोली में निमार्णाधीन पानी टंकी को पूर्ण कराते हुए शीघ्र चालू कराने के अलावे 19 सूत्रीय मांग-पत्र कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गुमला को मुख्यमंत्री सह नगर विकास मंत्री के नाम सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपी गई । धरना कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के वरिष्ठ किसान नेता आदित्य सिंह, सोमरा खड़िया, अशोक साहू , गोपेश्वर गोप, नवल किशोर पाठक, अशोक ठाकुर, शुभम उरांव, सरिता देवी, अंजू देवी, रूदन देवी, केसरी देवी के अलावे नगर क्षेत्र के दर्जनों जेएनडी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

धरना पर बैठे झानद के कार्यकर्ता व पदाधिकारी

अति उग्रवाद प्रभावित पेसरार में भाजपाई ने किया प्रदर्शन

लोहरदगा/पेसरार। भारतीय जनता पार्टी के पेसरार मंडल द्वारा जन आक्रोश रैली प्रदर्शन कार्यक्रम पेशरार प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रखंड अध्यक्ष भारत किसान के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ो कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, प्रभारी अनिल उरांव, पशुपतिनाथ पारस, राहुल शाहदेव मौजूद थे।

महागठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: विजय

डुमरी। झारखंड में बिगड़ते कानून व्यवस्था व राज्य सरकार के गलत कार्यशैली को लेकर शनिवार को डुमरी भाजपा मंडल के कार्यकताअें के द्वारा आक्रोश पूर्ण रैली निकाली गयी। रैली के बाद राज्यपाल के नाम का ज्ञापन बीडीओ एकता वर्मा को सौंपा गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद केसरी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेने के नेतृत्व में जब से गठबंधन की सरकार बनी है तब से राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रखंड स्तर से लेकर उच्च स्तर तक भ्रष्टाचार का पैमाना बढ़ गया है। वहीं महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में राज्य की बहन बेटियों पर अत्याचार बढ़ गया है। सरकार केवल अपनी राजनीतिक रोटी सेकने में व्यस्त है।

ग्लेडिएटर फाइनल में , दूसरे सेमीफाइनल में फालकंस ने रॉयल स्ट्राइकर को हराया

फाइनल में पहुंचने वाली ग्लेडिएटर की टीम

मैन आफ दी मैच को पुरस्कृत करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच शनिवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में शनिवार को खेला गया। पहला सेमीफाइनल ग्लेडिएटर व गोल्डेन ईगल की टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर गोल्डेन ईगल की टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए गलेडिएटर की टीम को आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्लेडिएटर की टीम ने निर्धारित दस ओवर में 102 रन बनाये।

जवाबी पारी खेलने उतरी गोल्डेन इगल की टीम दस ओवर में 95 रन ही बना सकी। ग्लेडिएटर की टीम मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। ग्लेडिएसटर की ओर से 34 रन बनाने वाले प्रताप सिंह को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच फालकंस व रॉयल स्ट्राईकर टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर फालकंस की टीम ने रॉयल स्ट्राईकर की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायल स्ट्राईकर की टीम ने 9 ओवर एक गेंद में 90 रन पर ऑल आउट हो गई।

जवाबी पारी खेलने उत्तरी फालकंस की टीम ने 7 ओवर एक गेंद में 6 विकेट खोकर मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फालकंस टीम की ओर से अंकित ने पांच गेंदों में शानदार छक्के जड़कर मैन ऑफ दी मैच बना। रविवार को फालकंस व ग्लेडिएटर की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इधर सुबह में गेट टू गेदर टीम मैंनेजमेंट व प्रशासन के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया। जिसमें मैनजमेंट की टीम जीत हासिल की।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 2553 केस का निष्पादन, 2,64,08272 रुपये की वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में वर्ष के आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन डालसा लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में लगाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार, बार के अध्यक्ष श्री प्रमोद पुजारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छः बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या 1 में बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में,बेंच संख्या 2 में मोटर दुर्घटना के वादों के केस निपटारे के लिए अरविंद कुमार नंङ्ग 2 तृतीय जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में, सुलहनिये दांडिक वादों के लिए चंदन सीजीएम के नेतृत्व में बेंच संख्या 3 का गठन किया गया। जबकि मोटर व्हीकल एवं सिविल वादों के निपटारे हेतु प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल के नेतृत्व में बेंच संख्या 4 एवं बैंक संबंधित वादों के निष्पादन के लिए न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता निधि तिग्गा के नेतृत्व में बेंच संख्या 5 का तथा उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए बेंच संख्या 6 का गठन नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में किया गया था। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2553 केसो का निष्पादन किया गया जबकि 2,64,08273 रूपए की वसूली अर्थदंड के रूप में की गई। निस्तारित किए गए वादों में कुल 239 वाद न्यायालय में लंबित वादों से संबंधित था। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे। राष्ट्रीय गान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ वर्ष के अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का समापन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में नरेंद्र प्रसाद साहू साहू को सौंपा गया।

उद्घाटन करते पीडीजे

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

घाघरा। घाघरा प्रखण्ड अंतर्गत डुको पंचायत में आपकी योजनाआपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैम्प का आयोजन शनिवार को किया गया। कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी बिष्णुदेव कच्छप द्वारा पेंशन, राशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा अन्य योजना जैसे पशुधन योजना, मुख्यमंत्री समृद्धि योजना, कृषि विभाग से संबंधित योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किये। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के लिए विभिन्न ट्रडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुडें और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करें। मौके पर प्रमुख सविता देवी,बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव,, गुरुकूल विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

कैरो प्रखंड मुख्यालय में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड प्रांगण में शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव उप प्रमुख मधुलिका रानी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, पूर्व उप प्रमुख दिलीप सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधती करते हुए जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव ने कहा कि जिस तरह नाम से ही पता चलता है कि आम जनता की योजना को सरकार द्वारा आम जनता के पंचायत में कार्यक्रम के माध्यम से लागू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, ताकि जो गरीब, लाचार, मजदूर, किसान अपनी समस्याओं व कामों को लेकर प्रखंड व जिला कार्यलय में नही जा सकते हैं वैसे लोगों की समस्याओं का निबटारा कार्यक्रम के माध्यम से हो सके, साथ ही सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जाती है किंतु जानकारी के अभाव में उसका लाभ आम जनता तक नही पहुँच पाता है जिसकी जानकारी यहाँ से दिया जाए। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता की बातों को सरकारी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों तक सीधा हो सके और इसका निराकरण किया जाए एहि मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि आज के समय में सरकार द्वारा इस तरह के आयोजन से निश्चित रूप से आम जनता को इसका लाभ पहुँचेगा साथ ही जनप्रतिनिधियों व सरकारी अधिकारियों को भी पता चल सके कि अभी भी ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी कितना समस्या है।कार्यक्रम में पांच लाभुकों को आवास पुर्णता प्रमाण पत्र, पांच लाभुकों को आवास स्वीकृति पत्र, सर्वजन पेंसन योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र, कैश क्रेडिट लिंकेज व फुलो झानो आशीर्वाद योजना का लाखों का डमी चेक दिया गया, साथ ही जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, और कम्बल वितरण इत्यादि किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी, बीरेंद्र महली, समाजसेवी शरत कुमार विद्यार्थी, बीपीओ मृणाल प्रकाश, बीपीओ विनीता तिर्की, बिटीएम अजय वर्मा, आकाश कुंवर, दिनेश उरांव, अमित कुमार, लाल अविनाश, अंचल निरीक्षक अनंत सयनम, अमन शिखर, श्रीवास्तव सहित प्रखंड व अंचल कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

एक नजर में

डीसी और एसपी ने वज्रगृह का किया निरीक्षण

लोहरदगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार द्वारा शनिवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति लोहरदगा में नगरपालिका निर्वाचन, 2022-23 अंतर्गत बनने वाले मतगणना हॉल व वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा भवन प्रमंडल, लोहरदगा के अभियंता को आवश्यक निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा कृषि बाजार उत्पादन समिति के कार्यालय में संचालित 18 वर्ष या इससे ऊपर की उम्र के युवक-युवतियों के लिए मतदाता सूची में रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का भी अवलोकन किया और उम्र संबंधित अर्हता प्राप्त युवक-युवतियों का रजिस्ट्रेशन कराए जाने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। इस मौके पर अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, भवन प्रमंडल के अभियंता उपस्थित थे।

वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

घाघरा। सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन विद्यालय के सचिव श्रीमती अंकिता श्री के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। महोत्सव का समापन 30 नवंबर को होगा । खेल महोत्सव में पांचवी कक्षा से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं । जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन , वॉलीबॉल, कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आगाज विद्यालय के निदेशक श्री चंद्रकांत पाठक तथा प्राचार्य श्री एलटीएल शाहदेव के द्वारा विभिन्न खेल के प्रतिभागियों के साथ विधिवत परिचय तथा हाथ मिला कर किया। मौके पर निदेशक चंद्रकांत पाठक ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यालय में इस तरह का महोत्सव है हर साल आयोजित की जाती है।

विशुनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

गुमला। विशुनपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष राजू भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश डेलिगेट सह बिशुनपुर प्रभारी राजनील तिग्गा एवं प्रदेश डेलिगेट सह विशुनपुर विधानसभा भारत जोड़ो पदयात्रा प्रभारी बाबी भगत उपस्थित थी। बैठक में विशुनपुर प्रखण्ड के पांच-पांच पंचायत को बांट कर दो मंडल में बांट कर दो मंडल बनाया गया एवं सर्वसम्मति से मण्डल कमेटी का गठन किया गया। पूर्वी मंडल का मंडल अध्यक्ष संजय बाड़ा एवं पश्चिमी मंडल का अध्यक्ष चन्द्रर लोहरा को बनाया गया।

राज्य सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली

घाघरा। चांदनी चौक घाघरा स्थित भाजपा कार्यालय के समीप और आदर मंडल के भाजपाइयों ने जन आक्रोश रैली शनिवार को आयोजित किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने हाथों में तख्ती बैनर झंडा के साथ आक्रोश रैली में शामिल हुए। जन आक्रोश रैली में मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर आ गई है। लूट खसोट की राजनीति इस सरकार द्वारा चल रही है पूरे राज्य में लोग भय के माहौल में जीने को विवश है। भ्रष्टाचार शोषण दमन बलात्कार जैसी कई घटनाएं सुबे में हो रही है। बावजूद झांरखण्ड की हेमंत सरकार इस ओर कोई पहल नहीं कर रही है और यहां के लोगों का दुख दर्द से हेमंत सोरेन को कोई लेना देना नहीं है।

150 आवेदनों का ऑन दी स्पॉट निष्पादन

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बामदा पंचायत में प्रखंड प्रशासन के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पंचायत के आम जनों ने प्रखंड प्रशासन के समक्ष अपनी कई समस्याओं को रखा। प्रखंड प्रशासन के द्वारा गांव में विभिन्न विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 400 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन के द्वारा कई समस्याओं का तत्काल निवारण भी किया गया। वहीं प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा लोगो को सरकार के द्वरा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर एसडीओ प्रीति किस्कू ने कहा कि प्रशासन आपके द्वार आया हुआ है। आप जो भी समस्या हो बेहिचक हमारे पास रखें।

सभी नव पदस्थापित अपने अच्छे कार्यों से अपनी पहचान बनाएं : उपायुक्त

गुमला। झारखंड लोक सेवा आयोग की सातवीं से दसवीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में चयनित नगरपालिका सेवा के 63 परीक्ष्यमान पदाधिकारी शुक्रवार को गुमला शहर भ्रमण करने पहुंचे। श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआई, रांची) में प्रशिक्षणरत उपरोक्त पदाधिकारियों का यह जिला भ्रमण का कार्यक्रम था। भ्रमण के लिए नगर विकास विभाग की ओर से नगर परिषद गुमला के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार को समन्वयक बनाया गया था। संजय कुमार ने पूर्व में इन सभी परीक्ष्यमान पदाधिकारियों को एटीआई रांची में सैद्धांतिक प्रशिक्षण भी दिया हुआ है।

आइटीआई का जिप सदस्य ने किया निरीक्षण

जारी। जारी प्रखण्ड के सिसीकरमटोली पंचायत में नवनिर्मित आईटीआई का जिला परिषद दिलीप बड़ाईक एवं सिसीकरमटोली पंचायत के पूर्व उपमुखिया पवल लकड़ा के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम आईटीआई के प्राचार्य से आई टी आई के समस्या से रूबरू हुए। इस दौरान आईं टी आई के प्राचार्य ने बालिका छात्रावास के पास चापाकल, आईटीआई के चारों ओर चार दिवारी का मांग किया गया।

मृतक एजाज खान के परिवार को थाना प्रभारी ने की मदद

जारी। जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत के तिगरा गांव निवासी स्व. एजाज खान के परिवार को जारी थाना प्रभारी अनंत कुमार शर्मा के द्वारा उनका चालीसवें पर आर्थिक सहयोग के लिए 50 किलो चावल 10 किलो दाल 20 किलो आलू प्रदान किया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि मैं एजाज खान के परिवार वालों के लिए हर सम्भव जो भी होगा मदद करने के लिए तैयार हूँ। किसी भी तरह का कोई भी परेशानी हो तो हमे सूचित करें। हमारे स्तर से जो भी मदद हो सके मैं परिवार के लिए सहयोग करूँगा। स्व. एजाज खान के माता पिता एवं परिवार वालों के द्वारा आर्थिक सहायता करने पर थाना प्रभारी को धन्यवाद दिया गया।

तीन तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

गुमला। गुमला पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना पर पशु तस्करी के खिलाफ टोटो में अभियान चलाया गया। इसी दौरान दस पशु जब्त किये गये और बरकत कुरेशी सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि टोटो में पशु तस्करी का धंधा किया जा रहा है। जिसके बाद छापामारी की गई तो दस पशु जब्त किया गया। उन्होंने पशु तस्करों को चेतावनी दी है कि उनके क्षेत्र में तस्करी का कार्य नहीं करे नहीं तो पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

एनएच सड़क पर पुलिया का निर्माण कराये विभाग : आलोक

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू शनिवार को बराटपुर के ग्रामीणों के शिकायत पर चीरी पुल के समीप हिरही जाने वाले पथ के पास पहुंचकर बराटपुर के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि तेतर गड्ढा डैम के पास से हिरही होते हुए बराटपुर तक नहर बना हुआ है। हिरहीजाने वाले सड़क के समीप एनएच सड़क है। एनएच सड़क के दोनों ओर नहर बना हुआ है लेकिन यहां पर पुलिया नहीं बनने के कारण इधर का पानी उधर नहीं जा पाता है अभी कुडू से घाघरा तक सड़क का निर्माण हो रहा है तथा दर्जनों पुलिया का निर्माण भी किया जाएगा। अगर यहां पर पुलिया बन जाता है तो इधर का पानी पुलिया के अंदर से पार कर उधर नहर में चला जाएगा जिससे किसानों को सिंचाई हेतु काफी फायदा होगा।

स्पीड न्यूज

सड़क दुर्घटना से एक की मौत, तीन घायल

टंडवा (चतरा)। शुक्रवार देर शाम घर जाने के दौरान ट्रेक्टर पलटने से एक कि मौत एवं तीन घायल। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर के चालक एवं हेल्पर दिन भर काम करके घर जा रहा था इसी दौरान हुम्बी गांव में ट्रेक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे थाना क्षेत्र के हुम्बी निवासी 45 वर्षीय मजदूर दशरथ गंझू की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं जिनकी प्राथमिक उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रेलवे के पेटी कांट्रेक्टर बालूमाथ थाना के नावाटोला बेसरा निवासी अनिल तुरी के दुर्घटनाग्रस्त हुए ट्रेक्टर में मजदूर के रूप में काम करता था। मृतक के परिजनों में शोक की लहर है। वहीं स्थानीय पुलिस द्वारा शव को अन्त्यपरीक्षण के लिए चतरा भेजा जा रहा है।

लकड़ी लदा पिकअप वैन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

सिमरिया। पिरी वन विभाग के टीम ने शुक्रवार की रात बिरहु जंगल से साल की लकड़ी लदे पिकअप वैन को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज किया है। यह करवाई पिरि वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश प्रसाद चौधरी के निर्देश पर पीरि वन विभाग के टीम ने किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि वाहन संख्या जेएच 02 एटी 1814 जंगल से कीमती लकड़ी पिकअप वैन में लादकर ले जा रहा है। सूचना के आलोक में एक टीम की गठन की गई टीम ने बिरहु जंगल से लकड़ी लदे पिकअप वैन को पकड़कर सिमरिया वन कार्यालय लाया है और अग्रेतर करवाई में लग गया है। मालूम हो की तस्कर द्वारा लगातार कई दिनों से लकड़ी तस्करी कर सुल्ताना हजारीबाग ले जाया जाता था।

महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

सिमरिया। झारखंड विधानसभा में आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र में 1932 खतियान और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण को सदन में मंजूरी मिलने पर महागठबन्धन के संयुक्त पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाई। संयुक्त पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ मंत्री सत्यानन्द को बधाई दी है। बम पटाखे छोड़े एक दुसरे गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाते हुए पटाखा छोड़कर खुशी जाहिर की। जश्न मनाने में कांग्रेस, राजद, जेएमएम के कार्यकर्ता शामिल थे।

उपायुक्त ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सचिव का स्वागत किया

चतरा। शुक्रवार को देर रात श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विभाग झारखंड सरकार के सचिव श्री प्रवीण टोप्पो के चतरा आगमन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने परिसदन भवन चतरा में आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

भवनाथपुर। पुलिस ने कई दिनों से केस में फरार चल रहे तीन आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है। गिरफ्तार आरोपी में कांड संख्या 104/20 का अभियुक्त कैलाश निवासी राजेन्द्र प्रसाद यादव का पुत्र धर्मेंद्र यादव व कांड संख्या 113/22 के एक महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ के फरार चल रहे अभियुक्त अरसली उत्तरी गडले निवासी हजरत अंसारी के पुत्र सिराज अंसारी व कसमुद्दीन अंसारी के पुत्र नसरूद्दीन अंसारी का नाम शामिल है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने दी।

वार्ड सदस्य के खिलाफ शिकायत

भवनाथपुर। प्रखण्ड के श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा ने अरसली उत्तरी पंचायत के वार्ड नम्बर छह के सदस्य लीलावती देवी पर फर्जी केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए श्रम अधीक्षक को आवेदन दिया है। श्रम मित्र ने आवेदन में लिखा है कि अरसली उत्तरी के वार्ड 6 के महिला वार्ड सदस्य लीलावती देवी द्वारा 6-7 लोगो का अवैध श्रम कार्ड बना कर सरकारी सुविधा दिलाने का दबाव बना रही है। मेरे द्वारा कार्ड बनाने से इंकार करने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दिया जा रहा है।

नाबालिग लड़की का शव कुएं से बरामद, हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत महुंझा (बुचीटांड़) स्थित एक कुएं से शुक्रवार की देर संध्या एक नाबालिक युवती का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक युवती की पहचान 17 वर्षीय नुसरत प्रवीण पिता मुमताज अंसारी गोलवाढाब निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवती पिछले दो दिनों से लापता थी। जिसे लेकर परिजनों ने डोमचांच थाने में आवेदन दिया था। वहीं बताया जा रहा है कि 9 नवंबर की सुबह युवती और उसके मां के बीच कुछ बात को लेकर कहा-सुनी हुई थी और युवती बिना बताये घर से कहीं निकल गई। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोज-बीन किया, खोज-बीन के बाद कुछ पता नही चलने पर परिजनों के द्वारा डोमचांच पुलिस को आवेदन भी दिया गया था। वहीं शुक्रवार की देर संध्या जानवर चराने आए बच्चे के द्वारा देखा गया कि कुएं में एक युवती का शव तैर रहा है, जिसके बाद बच्चों ने हल्ला मचाया। बच्चों की शोर-गुल की आवाज सुनकर गांव के ग्रामीण कुएं के पास आकर जमा हो गए।

वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद डोमचांच थाना के एसआई संजय कुमार शर्मा, सीडी सिंह, एएसआई नागेश्वर कुज़ुर, दिलशाद अली, हवलदार सोहेल आलम, सहित पुलिस बल के जवान 'घटनास्थल पर पहुंचकर कुएं से शव को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि युवती का गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण युवती की हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद शनिवार को मृतक युवती की मां नरेशा खातून ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर गांव के कुछ नाबालिक युवकों पर दुष्कर्म कर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि युवती की मां के दिए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि लड़की की हत्या है या आत्महत्या इसे लेकर जांच चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

फैक्ट्री से लगभग 7 लाख के मशीन व मोटर को ले उड़े चोर

डोमचांच (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियाराबर स्थित एक इलेक्ट्रिक बोर्ड मिनी फैक्ट्री से शुक्रवार बीती रात कुछ चोरों द्वारा मोटर, मशीन सहित लाखों की सामानों की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 7 लाख के मशीनों को चोर ले भागे। इस संबंध में मिनी फैक्ट्री मालिक अशोक राणा घरबरियाबर निवासी ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर बताया है कि कोठियाराबर में रोजी रोजगार के लिए इलेक्ट्रिक बोर्ड का मिनी फैक्ट्री चला रहा था, परंतु कोरोना काल से कुछ कारण से बंद पड़ा था, इसी बीच सुबह मुझे बगल में खटाल चला रहे एक व्यक्ति ने बताया कि आपके मिनी फैक्ट्री से रात को कुछ लोगों को भागते देखा, जिसके बाद मैंने सुबह फैक्ट्री का दरवाजा खोला तो मोटर, मशीन सहित अन्य महंगी-महंगी सामग्री की चोरी कर ली गई थी। मामले को लेकर अशोक राणा ने डोमचांच थाने में चोरी से संबंधित आवेदन दिया है। जिसके बाद डोमचांच पुलिस मामले की जांच कर चोरों का पता लगाने में जुट गयी है।

प्रेस क्लब की बैठक में लिये गये कई निर्णय

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। प्रेस क्लब कोडरमा की एक बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित वन विश्रामागार परिसर में क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार की अध्यक्षता एवं महासचिव गौतम राणा के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामूहिक बीमा, नए सदस्यों को सदस्यता प्रदान करने, संगठन का निबंधन कराने, राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन करने, सदस्यों के वार्षिक शुल्क समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें क्लब के संरक्षक मंडली के सदस्य, पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से गौतम पाल, अनिल कुमार पांडेय, संध्या आंचल, पीयूष कुमार सिंह, रितेश लोहानी, विक्की केसरी, लखन कुमार सिंह, दीपक कुमार, पवन कुमार और पिंटू कुमार को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। वहीं निष्क्रिय पत्रकारों पर क्लब की सदस्यता को लेकर अगली बैठक में निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पॉलिटेक्निक संस्थान के सभागार में कोरोना काल में पत्रकारों की चुनौतियां एवं सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

जिसके लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें अनिल झा, गजेंद्र बिहारी सिन्हा, आफताब आलम, कुंतलेश पांडेय, रंजीत भारती, राजेश यादव, अजीत कुमार, मिथिलेश मेहता, नुनेश्वर प्रसाद यादव, अयूब खान, उमा शंकर, भोला शंकर, अमित कुमार, ओमप्रकाश, संजय साजन, अरुण बर्णवाल, दानिश हसन, साहिल भदानी, पीयूष सिंह, विक्की केसरी, दीपक कुमार, संदीप कुमार और संध्या आंचल आदि शामिल हैं।

बैठक के दौरान संरक्षक मंडली के सदस्य जगदीशलाल सलूजा, विनोद विश्वकर्मा, मनोज कुमार शर्मा, सुमंत संतोष राणा, आत्माराम खान, सुनील कुमार रजक, शाहिद खान, अरविंद कुमार चौधरी, राजेश सिंह, सुनील कुमार चौधरी, आशीष कुमार डे, राजेश यादव, प्रेम प्रकाश भारती, बिपिन बिहारी सिंह, संदीप कुमार समेत क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

19 पेटी शराब जब्त, तीन युवक गिरफ्तार

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी इंदु भूषण कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा में शुक्रवार देर रात्रि भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार शराब को बिहार ले जाया जा रहा था। वहीं पुलिस ने शराब ले जा रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर तीनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी इंदु भूषण कुमार ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आदर्श मुहल्ला निवासी 32 वर्षीय प्रवीण कुमार राणा, 27 वर्षीय रामाशीष राणा दोनों पिता सीताराम राणा एवं झरीटांड निवासी 29 वर्षीय मुकेश यादव पिता रामचंद्र यादव शामिल हैं। गिरफ्तार सभी लोगों ने इंदरवा कम्पोजिट शराब दुकान से एक स्कॉर्पियो संख्या जेएच12एम/8721 से शराब लोड कर बिहार की ओर ले जाने वाले थे। पुलिस ने गाड़ी समेत शराब को जब्त कर लिया है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार दो लोगों को कांड संख्या 262/22 के तहत जेल भेजा जा रहा है। एक से पूछताछ की जा रही है।

एक नजर में

समारोह आयोजित कर बीएड प्रशिक्षुओं को दी गई विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। शनिवार को चतरा कॉलेज चतरा के सत्र 2020-22 के बी.एड प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बी.एड. संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नंदकिशोर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर. पी.राय मौजूद थे।

इस मौके पर बी.एड विभाग के शिक्षक गण में प्रो. ग्लोरिया प्रेस, प्रो.शोभा कुजूर, प्रो.कंचन मुर्मू, प्रो. प्रेम बसंत बाखला, प्रो. मुमताज अंसारी, प्रो.चंदन कुमार सिंह, प्रो. संजय कुमार, प्रो. अमित कुमार सिंह एवं कॉलेज के शिक्षक गण साइकोलॉजी विभाग डॉ. मुकेश कुमार झा, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष दयाल, प्रो. डी.एन राम एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गान एवं स्वागत नृत्य के साथ किया गया। इस मौके पर प्रो.चंदन कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए अपने संस्कार को बनाए रखते हुए एक अच्छे शिक्षक बनने के बातों को बताया एवं प्रो.संजय कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को अपने-अपने लक्ष्य को प्राप्त करने एवं जीवन में आगे बढ़ते रहने की कामना की। उसके बाद सेमेस्टर 4 के विद्यार्थी, जिसमे बिरसा मुंडा के द्वारा नागपुरी नृत्य कर एवं हिंदी गाने पर खुशबू कुमारी और सतीश ने सबका मन मोह लिया।

सत्र 2020-22 के छात्रों द्वारा सभी शिक्षकों एवं अपने जुनियर छात्र छात्राओं को विदाई समारोह कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्र 2021-23 और सत्र 2020-22 के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका रही, जिसमें मनीष, संदीप यादव, आलोक राज, उमेश गंझू, प्रिंस, अलीशा, अमिता, अमन, रौशन, निधि, अश्विनी, शिवानी गणेश, उज्जवल, रंजीत एवं अन्यों का अहम योगदान रहा।

सिमरिया प्रखंड कार्यालय में कानूनी अधिकारिता शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देश में शनिवार को सिमरिया प्रखंड कार्यालय में मेगालीगल एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोहम्मद उमर,पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साहु, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह, अंचलाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अपने संबोधन में न्यायिक दंडाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के द्वारा में लोगों का समुचित विकास हो सकता है हम सभी लोगों को अपने क्षेत्र में शिक्षा के विकास पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सभी लोगों को कानून के अनुरूप अपने कार्य करना चाहिए। अगर आप कानून के विरुद्ध कार्य करते हैं तो कानून रूप से आपदोषी होंगे साथ ही साथ आपको कानून दंडित करेगा।प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने जन धन योजना, मनरेगा, सर्वजन पेंशन एवं अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

वही अंचलाधिकारी ने लोगों को सड़क दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दें जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु ने भी लोगों को कानून के बारे में जानकारी दिया। न्यायिक दंडाधिकारी, जनप्रतिनिधि प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी के द्वारा लोगों के बीच वृद्धावस्था पेंशन, जॉब कार्ड नया ग्रीन कार्ड सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना सहित अन्ययोजनाओं का स्वीकृति का सर्टिफिकेट बांटा गया।

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को न्याय मिले: डीसी

सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों तक विधिक सेवा की जानकारी पहुंचे: पीडीजे

कानूनी अधिकारिता व राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रसासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त सहयोग से कानूनी अधिकारिता शिविर एवं राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ व्यवहार न्यायालय,चतरा परिसर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय गान से किया गया और दीप प्रज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह, उपायुक्त अबु इमरान,पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन,निदेशक डीआरडीए, जिला जज-1 एवं उपविकास आयुक्त ने संयुक्त रूप से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात नालसा थीम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग के दीपक कुमार के सहयोग से उसकी सुपुत्री सुसुराधिका के द्वारा तबला वादन के साथ प्रार्थना गीत के साथ प्रस्तुति दी गयी।जिलास्तरीय इस कार्यक्रम में प्रमुख योजनाओं से संबंधित बारह प्रखंडों में कुल 145 लाभुकों के बीच लगभग 5 करोड़ की लागत की परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिविर के माध्यम से आम जनता को सरकार की महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं का लाभ सुलभता से प्रदान करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। आम जनता को सस्ता एवं त्वरित न्याय मिले यही प्रयास रहता है। सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों तक विधिक सेवा की जानकारी पहुंचे इस दिशा में वॉलिंटियर पीएलवी एवं अधिवक्ता पैनल द्वारा शिविर लगाकर लोगों को जानकारी दी जाती है। उपायुक्त अबू इमरान ने कहा कि जिला प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मुक्त और त्वरित न्याय हेतु अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। समाज के वैसे लोग जो अंतिम पायदान पर खड़े हैं और वे समय एवं साधन के अभाव में न्यायालय नहीं आ पाते हैं। इनको ध्यान में रखते हुए माननीय न्यायालय द्वारा लोक अदालत के माध्यम से लीगल एम्पावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है। पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से कानूनी समस्याओं का समाधान मिलता है।

झामुमो ने निकाला जुलूस, मनाया जश्न

रैली में शामिल महागठबंधन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

केतार। झामुमो सहित महागठबंधन के लोगों ने स्थानीय नीति में 1932 खतियान व ओबीसी को आरक्षण 27 प्रतिशत पास होने की खुशी में जुलूस निकालकर जश्न मनाया। यह जुलूस केतार अम्बेडकर चौक से कर्पूरी गेट तक गई। इस दौरान हेमंत सोरेन जिंदाबाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जैसा हो सहित सरकार समर्थित नारे लगाये गये। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी किया, अबीर-गुलाल उड़ाये एवं मिठाइयां बांटी। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, कांग्रेस प्रखंड अयक्ष रामभजन गुप्ता, सूर्यनाथ नाथ सिंह, प्रदीप गुप्ता, मुखिया मनोरंजन गुप्ता, बिंदु राम, जयमाला प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये 900 आवेदन, 250 का निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

भवनाथपुर। अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी के खेल मैदान में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया इशरत जहां, उप मुखिया मीना देवी, बीस सूत्री अवक्ष इंद्रदेव बैठा, बीडीसी अनिता देवी, झामुमो प्रखंड अवक्ष चंदन ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए अलग-अलग स्टल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, षि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन,सहित कई अन्य विभाग के स्टल लगाए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि

शिविर में 900 आवेदन आये एवं 250 का निष्पादन किया गया। मौके पर बीडीओ श्री महतो ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि समस्याओं का निष्पादन तुरंत हो ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि अपनी बच्चियों का सावित्री बाई फुले का फर्म भरे जैसे ही बच्चियों को 18 वर्ष होगी चालीस हजार रुपये मिलेंगे। इस मौके पर 15 जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को बीडीओ, सीओ, प्रमुख एवं मुखिया ने संयुक्त रूप से रोजगार के लिए 10 लाख का चेक, 20 लोगों को कंबल एवं 12 लोगों के बीच जब कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से रोजगार सेवक तहमीद अंसारी, जयराम पासवान, बीपीओ दयानंद प्रजापति, पंचायत सेवक अजीत सिंह, विष्णु प्रसाद, बीपीएम नीरज कुमार, श्रम मित्र नागेंद्र शर्मा, गणपत राम, पंकज कुमार, मेंद्र कुमार, चंदन कुमार, सुनील तिवारी, रवि कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

सचिव प्रवीण टोप्पो ने स्टॉलों का निरीक्षण कर दिया दिशा- नर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले के 12 प्रखंडों में से 03 प्रखंडों के पंचायतों में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को जिले के हंटरगंज प्रखण्ड के केदली कला पंचायत, हंटरगंज प्रखण्ड के तिलहेत पंचायत, प्रतापपुर प्रखण्ड के सिजुआ पंचायत, टण्डवा प्रखण्ड के बचरा उत्तरी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया। इस मौके पर श्रम नियोजन प्रशिक्षण कौशल विभाग झारखण्ड सरकार के सचिव प्रवीण टोप्पो, उपायुक्त अबु इमरान एवं जिले के वरीय अधिकारियों ने हंटरगंज प्रखण्ड के केदली कला, प्रतापपुर प्रखण्ड के सिजुआ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच विभिन्न विभागों द्वारा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर सचिव श्री प्रवीण टोप्पो ने योग्य लाभुकों को जॉब कार्ड, समेत कई योजनाओं का स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

भाजपा ने निकाली जनाक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

केतार। सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं पुरे झारखण्ड राज्य में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, आदिवासी बहनों की हत्या, बलात्कार, बालू-पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में शनिवार मण्डल केतार की ओर से शनिवार को जन आक्रोश रैली निकाली गई। हेमंत सोरेन मुर्दाबाद, हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ सहित कई नारों के साथ रैली कर्पूरी गेट केतार से प्रखंड कार्यालय तक पहुंचीं। जहां सैकड़ों भाजपाई सरकार के विरूद्ध जमकर बरसे एवं राज्पाल के नाम मांग पत्र बीडीओ को सौंपा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, उमेन्द्र यादव, पिंकू सिंह, राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

हेमंत सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों का विकास

चंदवा में भाजपाइयों ने निकाला जनाक्रोश मार्च, झारखंड सरकार को हर मोर्चे पर बताया फेल : अमित कुमार गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

जनाक्रोश मार्च में शामिल भाजपाई।

चंदवा। भाजपा प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को चंदवा मंडल भाजपा कमिटी के द्वारा हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च की शुरुआत कुसुमटोला स्थित कृषि फार्म परिसर से हुई जो इंदिरा गांधी चौक अस्पताल होते प्रखंड कार्यालय पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। जन आक्रोश मार्च की अगुवाई भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, प्रदेश नेत्री नीलम देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी अवधेश सिंह चिरो कर रहे थे। जनाक्रोश को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार आने के बाद सिर्फ भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का विकास हुआ है। हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। चाहे बात विकास की हो, महिला सुरक्षा की हो, कानून व्यवस्था का हो या फिर युवाओं को रोजगार देने का हो एक भी काम वर्तमान हेमंत सरकार से नही हुआ है। राज्य की विधि व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हम विपक्ष में रहकर आवाज उठा ही रहे हैं, लेकिन सत्ता पक्ष के लोग भी भ्रष्टाचार को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ आवाज उठा कर उन्हें कठघरे में खड़ा कर दिया है। सभा को संबोधित करते हुए, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू ने कांग्रेस नेता सह मांडर के पूर्व विधायक बन्धु तिर्की के द्वारा दिये गए बयान पर उन्हें आड़े हाथों लिया व कहा कि हम भाजपा कार्यकर्ता पिटने नही ब्लिक मुंहतोड़ जवाब देना जानते हैं। इसके अलावे कई अन्य वक्ताओं ने भी सभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। मौके पर राजकुमार पाठक, रामवृक्ष चौधरी, धनु खान, दीपक निषाद, सीकेश्वर यादव, प्रभाकर मिश्रा, देवमोहन सिंह, आशिष सिंह, मंजु सिंह, राजन भगत, मीनाक्षी देवी, हीरामणि देवी, सूर्यनारायण साहू, विजय दुबे, रामप्रसाद साहू, सुनील मुंडा, राजेश यादव, मनोज पाठक, बबलू सोनी, रिकी वर्मा, रोहित शाहदेव, छोटू कुमार, उमेश गंझू, जयराम साहू, मनीष गुप्ता, भुनेसर प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद, शंकर मुंडा, रामकिशुन गंझू, यमुना चौधरी, रविन्द्र साव, लक्ष्मण यादव, अवधेश यादव, जनक महतो, मदन साव, मुरारीलाल साहू, अजित मुंडा, राजेश यादव, छोटू कुमार, विकास वर्मा, सर्किंदर मुंडा, देवराज तुरी, सुबोध प्रजापति, सुरेश यादव, बलकू मुंडा, सुर्ती देवी, सारदा देवी समेत सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

यौन शोषण का आरोप

चंदवा। थाना क्षेत्र की एक महिला ने जिनगा के एक युवक पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। चंदवा थाना को आवेदन देकर महिला ने बताया है कि शादी का झांसा देकर 2021 से वह उसका यौन शोषण कर रहा है। बताया है कि वह चंदवा में किराए के मकान में रहती है। इसी क्रम में उसका परिचय जिनगा निवासी जितेंद्र राम (पिता लालजी राम) से हुआ। इसके बाद वह उसके कमरे में आनेजाने लगा। पहले नशा और बाद में शादी का झांसा देकर वह उसका यौन शोषण करने लगा। दिन-रात कभी भी वह उसके किराए के घर में पहुंचता और यौन शोषण करता। उससे शादी करने का विश्वास दिलाने के लिए उसने उसके नाम से एक ग्लैमर बाइक भी खरीदी। इसके बाद वह किश्त नहीं भर रहा। दूसरी महिला के साथ भी उसने उसके संपर्क का आरोप भी महिला ने लगाया है।

मुखिया व झामुमो नेता ने जरूरतमंदो के बीच बांटे कंबल

चंदवा। प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को कम्बल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता सीतमोहन मुंडा समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधियों व अतिथियों ने संयुक्त रूप से पंचायत अंतर्गत विभिन्न वार्डों के 137 गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। मुखिया दुर्गावती देवी ने पंचायत वासियों से संचालित योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ योग्य व्यक्तियों को मिले इसका हर संभव प्रयास किया जायेगा। वैसे असहाय व गरीब जिनको कंबल नहीं मिला है, उन्हे भी कंबल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। इधर पड़ रही ठंड के बीच कम्बल पाकर वृद्ध व जरूरतमंदों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। मौके पर वार्ड सदस्य समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रजापति, मनिलाल यादव, राजेश प्रजापति, देव कुमार सिंह, बसंती देवी, जगेशर सिंह, सुनिल मुंडा, किशन मुंडा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

गारू में कांग्रेस कमेटी का वनभोज का हुआ आयोजन

वन भोज कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता।

गारू। प्रखंड के अरमु मैदान में शनिवार को कॉग्रेस कमिटी के विस्तारीकरण के साथ वनभोज का आयोजन किया गया। वनभोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, गारू प्रखंड कांग्रेस प्रभारी रविन्द्र राम, बरवाडीह विधायक प्रतिनिधि पिंटू कुमार आदि ने भाग लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भारत जोड़ो कार्यक्रम के दौरान पंचायत के हर गांव टोला एवं चौखट को टच करेंगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा जिसमें कहा कि हमें साम्प्रदायिक ताकतों एवं देश तोड़ने वालों से लड़ने के आवश्यकता है। उन्होंने कहा था कि आज देश में कई ज्वलंत समस्याएं हैं लेकिन केंद्र सरकार उन पर ध्यान नहीं दे रही है। यह सरकार केवल चार या पांच पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। नोटबंदी ने देश में छोटे व्यवसायों को ठप कर दिया। 400 रुपया का गैस सिलेंडर 1100 रुपये और पेट्रोल, डीजल 100 रुपये लीटर हो गया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके बारे में एक शब्द भी नहीं कह रहे हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, जिलापरिषद सदस्य जीरा देवी, पर्यवेक्षक रविन्द्र राम, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार, गारु के प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, युवा कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष विमल कुजूर समेत प्रखंड बके कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

चंदवा पुलिस ने चकला के पास से लगभग 5 टन स्क्रैप लदा पिकअप पकड़ा

- चकला प्लांट का स्क्रैप होने का अंदेशा, अज्ञात वाहन चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

चंदवा। लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश में पुनि सह थाना प्रभारी की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने चकला स्थित भुइयां टोली के पास ने लगभग 5 टन स्क्रैप लदा पिकअप वैन को बरामद करने में सफल रही है। हालांकि पुलिस को आता देख पिकअप से स्क्रैप लेकर जा रहे स्क्रैप चोर भागने में सफल रहे हैं जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि उक्त स्क्रैप को चकला प्लांट से चोरी कर के लाया जा रहा था। इधर मामले जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा ने बताया कि बरामद वाहन से कोई दस्तावेज बरामद नही हुआ है, इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 132/22 में अज्ञात वाहन चालक व मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि चकला प्लांट में स्क्रैप कटिंग व ट्रांसपोर्टिंग का काम शुरू होने के बाद से ही प्लांट से बड़े पैमाने पर स्क्रैप की चोरी हो रही है। सूत्रों की माने तो चोरों की तादात इतनी होती है कि प्लांट की सुरक्षा में लगे लगभग 3 दर्जन से अधिक सुरक्षा प्रहरी भी उन्हें रोकने में असफल साबित हो रहे हैं।

अव्वल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

बेतला। झारखंड शिक्षा परियोजना लातेहार के निर्देश पर स्कूली बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत 2 दिनों से प्रखंड के केचकी पंचायत अंतर्गत सरईडीह 10 प्लस टू विद्यालय में चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जीप सदस्य संतोषी कुमारी, बरवाडीह थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने मुख्य रूप से शामिल हुए,इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राएं के बीच 2 दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सफल रहे प्रतिभागियों को प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित करने के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से जीप सदस्य संतोषी कुमारी और थाना प्रभारी श्री निवास सिंह विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश टोप्पो के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश टोप्पो, मुखिया नीतू सिंह, उप मुखिया सुल्तान अंसारी, फुलमनी टूटी,मुक्ता मींज, संगीता कुजूर, गुलाम गोश, अशोक कुमार, निर्मल कुमार, नुसरत समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं ग्रामीण मौजूद थे।

चकला पथ को बाधित करने में मेरा हाथ नहीं: किस्टो उरांव

चंदवा। चंदवा प्रखण्ड अंतर्गत चकला ग्रामीण पथ को ट्रेंच खोदकर बाधित किये जाने के मामले में किस्टो उरांव ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पथ को बाधित करने में उनका कोई हाथ नही है। उन्होंने कहा कि पथ को उनके गोतिया लोग के द्वारा बाधित किया गया था व प्रशासन से उन्ही लोगो की वार्ता हुई थी, इसमें उनकी कोई भागीदारी नही है। बता दें कि बीते बुधवार को चकला पंचायत अंतर्गत दर्जनभर गावो को जोड़ने वाले ग्रामीण पथ को कुछ लोगो द्वारा रैयती जमीन पर पथ होने की बात कह ट्रेंच खोद दिया था, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया था, हालांकि प्रशासनिक पहल के बाद पथ पर खोदे गए ट्रेंच को भर दिया गया था व आवागमन सामान्य हो गया था।

सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय में दिया धरना

- खाली खजाना का बहाना बनाकर अपनी तिजोरी भरने का काम कर रही है सरकार: हरिकृष्ण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। भारतीय जनता पार्टी के बरवाडीह और छिपादोहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कर रहे थे। वहीं कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह और भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज सिंह के साथ-साथ सांसद सुनील सिंह, पूर्व विधायक सह जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह भी शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अपने हाथों में भाजपा का झंडा बैनर थाम कर पुराने ब्लॉक परिसर से जुलूस की शक्ल में प्रखंड कार्यालय पहुंचे और धरना में बैठ गए। इस दौरान जमकर सरकार विरोधी नारे लगाए गए। जहां जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि पूरे झारखंड में प्रदेश भाजपा के आह्वान पर झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य में महिला हिंसा, बलात्कार, चोरी, बालू व खनीज सम्पदा में लूट मची है। बरवाडीह ब्लॉक में भ्रष्टाचार का बोलबाला हो गया है। ब्लॉक में अधिकारियों के द्वारा सीधे दलाल प्रवृति के लोगों को योजनाओं का फायदा पहुंचाया जा रहा हैं। अंचल में री म्यूटेशन के नाम पर लूट मची हुई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार जल, जंगल, जमीन के नाम पर सत्ता में आई है। लेकिन सरकार उसी का दोहन कर रही है। यही नहीं हेमंत सरकार खाली खजाना का बहाना बनाकर अपनी तिजोरी भरने का काम रही है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, जिला महामंत्री बंशी यादव, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, मुखिया कालो देवी, सुनील सिंह, मनोज प्रसाद, दिलीप वदुवंशी, प्रवीण कुमार, अजय सोनी, जिला मंत्री अजय प्रसाद, हेमंत कश्यप, पारस जयसवाल, मनोज यादव, अशोक प्रसाद, ईश्वरी सिंह, द्वारिका प्रसाद, अशफाक मुन्ना, बृजमोहन सिंह, दीपक तिवारी, नरेश सिंह, परवन सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

छिपादोहर। छिपादोहर पुलिस के हेहेगड़ा में10 महीने पहले हुए हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। हत्या के आरोपी उसी गांव के संजीत यादव उर्फ लल्लु यादव को शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी ने बताया कि 23 फरवरी 2022 हेहेगड़ा निवासी मृतक राजनाथ यादव को उसी गांव के संजीत उर्फ लल्लु यादव ने पिट पिट कर अधमरा कर दिया था।बाद में 27 फरवरी को इलाज के दौरान रिम्स में राजनाथ की मौत हो गई थी।उन्होंने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी ने बताया कि हत्या के कुछ दिन पूर्व संजीत उर्फ लल्लु जेल गया था।इसे शक था कि इसको जेल भेजने के पीछे राजनाथ का हाथ है।इसी कारण उसने राजनाथ की हत्या कर दी थी। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी संजीत उर्फ लल्लु की गिरफ्तारी टन्डवा थानाक्षेत्र के एक गांव से हुई है। हत्या के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज के आगमन पर निकली शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। ब्रह्मविद्या विहंगम योग समारोह का दो दिवसीय आयोजन शनिवार से स्थानीय लुकुईया स्थित सदगुरु सदाफल देव आश्रम में शुरू हुआ। शनिवार की संध्या बेला में संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के आगमन पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा की शुरुआत चंदवा बाजार से हुई जो नगर भ्रमण करते लुकुईया आश्रम पहुंची जहां विज्ञानदेव महाराज का भाव्य स्वागत किया गया। उसके पूर्व शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में गाजे-बाजे एवं महिलाएं व युवतियां माथे में कलश लेकर शामिल हुईं। बता दें कि प्रत्येक दिन शाम को दिव्यवाणी (जय स्वर्वेद कथा) एवं अमृतवाणी का आयोजन होगा। 13 नवंबर को सुबह 10 बजे से 1100 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ आश्रम के बगल के मैदान में होगा। वहीं अमृत वाणी हेतु भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। आयोजन को सफल बनाने को लेकर परामर्शक विष्णु देव प्रसाद, जिला संयोजक नवाहिर उरांव, सह संयोजक बद्री प्रसाद ,जिला युवा प्रभारी मिंटू भुइयां, रामकुमार उरांव, रामनारायण राम, बाल गोविंद प्रजापति, बालेश्वर राम एवं जिले के सभी गुरु भाई गुरु बहन लगे हुए है। आयोजनकर्ता ने बताया कि समारोह में निःशुल्क योग, आयुर्वेद, होमियोपैथ, पंचगव्य आदि चिकित्सा पद्धतियों द्वारा कुशल चिकित्सकों के निर्देशन में रोगियों को चिकित्सा परामर्श भी दिया जाएगा। संत समाज के लोगो ने बताया कि समारोह में आचार्य श्री सदगुरु सदाफल देव जी महाराज शामिल होंगे। अमृत वाणी व स्वर्वेद कथा का आयोजन भी होगा।

एक नजर में

वायु सेना के चयन अधिकारी बीएम सेवदा पहुंचे लातेहार, छात्रों को अग्निवीर में भर्ती की दी जानकारी

चयन अधिकारी का स्वागत करते जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा।

लातेहार। वायु सेना स्टेशन के बिहटा के भर्ती अधिकारी बीएम सेवदा ने शनिवार को जिला नियोजनालय लातेहार में जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने वायुसेना में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित जानकारी प्रदान की। भर्ती अधिकारी बीएम सेवदा ने कहा कि अग्निवीर के माध्यम से युवा अपने करियर को दिशा प्रदान कर सकेंगे। बारहवीं या समकक्ष परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण 17 वर्ष छह माह से 21 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवक युवतियां इस पद के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 नवंबर तक कर सकेंगे। भर्ती अधिकारी ने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। पुरुष अभ्यर्थी की उंचाई 152.5 सेमी व महिला अभ्यर्थी की उंचाई 152 सेमी होनी चाहिए। अग्निवीर वायु में भर्ती के लिए 18 से 24 जनवरी तक आनलाइन परीक्षा होगी। जिला नियोजन पदाधिकारी चेतन कुमार शर्मा ने बताया कि युवक व युवतियों को अग्निवीर भर्ती के लिए प्रोत्साहन किया जाएगा। मौके पर गांधी कॉलेज और आरके प्लस टू हाई स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

पॉयनियर बीज कंपनी ने की फसल प्रदर्शनी का आयोजन

चंदवा। प्रखंड के आन गांव में शनिवार को पॉयनियर बीज कंपनी के द्वारा फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत किसान रिगुल भुईया व लक्ष्मन यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने धान की खड़ी फसल को खेत में जाकर धान की बाली का निरीक्षण किया व माना कि अन्य कंपनी के धान की अपेक्षा पायनियर 27 पी 37 का धान का बाली सही एवं वॉलिड है। पायनियर बीज कंपनी के जिला प्रभारी सुजीत सिंह ने किसानों को पायनियर बीज की गुणवत्ता के साथ-साथ अन्य फसलों के बीज और कीटनाशक की जानकारी दी व आगे बताया की पायनियर बीज कंपनी का हाइब्रिड 27 पी 37 दो नंबर जमीन के लिए उपयुक्त है। कार्यक्रम में आए लगभग सैकड़ों किसानों के बीच पायनियर कंपनी के द्वारा उपहार के तौर पर हसुआ, कुदाल जग का वितरण भी किया गया। मोके पर ब्लाक स्टाप लाल बाबू, विकास कुमार सिंह किसान, भोला यादव, कमलेश यादव, सुनील भुईया, सुजीत यादव, आदित्य प्रसाद, अशोक प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, सकिन्द्र यादव, अजुन यादव, कलावती देवी, राजेश भुईया, समेत सैकड़ों किसान मौजूद थे।

चोरों ने मोबाइल दुकान की छत तोड़कर की चोरी

तोड़ी गई मोबाइल दुकान की छत।

मनिका। मनिका प्रखंड के बंदुआ पंचायत अंतर्गत स्थित पूर्णिपल्हेया गांव में शनिवार की रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा मोबाइल दुकान का छत तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मोबाइल दुकान से हजारों रुपए की संपत्ति की चोरी की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मोबाइल दुकान संचालक धीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा हमारे दुकान से लगभग 20 हजार रुपए की मोबाइल समेत इत्यादि सामग्री की चोरी किया गया है। मौके पर उपस्थित बंदुआ पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल कुमार रवि ने बताया कि जनेश्वर राम के मकान में धीरेंद्र कुमार राम का मोबाइल दुकान है जहां से रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि हम लोग लिखित आवेदन देकर मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे।

पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी के घर चिपकाया ईश्तेहार

ईश्तेहार चिपकाती पुलिस।

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया ग्राम में शनिवार को पलामू जिले के सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय ने वर्षो से फरार चल रहे अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय ने बताया कि सतबरवा थाना कांड संख्या 93/12 के तहत एमसीसी के उग्रवादी आलोक यादव उर्फ चंद्रशेखर यादव के ऊपर सतबरवा थाना क्षेत्र के शाहगंज में एक पुल निर्माण का काम कर रहे ठेकेदार,मुंशी एवं अन्य व्यक्तियों का अपहरण करने एवं गाड़ी में आग लगाने का आरोप था। जो पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर आलोक यादव के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। इश्तेहार चिपकाए जाने के बाद भी अगर आरोपी न्यायालय के सामने आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके विरुद्ध एक माह बाद घर से कुर्की जब्ती करते हुए आगे की कारवाई की जाएगी।

भाजपा ने सरकार के खिलाफ निकाली रैली

रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता।

बालूमाथ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बालूमाथ में आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए। रैली का नेतृत्व पूर्व विधायक प्रकाश राम कर रहे थे। रैली बालूमाथ के टमटमटोला से शुरू होकर थाना चौक,शहीद चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची। जहां हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि राज्य में जबसे गठबंधन की सरकार बनी है, महिला अत्याचार बढ़ा है। सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। बिना घूस दिए जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। खनिज-संपदा की लूट मची है। लोगों को बिजली-पानी नहीं मिल रहा है। इस जनविरोधी व भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है। ईडी जांच में फंसता देख सरकार बौखला गई है। बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि हेमंत सरकार सिर्फ लूट और भ्रष्टाचार करने में लगी है। जनता परेशान है। इस मौके पर भाजपा नेता प्रेम गुप्ता, सुनील सिन्हा, संजीव सिन्हा, संजय यादव,कृष्णा यादव, रामकुमार गुप्ता, संतोष पासवान, गंगेश्वर यादव, ज्योति सिन्हा, सूरज शाह, अमित कुमार, राजित गुप्ता, बीरेंद्र गुप्ता, त्रिवेणी साव, विजय यादव, ज्ञानी पांडे समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लातेहार में लगी राष्ट्रीय लोक अदालत, 1826 वादों का हुआ निष्पादन, 3,47,63,931 रु राजस्व की हुई वसूली

- आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है: भोर सिंह यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

लोक अदालत का उद्घाटन करते पदाधिकारी।

राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व की हुई वसूली

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 07 बेंच बनाए गए थे। जिसमें इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली विभाग से संबंधित 09 मामले, पारिवारिक मामलों से संबंधित 11 मामले, स्थायी लोक अदालत के 512 मामले, परिवहन विभाग के 200 मामले समेत कुल- 1826 वादों का निष्पादन किया गया तथा कुल 3,47,63,931/–रु मात्र राजस्व की वसूली की गई। कार्यक्रम का संचालन स्वाती विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने किया। मौके पर लातेहार व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारीगण संजीव कुमार दास एडीजे प्रथम, अमित कुमार एडीजे द्वितीय, शशि भूषण शर्मा, मिथिलेश कुमार, राहुल कुमार, चेयरमैन स्थायी लोक अदालत चन्द्रीका राम, पीएलए सदस्य डॉ. मुरारी झा, मो. शकील अख्तर, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी तथा व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं अन्य पक्षकार उपस्थित रहे।

लातेहार। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय लातेहार के प्रांगण में झालसा एवं नालसा के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार, उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय लातेहार राजीव आनन्द, एवं अधिवक्ता संघ लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर अखिल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने कहा कि विवाद समाज में संघर्ष उत्पन्न करता है। परंतु लोक अदालत एक ऐसा माध्यम है, जहां न कोई हारता है और न कोई जीतता है, यहाँ विवादों का निपटारा आपसी सहमति से होता है। वहीं उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने कहा की आम जनमानस के कठिनाई को देखते हुए नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि न्यायालय तथा पुलिस प्रशासन आमजनों का सदैव न्याय दिलवाने हेतु तत्पर है। इसके अलावा प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय लातेहार राजीव आनन्द एवं अधिवक्ता संघ लातेहार के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया।

स्पीड न्यूज

पूर्व मंत्री समरेश सिंह की हालत नाजुक

बोकारो। बोकारो के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री समरेश सिंह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। चिकित्सकीय परामर्श एवं सेवा सुश्रुवा अनवरत जारी है ।आज गंभीर रूप से अस्वस्थ महसूस करने पर उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती किया है।

तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक

धनबाद। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अर्न्तगत स्कूलों में कार्यक्रम के संचालन के लिए आज जिला नोडल पदाधिकारी, धनबाद की अध्यक्षता में जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग द्वारा जिले के सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों एवं सभी सरकारी उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई भारत सरकार की गाइडलाइन के क्रियान्वयन एवं सेल्फ इवेल्यूएशन स्कोर कार्ड भरने तथा तम्बाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मंजू दास, जिला परामर्शी राहुल कुमार, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा व अन्य लोग मौजूद थे।

इन्वेंटरी क्लर्क में सफल प्रतिभागियों को प्रदान किया सर्टिफिकेट

धनबाद। भूंईफोड़ गोसाईडीह लालबंगला स्थित तेजस्विनी कौशल प्रशिक्षण केंद्र में झारखंड सरकार द्वारा संचालित तेजस्विनी परियोजना अंतर्गत वोकेशनल कौशल प्रशिक्षण सेवा प्रदाता द्वारा इन्वेंटरी क्लर्क में सफल 46 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला समन्वयक ओम प्रकाश पाठक, ब्रिज एजूकेशन एंड लाइफ स्किल्स मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार, सेंटर मैनेजर मंटू कुमार आदि मौजूद थे।

गोमो के युवक की गुजरात में मौत

धनबाद। हरिहरपुर गांव के युवक का शव गुजरात के वलसाड स्टेशन के समीप रेलवे पटरी पर मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक विगत 5 नवंबर को मजदूरी करने मुंबई गया था,जहां एक कंपनी में एक दिन काम करने के बाद वह काम छोड़ दिया। वलसाड रेल पुलिस के अनुसार उसका शव गुरुवार की देर रात रेलवे पटरी पर पाया गया,आशंका व्यक्त किया जा रहा की उसकी मौत किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से हो गई। युवक की पहचान उसके पॉकेट से मिले मोबाइल के आधार पर गोमो के हरिहरपुर गांव निवासी शंकर दास के 40 वर्षीय पुत्र दिनेश दास के रूप में की गई है। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है,युवक के मौत की सूचना मिलते ही परिवार के सदस्यो पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार के सदस्य गुजरात के लिए रवाना हो चुके हैं।

32 वर्षीय युवक का शव बरामद

कतरास। शनिवार को अहले सुबह कतरास थाना क्षेत्र के हीरक रोड स्थित अभिजीत होटल के बगल की झाड़ियों में लगभग 25 वर्षीय युवक का शव पाया गया ।शव की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना कतरास थाना को दी।

बीसीसीएल सीएमडी ने किया कांटा का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद।/कतरास। शनिवार को बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता का कतरास पंहुचे। बताते चलें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 न्यू अकाश किनारी कोलयरी में कांटा का उद्घाटन सीएमडी ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। सीएमडी के न्यू अकाश किनारी कांटा पहुंचने पर गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक गणेश चंद्र शाहा अपर महाप्रबंधक अरिंदम मुस्ताफी पीओ यूके सिंह मैनेजर अमित कुमार तथा उनकी टीम ने सीएमडी को एवं उनकी टीम को बुके देकर

स्वागत किया ।कांटा उद्घाटन के बाद सीएमडी ने बताया कि यह आकाशकिनारी कोलयरी से कोयला वजन कर साइडिंग में भेजना है जहां फिर से कोयला वजन किया जाएगा और मिलान करना है कि बीच में कहीं कोई वाहन से कोयला उतार तो नहीं रहा है। वही खबर मन्त्र के संवाददाता के सवाल के जवाब में सीएमडी ने बताया कि कोयला को वजन को लेकर हमेशा शिकायत रहती थी विजिलेंस का भी दबाव था, इसलिए हम लोगों ने बाईस काटा का आर्डर दिया है। जिसका पहला कांटा आज आकाश किनारी कोलयरी में लगा है। यह बहुत ही खुशी की बात है और इसके लिए हम गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं उनकी टीम का बहुत-बहुत बधाई देते हैं। वही रैक में कोयला लोडिंग का समय को लेकर जब सवाल किया गया तो सीएमडी ने बताया कि इस मामले को लेकर रेलवे से बात चल रही है। जहां पिछले वर्ष हम लोगों ने 50 करोड़ का डैमेरज दिया था। वहीं इस बार घटकर मात्र 13 करोड़ का डेमरेज रह गया है। बहुत ही सुधार हुआ है और आगे भी सुधार का प्रयास जारी है।

समस्याओं का होगा समाधान

आउटसोर्सिंग कंपनियों को जमीन उपलब्ध करवाने एवं विस्थापन के मामले के सवाल पर सीएमडी ने बताया कि धनबाद जिला में पॉपुलेशन के बीच कोयला उत्खनन होता है समस्या तो है लेकिन इस समस्या पर हम लोग बैठ कर बात कर रहे हैं बहुत जल्द ही हल हो जाएगा। जिसके बाद सीएमडी अपनी टीम के साथ साउथ गोविंदपुर ऐसे ही साइडिंग पहुंचे जहां उन्होंने दूसरे कांटा का उद्घाटन किया।

बिजली काटने पर ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

लोयाबद। शनिवार को बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के सेन्द्रा ऑटो वर्कशॉप के पास बिजली काटने गए अधिकारियों का ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए विरोध जताया ।विरोध के बाद तत्काल बिजली काटने का प्लान रोक दिया गया। ग्रामीणों ने ऑटो वर्कशॉप के बाउंडरी वाल गिराने से भी मना किया है ।यहां इस समय 20 ऐसे परिवार हैं जो एक साथ पुनर्वास की मांग कर रहे हैं ।एक जगह बसाने से लेकर आउटसोर्सिंग कम्पनी में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग कर रहे है। संतोस सिह,अजय कुमार,टोलू कुमार,मुख्तार आलम,भुनेश्वरी देवी,सरस्वती

देवी,(प्रमीणा देवी,आरती कुमारी,दीपक केशरी सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि बीसीसीएल अधिकारी जबरन खाली करने का दबाव बना रही है। किसी भी समय आकर धमका रहे है ।बताया जाता है कि सेन्द्रा ऑटो वर्कशॉप के पास करीब 60 परिवार रहते थे,40 परिवार जो बीसीसीएल कर्मी थे,उसे दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है ।करीब 20 गैर कर्मी बेबसी में दिन काट रहे हैं,अब इन परिवारों की बिजली सुविधा काटी जा रही है ।ज्ञात हो कि ऑटो वर्कशॉप को ध्वस्त कर यहां ओबीआर गिराया जा रहा है ।अधिकारी की माने तो ओबीआर डम्पिंग की जगह नही है।

सौ से अधिक पेड़ हो जायेगा नष्ट

बस्ती हटाकर जिस स्थान पर ओबीआर गिराने की योजना बनाई गई है,उसके आसपास में करीब सौ से अधिक पेड़ है,जो बड़े व पुराने दरख्तों में से है ।ओबी गिराने से पहले कुछ घरो और क्वाटरों को ध्वस्त तो कर दिया गया है ।लेकिन इस पेड़ को हटाने के लिए वन विभाग का परमिशन की जरूरत पड़ेगी, इससे हरयाली भी भारी मात्रा में नष्ट होगा ।राज्य सरकार के स्कूल भवन को अबतक ध्वस्त नही किया गया है ।ग्रामीण का कहना है कि स्कूल ध्वस्त का एनओसी नही मिला है,जबकि बीसीसीएल अधिकारी की माने तो स्कूल भवन ध्वस्त करने का एनओसी मिल चुका है।

कमरे में झुलसा मिला अधेड़ का शव

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निचितपूर टाउनशीप मे बीसीसीएल कर्मी करीब 54 बर्षीय पुनित राय का शव कमरे मे झुलता हुआ पाया, पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया । मृतक के पत्नी देकिया देवी ने बताया कि मेरे पति शुक्रवार को शाम को हजामत बनाकर घर लौटा, रात मे खाना भी नहीं खाया । क्वार्टर के पहले कमरे मे मेरे पति सोया हुआ था जबकि दूसरे कमरे में मैं सोयी हुए थी अन्य दो बच्चे बगल के दूसरे क्वार्टर मे सोये हुए थे । सुबह उठा तो मैं अपने कमरे का दरवाजा खोला तो बाहर से बंद था, मैं काफी आवाज लगाया परन्तु कोई नहीं सुन पाया।

माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं: आत्मानंद प्रकाश

श्री गंगा गौशाला मेला हवन-पूजन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास । श्री गंगा गौशाला कतरास करकेन्द का 11 दिवसीय गोपाष्टमी मेला हवन-पूजन के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। पूरे विधि विधान के साथ 11 यजमानों ने पूजन किया । इसके बाद महाआरती हुईंं धर भागवत कथा के अंतिम दिन भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अयोध्या से आये महामंडलेश्वर आत्मानंद प्रकाश जी ने कहा मनुष्य का सबसे बड़ा धन चरित्र है। जिसका चरित्र बिगड़ जाता है। उसका सब कुछ बिगड़ जाता है। माता-पिता शास्त्र और गुरु की निंदा करने वालों का जीवन कभी सफल नहीं होता। माता पिता की सेवा से बढ़कर संसार में कोई सेवा नहीं है विवाहिता पत्नी को जो पीड़ा देता है और पराई स्त्री के साथ रहता है। उन्हें नरक में भी जगह नहीं मिलती। कथा के दौरान कलाकारों ने कृष्ण और सुदामा का शानदार अभिनय कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। कथा में गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, महासचिव महेश अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, कमलेश सिंह कृष्ण कन्हैया राय विष्णु चौरसिया चुन्ना यादव, संजय केसरी,पुरन पटवा,रजनीश राय, जीवन अग्रवाल, उपस्थित थे।

बीएसएल में मना विश्व गुणवत्ता दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात भवन परिसर में विश्व गुणवत्ता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने गुणवत्ता ध्वज फहराया और उपस्थित समूह को गुणवत्ता शपथ दिलाई ।कार्यक्रम में ईडी;वर्क्सद्धबी के तिवारीएईडी;पी एंड एद्धसंजय कुमारए ईडी;प्रोजेक्ट्सद्धचितरंजन महापात्राएईडी;झारखंड ग्रुप ऑफ माइंसद्धजे दास गुप्ताएसीएमओ;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएंद्धडॉ बी बी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के सीजीएमएएचओडीएअन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जीएम अनुपमा तिवारी ने विश्व गुण्वत्ता दिवस की जानकारी

दी ।अपने उद्बोधन में निदेशक प्रभारी ने गुणवत्ता के महत्व को रेखांकित करते हुए गुणवत्ता प्राप्त करने के लिए न केवल संयंत्र की कार्यप्रणालियों में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में विवेकपूर्ण निर्णय लेने का संदेश दिया ।जीएम इंचार्जअमरेश सिन्हा ने दिवस की थीम के बारे में बताया एवं जीएम बी बनर्जी ने निदेशक प्रभारी का संदेश पढ़ा। हाल ही में देश में प्रथम एबीएमएस प्रमाणित स्टील प्लांट बने बोकारो संयंत्र को प्राप्त आईएसओ 37001रू2016 के तहत एबीएमएस का सर्टिफिकेट निदेशक प्रभारी को सीजीएम;विजिलेंसद्धएवं एसीवीओ अरुण कुमार द्वारा द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक दिव्यानी चक्रवर्ती ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक सागरिका साहू ने किया।

सुभाष नगर में पानी के लिए मचा हाहाकार

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के सुभाष नगर कॉलोनियों में पीने का पानी से लेकर नहाने धोने का पानी पूरी तरह से करगली फिल्टर सिर्फ पाइपलाइन के माध्यम से जो मिलता है पूरी तरह से सुभाष नगर कॉलोनी वासियों को पानी पूर्ति नहीं हो पाती है । सुभाष नगर के वार्ड संख्या 4 बजरंग मोड़ के समीप वहां के क्वार्टरों में पीने का पानी सभी लोगों को पूरी तरह से नहीं मिल पाता है और ना ही नहाने धोने का पानी। जिसके कारण वहां की महिलाएं नाखुश दिख रही है । यह समस्या कई सालों से पानी की रहती है। वहां के महिलाएं पानी नहीं मिलने को लेकर प्रतिदिन परेशान रहती है । अधिकांश घरों में सप्लाई पानी का सप्लाई कनेक्शन भी नहीं है । वहां के सभी महिलाएं और पुरुषों को पीने के लिए इधर उधर से लाकर अपनी भागना पड़ता है और गर्मी के दिनों में बहुत ही ज्यादा पानी की किल्लत सुभाष नगर में सबसे ज्यादा बनी रहती है ।

कभी.कभी पानी टैंकर उस जगह पर आते हैं तो महिलाएं दो चार डब्बा या डेकची से भर पाती है । पानी टैंकर आते ही वहां की महिलाएं और बच्चे पानी भरने को लेकर डब्बे डेकची लेकर दौड़ पड़ती है और वहां पर अधिक भीड़ होने के कारण आपस में पानी भरने को लेकर तू तू मैं मै हो जाती है । यहां पानी की समस्या दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है।

छोटू कुमार रवानी भारतीय जनता पार्टी फुसरो नगर ओबीसी मोर्चा मंत्री ने कहा है की सुभाष नगर कॉलोनी में सीसीएल द्वारा नए पाइपलाइन बिछाया गया तथा पानी का कनेक्शन जगह.जगह दिया गया है और नगर परिषद फुसरो के द्वारा भी नए पाइप लाइन पानी का बिछाया गया है । लेकिन अभी तक उस पाइप लाइन से पानी नहीं मिल रही है । कॉलोनी वासियों से छोटू कुमार रवानी ने आग्रह किया है कि सुभाष नगर कॉलोनी वासियों का पानी की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक से तथा नगर परिषद के अध्यक्ष से मांग किया है की नये पाइप लाइन से पीने का पानी तथा नहाने धोने का पानी जल्द से जल्द चालू करवाया जाए ।

बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

गोमो। बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला कॉलेज मदेयडीह तोपचाँची में चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता सह बाल दिवस समारोह -2022 का शुभ उद्घाटन मुख्य अथिति मथुरा प्रसाद महतो (विधायक टुंडी सह पूर्व मंत्री झारखण्ड सरकार), विशिष्ट अतिथि राजेश एक्का (प्रखंड अधिकारी तोपचाँची), विशिष्ट अतिथि जयराम प्रसाद (थाना प्राभरी तोपचाँची), कॉलेज के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार महतो, जगदीश चौधरी (विधायक प्रतिनिधि) के कर कमलों के द्वारा किया उद्घाटन किया गया। आज के खेल में क्रिकेट में आरती ग्रुप विजेता तथा चांदनी ग्रुप उपविजेता, कबड्डी तथा रस्साकशी खेल में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरिहरपुर फाइनल में स्थान बनाई हैं । मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार महतो, प्राचार्य डॉ नरेंद्र सिंह, प्राचार्य विवेक कुमार, प्राचार्य कार्तिक कुमार महतो, राज कुमार महतो (प्रीत साहूबहियार), खूब लाल महतो, ओमप्रकाश महतो, धीरजू प्रसाद महतो, बनेश्वर टुडू, सरिता गुप्ता, राजेश कुमार महतो, बलदेव प्रसाद महतो, बबिता कुमारी, मंजु कुमारी, फरहत अंजुम, रूपा कुमारी, रेणुका कुमारी, अनिल रजवार मौजूद थे।

हाथियों के आतंक से प्रभावित क्षेत्रों का एसडीओ ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। इन दिनों बेरमो अनुमंडल में बस एक ही चर्चा है कि आज फलाने पंचायत या गांव के पास के जंगल में हाथियों के झुंड को देखा गया। हाथियों ने भी एक तरह से क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया है। लोग मुख्य मार्ग पर भी चलने मे सतर्क नजर आते हैं। इसका मुख्य कारण है कि बीते दिनों कथारा रेलवे कॉलोनी के एक व्यक्ति को हाथियों ने पटक कर उस समय घायल कर दिया जब वे स्नान करने दामोदर नदी

जा रहे थे। हालांकि इस दुर्घटना में उसकी जान तो बच गई मगर वह बुरी तरह घायल हो गया। फिलवक्त उसका इलाज बोकारो में चल रहा है। वही हाथियों के झुंड को वहां से निकलने का रास्ता नही मिलने के कारण वह तेनुघाट के आसपास के गांवो के जंगलों में घुम रहा है। इस अशांति फैलाने वाली घटनाओं के बीच शनिवार को बेरमो एसडीओ अंनत कुमार तथा बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा तथा झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझीए वन विभाग के आर एफ ओ अरुण कुमार एंव अन्य अधिकारियों व गणमान्य लोगों को साथ लेकर हाथियों के आतंक से प्रभावित गांवो का दौरा किया जिसमे तेनुघाट के अलावे खेतकोए असनापानीए रेलवे कॉलोनी आदि जगहो के भ्रमण के साथ साथ हाथियों के हमले में घायल व्यक्ति के घर पहुच उनके परिजनों से मिले और घायल का कुशलक्षेप पुछा तथा सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

ग्रामीण ऐसा कोई हरकत नहीं करें जिससे हाथियों का झुंड भड़के

एसडीपीओ और एसडीओ ने कहा कि आप लोग कोई हरकत ना करे जिससे हाथियों मे आक्रोश बढ़े। कहा कि वन विभाग के लोग लगातार हाथियों के झुंड को यहां से बाहर निकालने में लगे हुए हैं। मगर आप लोगो के कारण हाथियों के बाहर निकालने वाले रास्ते पर नही भेजा जा सक रहा है। कहा कि हाथियों के झुंड को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो जाती है और भीड़ द्वारा हाथियों पर पत्थर फेंकनेए पटाखा जलानेए ढोल पिटनेए टीन बजाने जैसी हरकत किया जाता है जिस कारण हाथियों का झुंड बिदक जाता है और इधर से उधर भागता फिर रहा है। कहा उपरोक्त हरकते आप लोग बंद करे नही तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अगर आपके आसपास हाथियों का झुंड दिखाई देता है तो आप सिधे वन विभाग से मदद ले और उसे सूचित करे स्वंय से कोई भी ऐसा काम ना करे जिससे वन विभाग को हाथियों को बाहर निकलने में दिक्कत हो। इस मौके पर पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार जिप सदस्य अशोक कुमार मुर्मू आदि मौजूद थे।

भाजपा ने किया अंचल कार्यालय का घेराव

झरिया। झरिया अंचल कार्यालय के समीप हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ नारा के साथ प्रदेश भाजपा के आह्वान पर शनिवार को झरिया प्रखंड कार्यकताओं द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह के नेतृत्व में झरिया अंचल कार्यालय का घेराव किया गया। इससे पूर्व कतरास मोड़ स्थित सिंह मेंशन कार्यालय पर भाजपाइयों का जुटान हुआ और लोग पैदल मार्च करते हुए अंचल कार्यालय पहुंचे। इस दौरान मुख्य रूप से धनबाद सांसाद पशुपतिनाथ सिंह, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह , पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल समेत जिला के कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री रागनी सिंह ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए भाजपा के एक एक कार्यकर्ता सजग प्रहरी की भूमिका निभा रहे हैं। राज्य की सेवा करोड़ की जनता को भी जागरुक होने की आवश्यकता है। महागठबंधन की सरकार बनने के बाद से राज्य रसातल की ओर जा रहा है। चुनाव के समय महागंठबंधन के लोगों ने गला फाड़ कर जल, जंगल, जमीन की रक्षा का नारा क देते हुए हेमंत सोरेन को सत्ता में बैठाया।

पेज एक का शेष

1932 और सरना...

सरकार स्वरोजगार के लिए लोन उपलब्ध करा रही है। जिसके जरिए जरूरतमंद स्वरोजगार अपना कर अपने स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करें। सरायकेला प्रखंड के साहेबगंज गांव में बनेगा 100 बेड का अस्पताल मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को सरायकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सरायकेला में नये अनुमण्डलीय कार्यालय भवन, मॉडल डिग्री कॉलेज खरसावां, मॉडल डिग्री कॉलेज की सौगात दी। सरायकेला प्रखंड के साहेबगंज गांव में 100 बेड के अस्पताल निर्माण की घोषणा की। मौके पर मुख्यमंत्री ने 187 योजनाओं का शिलान्यास, 124 योजनाओं का उद्घाटन किया और 63,856 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति बांटे। इस दौरान कुल 1066.81 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्तियां बांटी। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरायकेला -खरसावां में अबतक 126 शिविर के जरिए 1,15,644 आवेदन प्राप्त किया। इसमें 70,921 आवेदनों का निष्पादन एवं 43,453 आवेदनों को प्रक्रियाधीन बताया जा रहा है।

ममता बनर्जी अपने ...

हम राष्ट्रपति के पद का सम्मान करते हैं लेकिन आपकी राष्ट्रपति दिखती कैसी हैं। श्री गिरि ने बाद में हालांकि अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा कि वह राष्ट्रपति पद का सम्मान करते हैं लेकिन श्री अधिकारी उन्हें लंबे समय से निशाना बना रहे थे। वह श्री अधिकारी पर बहुत गुस्सा थे और इसी कारण उनकी जबान फिसल गयी थी।

झारखंड को सौगात...

इस इलाके में नक्सलियों की चहलकदमी हमेशा रही है। ऐसे में राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर एंटी ड्रोन सिस्टम को एक्टिव किया गया है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर झारखंड पुलिस ने अपनी स्पेशल फोर्सेज जैसे एटीएस झारखंड जगुआर को भी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है।

रांची से खूंटी तक सुरक्षा के इंतजाम कड़े : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे के दौरान रांची से लेकर खूंटी तक कड़े सुरक्षा इंतजामों को झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा अमलीजामा पहनाया जा रहा है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से 4000 से ज्यादा अतिरिक्त फोर्स रांची और खूंटी जिले में पदस्थापित किया गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

सुरक्षा की कमान संभालेंगे डीआईजी अनीश गुप्ता : रांची रेंज के डीआईजी अनीश गुप्ता के नेतृत्व में 15 आईपीएस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। इनमें प्रियदर्शी आलोक, धनंजय सिंह, संजय रंजन सिंह, शैलेंद्र वर्णवाल, अजीत पीटर डुंगडुंग, तमिल वानन, निधि द्विवेदी, विनीत कुमार, अश्विनी सिन्हा समेत कई अन्य आईपीएस शामिल हैं। मुख्यालय के अनुसार राष्ट्रपति की सुरक्षा में दो डीआईजी सहित 15 आईपीएस, 24 डीएसपी, 60 इंस्पेक्टर और 250 सब इंस्पेक्टर को तैनात किया गया है। इनके रूट लाइन पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, ट्रैफिक सहित सभी पहलुओं की तैयारी पूरी कर ली गई है। राष्ट्रपति के गुजरने वाली रूट पर हर ऊंची इमारत से भी पुलिस के जवान निगरानी करेंगे, जबकि राष्ट्रपति सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने भी अपना योगदान दे दिया है।

प्रतिबंध के बावजूद ...

औरंगाबाद में छपती हैं नकली टिकटें : जानकर बताते हैं कि बिहार के औरंगाबाद में नकली लॉटरी की छपाई की जाती है। उसके बाद इसे हजारीबाग जिले में सप्लाई की जाती है। गली-मोहल्ले में लॉटरी की बिक्री करने वाले को 5 से 8 फीसदी का कमीशन दिया जाता है। हर तबके को ध्यान में रखकर लॉटरी की टिकट का दर तय किया गया है। गरीब गुरबों व युवाओं के लिए 50, 100 व 200 की टिकट है। जबकि अन्य लोगों के लिए 300 से 500 की टिकटें भी उपलब्ध है।

छह करोड़ का बंपर इनाम रखा था : इस बार दीपावली में 2000 की एक टिकट भी बाजार में उपलब्ध थी जिसके इनाम की राशि 6 करोड़ की बताई जाती है। टिकट बेचने वाले की एक दिन में लाखों रुपए की आमदनी होती है। एक दिन की होलसेलर की आमदनी 20 से 25 लाख रुपए बताई जाती है। हजारीबाग जिले में हर दिन अवैध लाटरी के खेल में 3 से 5 करोड़ रुपये की वारे न्यारे किये जाते हैं।

कैसे होता है खेल : पश्चिम बंगाल में संचालित खेल के आधार पर यह खेल कराया जाता है। इस खेल का ऑनलाइन रिजल्ट आता है। उसी रिजल्ट को आधार बनाकर यहां पर पर भी इनाम का बंटवारा किया जाता है। पहला ड्रा दोपहर एक बजे, दूसरा ड्रा शाम के 6 बजे और तीसरा ड्रा रात के 8 बजे होता है। चुकीं यह ड्रा ऑनलाइन होता है तो टिकट लेने वाला अपने मोबाइल पर ही रिजल्ट देख लेता है।

जाली टिकटों पर लिखा होता है कोड : सूत्र बताते है कि शहर के अलग-अलग काउंटरों को तीन बड़े धंधेबाज जाली टिकट उपलब्ध कराते हैं। बबलू गुप्ता, रिंकू खान व दीपू केशरी इस खेल के बड़े खिलाडी हैं। इन सबके इलाके बंटे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि हर टिकट पर एक कोड लिखा होता है। हर कोड का टिकट अलग-अलग संचालक का होता है। सूत्रों के अनुसार डिअर लॉटरी सीसी कोड का संचालक कोई बबलू खान है। एसआर कोडः पिंकू खान, एसएस कोडः शशि कुमार, आरजे कोडः राजेश कुमार, एसएम कोडः सोनू मेहता, बीबी कोडः बड़का बाबू, डीडी कोड : देवा, यूपी कोडः उपेंद्र प्रसाद, एसपी कोड : सोनू खान, एबी कोडः अभय यादव द्वारा संचालित करने की बात सामने आ रही है।

शाह-धौनी मिल...

तस्वीरों में दोनों को एक साथ देखने के बाद लोग पूछने लगे कि क्या धोनी बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर शनिवार को वायरल हुई तस्वीर में धोनी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हाथ मिलाते हुए दिख रहे हैं। यह तस्वीर इंडिया सीमेंट्स के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक इवेंट की है। इसमें तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि भी शामिल हुए। मालूम हो कि इंडिया सीमेंट के मालिक एन श्रीनिवास हैं, जिनकी आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स टीम भी है। कार्यक्रम के लिए चेन्नई पहुंचे अमित शाह का एयरपोर्ट पर बीजेपी के कई नेताओं ने स्वागत किया। धोनी और अमित शाह की एक साथ तस्वीर देखकर लोग तरह-तरह के कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि क्या महेंद्र सिंह भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। हालांकि, यह सवाल मजाकिया लहजे में ही पूछा गया। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि धोनी और शाह की हुई मुलाकात। इस पर एक अन्य यूजर ने कोट करते हुए कहा कि धोनी जी ने किया है तो कुछ सोच-समझकर ही किया होगा। वहीं, एक यूजर ने दोनों को देश का ग्रेट फिनिशर बताया।

स्पीड न्यूज

वेंकी रामकृष्णन को मिला 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' अवॉर्ड



लंदन। नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर वेंकी रामकृष्णन को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान किंग चार्ल्स तृतीय ने विज्ञान के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया है। रामकृष्णन भारतीय मूल के हैं। आणविक जीवविज्ञानी रामकृष्णन उन छह शख्सियतों में शामिल हैं, जिनका उल्लेख महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने सितंबर में अपने निधन से पहले एक ऐतिहासिक आदेश में किया था। यह विशेष सम्मान ब्रिटेन की महारानी या महाराजा के द्वारा दिया जाता है।

दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर से धरती हिली है। शनिवार देर शाम 7.57 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। एक हफ्ते में दूसरी बार राजधानी में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। वहीं, उत्तराखंड के पौड़ी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ में भी भूकंप के झटके महसूस हुए। फिर से भूकंप का केंद्र नेपाल रहा है।

नवाज दिसंबर में लौट सकते हैं पाकिस्तान

इस्लामाबाद/लंदन। पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ दिसंबर तक पाकिस्तान लौट सकते हैं। शरीफ आत्म-निर्वासन खत्म कर अगले आम चुनाव में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए लंदन से पाकिस्तान लौटेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री को पीएमएल-एन नीत सरकार ने राजनयिक पासपोर्ट भी दे दिया है।

भाजपा ने जारी की 232 प्रत्याशियों की सूची

नयी दिल्ली। भाजपा ने दिल्ली में एमसीडी चुनावों को लेकर शनिवार रात 232 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। भाजपा दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की ओर से सभी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। प्रत्याशियों के नामों की घोषणा से पहले शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा दिल्ली प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई।

तेलंगाना में बिना नाम लिए टीआरएस पर खूब बरसे पीएम मोदी

विकास हमारे लिए 24 घंटे, सातों दिन, 12 महीने चलने वाला मिशन

- पीएम ने तेलंगाना के रामागुंडम में यूरिया प्लांट राष्ट्र को किया समर्पित

एजेंसी

हैदराबाद। दक्षिण भारत के दौरे पर निकले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तेलंगाना को 10 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी और इसे तेलंगाना में खेती और उद्योग के विकास को नई ऊंचाइयां देने वाला बताया। पीएम मोदी ने यहां तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले के रामागुंडम में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड का यूरिया प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही भद्राचलम रोड और सत्तुपल्ली के बीच नई रेलवे लाइन भी राष्ट्र को समर्पित किया। यह रेल लाइन लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण तेलंगाना के लिए हुआ है। ये परियोजनाएं यहां खेती और उद्योग दोनों को बल देने वाली हैं।' पीएम मोदी ने कहा कि कई विशेषज्ञ कह रहे हैं कि 1990 के बाद 30 साल में जितना विकास हुआ, उतना विकास अब सिर्फ कुछ वर्षों में होने वाला है। इतना अभूतपूर्व विश्वास आज दुनिया को भारत पर है, इसका कारण है पिछले 8 वर्ष में भारत में हुआ बदलाव। आज विकसित होने की आकांक्षा लिए, आत्मविश्वास से भरा हुआ नया भारत दुनिया के सामने है। पीएम मोदी ने कहा, 'फर्टिलाइजर प्लांट हो, नई रेलवे लाइन हो या हाईवे, इनसे औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मैं इन विकासात्मक परियोजनाओं के लिए तेलंगाना के लोगों को बधाई देता हूं।' प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि दुनिया भले ही महामारी के बाद आर्थिक मंदी से जूझ रही है, लेकिन सभी विशेषज्ञों का कहना है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। विकास हमारे लिए 24 घंटे, सातों दिन, 12 महीने, पूरे देश में चलने वाला मिशन है। हम एक प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते हैं तो अनेक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर देते हैं। इससे पहले केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री भगवंत खुबा ने यूरिया प्लांट की जानकारी देते बताया था कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद हैदराबाद से 225 किलोमीटर दूर रामागुंडम में विभिन्न कारणों से बंद हुए पांच यूरिया उत्पादन संयंत्र खोले गए हैं। खुबा ने कहा कि आरएफसीएल प्लांट की यूरिया की कुल सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन है।

पीएम ने ब्लू इकोनॉमी का किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचा विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण सबसे महत्वपूर्ण है। अतीत में अपनायी गई एकल/एकाकी दृष्टिकोण से देश को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति-श्रृंखला और लॉजिस्टिक बहु-स्तरीय संपर्क माध्यमों पर निर्भर है और मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली सभी शहरों का भविष्य होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि ब्लू इकोनॉमी पहली बार सर्वोच्च प्राथमिकता बन गयी है। उन्होंने कहा कि बंदरगाह आधारित विकास अब महत्वपूर्ण हो गया है।

हिमाचल प्रदेश में 65.92 फीसदी वोटिंग, टशीगंग ने रचा इतिहास

एजेंसी

मंडी। हिमाचल प्रदेश में सभी 68 सीटों पर मतदान खत्म हो गया है सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक पोलिंग बूथों पर वोटर्स की भीड़ देखने को मिली।

देर शाम चुनाव आयोग ने बताया कि शाम 5 बजे तक 65.92 प्रतिशत मतदान हो चुका था। सभी ईवीएम के स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचने के बाद फाइनल आंकड़ा जारी किया जाएगा। जो लोग मतदान केंद्रों के अंदर लाइन में हैं, वे वोट डाल सकेंगे। तब अंतिम आंकड़ा सामने आ सकेगा। राज्य में 2017 में 74.6 फीसदी वोटिंग हुई थी। हिमाचल प्रदेश में चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। भाजपा दावा कर रही है कि यूपी की तरह से ही हिमाचल में रिवाज बदलने वाला है। यहां दोबारा से भाजपा को जीत मिलने जा रही है। उधर, कांग्रेस ने भी अपनी ओर से जीत का दावा किया है। बहरहाल राज्य के मतदाताओं ने अपना फैसला इवीएम में दर्ज करा दिया है।

टशीगंग में 100 फीसदी वोटिंग

दुनिया के सबसे ऊंचाई वाले वोटिंग बूथ पर शनिवार को 100 फीसदी वोटिंग हुई है। यहां कुल 52 मतदाता हैं। यह बूथ समुद्रतल से करीब 15,256 फुट की ऊंचाई पर है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के काजा के ताशीगंग स्थित यह बूथ चसाक भटोरी निकटतम रोड हेड से सबसे दूर मतदान केंद्र है। मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए मतदाता कम से कम 14 किलोमीटर पैदल चलकर पहुंचे।

फिलहाल हालात स्थिर, पीएलए 17वें दौर की बातचीत पर कही यह बात : सेना प्रमुख

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में स्थिति स्थिर है, लेकिन अप्रत्याशित है। जनरल पांडे ने कहा कि जहां तक पीएलए (चीन की सेना) के बलों के स्तर का सवाल है, हम 17वें दौर की वार्ता के लिए सही तारीख देख रहे हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है। सेना प्रमुख ने आगे कहा, हम सभी जानते हैं कि चीनी क्या कहते हैं और वे जो करते हैं, वह बिल्कुल अलग हैं। यह भी उनके स्वभाव और चरित्र का हिस्सा है। हमें उनके ग्रंथों या लिपियों या उनकी अभिव्यक्ति पर ध्यान देने के बजाय उनके कार्यों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

राजीव के हत्यारों की रिहाई पर मोदी सरकार की चुप्पी निंदनीय : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में शामिल लोगों की रिहाई पर मोदी सरकार की चुप्पी को निंदनीय करार देते हुए इसे आतंकवाद से समझौता बताया है। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या में शामिल 6 आरोपियों को रिहा करने के फैसले को गलत बताया और कहा कि जो लोग इसे सही ठहरा रहे हैं वे आतंकवादियों का हौसला बढ़ा रहे हैं।वेणुगोपाल ने ट्वीट कर कहा,ह्लआतंकियों के लिए कोई हमदर्दी नहीं होनी चाहिए।

सीजेआइ बोले, कानून दमन का साधन न बने

एजेंसी

यह तय करना सभी नीति निर्धारकों की जिम्मेदारी

नयी दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून दमन का साधन नहीं बल्कि न्याय का साधन बना रहे, यह तय करना केवल न्यायधीशों का नहीं, बल्कि सभी नीति निर्धारकों की जिम्मेदारी है। उन्होंन शनिवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुये टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागरिकों से उम्मीदें रखना बहुत अच्छी बात है लेकिन हमें संस्थानों के रूप में अदालतों की सीमाओं और उनकी क्षमता को समझने की भी जरूरत है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआइ चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी कानून और न्याय आवश्यक रूप से एक ही रेखीय प्रक्षेपवक्र का पालन नहीं करते हैं। कानून न्याय का एक साधन हो सकता है, लेकिन कानून उत्पीड़न का एक साधन भी हो सकता है। हम जानते हैं कि कैसे औपनिवेशिक काल में वही कानून प्रताड़ना के साधन बने थे। तब के समय की कानून की किताबें आज उत्पीड़न के साधन के रूप में इस्तेमाल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि हम एक नागरिक के रूप में यह कैसे तय करते है कि कानून न्याय का साधन बन जाए और कानून उत्पीड़न का साधन न बने। ऐसे में कानून को न्याय का साधन बने रहने देने के लिए न्यायाधीशों के साथ ही सभी निर्णय निमार्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सीजेआइ ने कहा कि जो चीज लंबे समय तक न्यायिक संस्थानों को बनाए रखती है, वह करुणा की भावना, सहानुभूति की भावना और नागरिकों के प्रति जवाबदेही की क्षमता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सलाह देते हुए कहा कि जब आप अपने सिस्टम में अनसुनी आवाजें सुनने की क्षमता रखते हैं और फिर देखते हैं कि कानून और न्याय के बीच संतुलन कहां है। ऐसा करके आप वास्तव में एक न्यायाधीश के रूप में अपना मिशन पूरा कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने न्यायधीशों के सामने आने वाली मुसीबतों का भी जिक्र किया। वर्तमान में सोशल मीडिया ने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को पेश किया है, क्योंकि एक न्यायाधीश द्वारा अदालत में कहे गए हर छोटे शब्द की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग होती है। इस तरह एक न्यायाधीश के रूप में आपका लगातार मूल्यांकन किया जाता है।

जयशंकर ने नामपेन्ह में की यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात

एजेंसी

नामपेन्ह। कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह में शनिवार को आयोजित आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन जंग व परमाणु खतरे समेत तमाम मसलों पर बात की। जयशंकर ने ट्वीट कर बताया कि हमारी चर्चा में यूक्रेन संघर्ष, वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच अनाज पहल और परमाणु चिंता से जुड़े तमाम मसले शामिल थे।

अमित शाह ने तमिलनाडु भाजपा नेताओं से की मुलाकात

चेन्नई। अमित शाह ने शनिवार को राज्य स्तरीय पार्टी नेताओं तथा कोर कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की। इंडिया सीमेंट्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में भाग लेने वाले शहर को श्री शाह ने इस दौरे का इस्तेमाल 2024 के चुनावों से पहले पार्टी को प्रेरित करने के लिए राज्य नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के लिए किया। यह बैठक भाजपा मुख्यालय की तमिलनाडु इकाई 'कमलालयम' में हुई, जहां भाजपा कार्यकताओं ने श्री शाह का जोरदार स्वागत किया। उन्हें पारंपरिक पोरा कुंभ भी दिया गया और उनकी पहली यात्रा के दौरान मंदिर के एक पुजारी ने उन्हें माला पहनाई।

अक्तूबर में महंगाई दर सात फीसदी से नीचे रह सकती है, आरबीआई गवर्नर दास का अनुमान

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि अक्तूबर महीने में महंगाई की दर सात फीसदी से नीचे रह सकती है। उन्होंने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार दोनों महंगाई की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत के समग्र मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल लचीले बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जहां तक जहां तक दो से छह प्रतिशत के बीच मुद्रास्फीति को रखने के लक्ष्य का सवाल है इसे बदलने की आवश्यकता नहीं है। भले ही इसे बदलने की चर्चा चल रही हो, पर ऐसा करने की जरूरत नहीं है।

हॉलीवुड की हसीनाओं पर भारी है भूमि की हॉटनेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी दमदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। लेकिन बीते कुछ सालों में एक्ट्रेस के फैशन सेंस ने भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच है। भूमि अपनी फिल्मों में ज्यादातर सीधे-साधे अवतार में ही नजर आती हैं। लेकिन असल जिंदगी में एक्ट्रेस बेबाक होने के साथ-साथ बोल्ड भी हैं। भूमि पेडनेकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी तस्वीरों के जरिए एक्ट्रेस फैंस के साथ जुड़ी भी रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना नया फोटोशूट शेयर किया है। जिसमें भूमि की बोल्डनेस ने सभी के पसीने छुड़ा दिए हैं। ब्लैक कलर के बेहद बोल्ड आउटफिट में भूमि पेडनेकर काफी हसीन लग रही हैं। उनका अंदाज हॉलीवुड की एक्ट्रेसेस को टक्कर दे रहा है।

दूसरा टी20 विश्व कप जीतने के लिये इंग्लैंड, पाक के सामने आखिरी पड़ाव

मेलबर्न। पहला मैच कोहली ने छीन लिया, दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को पार नहीं कर सके। पाकिस्तान के लिये टी20 विश्व कप 2022 की शुरूआत एक बुरे सपने की तरह हुई थी, लेकिन इस सपने के बाद उनकी आंखें खुल गईं और बाबर आजम की टीम ने फाइनल के रास्ते में आई हर रुकावट को सफलतापूर्वक पार कर लिया। अब पाकिस्तान और टी20 विश्व कप ट्रॉफी के बीच सिर्फ इंग्लैंड है, जो खुद भी अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीतने की तत्परता के साथ रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान का सामना करेगी। पूरे टूर्नामेंट में जहां पाकिस्तान की गेंदबाजी उनका मजबूत पक्ष रही है, यह कहना गलत नहीं होगा कि फखर जमान की जगह टीम में आए मोहम्मद हारिस ने उनकी बल्लेबाजी को गति प्रदान की है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टी20 विश्व कप पदार्पण करते हुए 21 वर्षीय हारिस ने सिर्फ 11 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम के अन्य साथियों को दिखा दिया कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में किस तरह बल्लेबाजी की जाती है। बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की सलामी जोड़ी जहां पाकिस्तान को एक मजबूत शुरूआत देने की क्षमता रखती है, वहीं हारिस, इफ्तिखार अहमद और शादाब खान की विस्फोटक बल्लेबाजी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले जाने के लिये जिम्मेदार होगी।

चेन्नई सुपरकिंग्स ने जडेजा को किया रिटेन

चेन्नई। आइपीएल 2023 के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने अपने खिलाड़ियों के रिटेन और रिलीज की लिस्ट जारी कर दी है। इसके अनुसार सीएसके के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को चेन्नई फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है यानि वे पीली जर्सी में जलवा दिखाएंगे। वहीं मुंबई इंडियंस ने कैरेबियाई ऑलराउंडर केरॉन पोलार्ड को रिलीज कर दिया है। इसके अलावा टीम ने कुछ और बड़े प्लेयर्स को रिलीज कर दिया है, जो कि आईपीएल ऑक्शन में शामिल होंगे। मुंबई इंडियंस ने कैरिबियाई ऑलराउंड केरॉन पोलार्ड को रिलीज कर दिया है। इसके अलावा फैबियन एलन, टाइमल मिल्स, मयंक मारकंडे और रितिक शौकीन को भी फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। जबकि रिटेन होने वाले खिलाडियों में रोहित शर्मा, ब्रेविस, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेनियल सैम्स, टिम डेविड, ज्योफ्रा आर्चर, बुमराह, ट्रिस्टन स्टब्स और तिलक वर्मा को टीम में बनाए रखा गया है।

शिवा थापा ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत

अम्मान (जॉर्डन)। भारतीय मुक्केबाज शिवा थापा ने एएसबीसी एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2022 में रविवार को रजत पदक हासिल किया। थापा का सामना पुरुषों के 63.5 किग्रा फाइनल में उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाएव से था, लेकिन बाउट के दौरान थापा को चोट लगने के कारण रेफरी ने मुकाबला रोक दिया।

आइसीसी चेयरमैन के पद पर बार्कले दोबारा नियुक्त

मेलबर्न/दुबई। न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले शनिवार को एक बार फिर निर्विरोध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन चुने गए। मेलबर्न में हुई आईसीसी बैठक में बार्कले के एकमात्र प्रतिद्वंदी, जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) के अध्यक्ष तवेंगवा मुखुलानी ने चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के पूर्व अध्यक्ष बार्कले अब दो और वर्षों के लिये आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 120	Hindi	₹ 100
English	₹ 120	English	₹ 120
Mathematics	₹ 120	Mathematics	₹ 120
Science	₹ 120	Science	₹ 120
Social Science	₹ 120	Social Science	₹ 120
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 80	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran – II	₹ 100	Hindi Vyakaran – II	₹ 100
English Grammar – II	₹ 100	English Grammar – II	₹ 100
Sanskrit Vyakaran – II	₹ 70	Sanskrit Vyakaran – II	₹ 70
Hindi Practical	₹ 50	Hindi Practical	₹ 50
English Practical	₹ 50	English Practical	₹ 50
Maths. Practical	₹ 60	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 60	Science Practical	₹ 55
S. Science Practical	₹ 60	S. Science Practical	₹ 60
Sanskrit Practical	₹ 50	Sanskrit Practical	₹ 50
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 60
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 60
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !